हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

अप्रत्याशित जीत



'मैं बहुत उत्साहित हूं और मुझे बहुत खुशी है। मुझे उम्मीद थी कि यह बहुत कठिन दिन होगा, किसी तरह के टाई-ब्रेक की तरह। लेकिन जब मैंने बाजी खत्म की, मुझे तब पता चला जब मध्यस्थ ने मुझे बताया और यह मेरे लिए एक तनावपूर्ण क्षण था। यह काफी अप्रत्याशित है क्योंकि पूरे साल मैं संघर्ष करती रही हूं और कई टूर्नामेंट में प्रदर्शन काफी खराब था जहां मैं अंतिम स्थान पर रही। इसलिए यह मेरे लिए आश्चर्य की तरह है।'
कोनेरू हंपी

# कोनेरू हंपी बनीं 'वर्ल्ड रेपिड चेस' चैंपियन

## ऐतिहासिक दूसरी बार जीता खिताब

**एजेंसी/न्यूयॉर्क।** भारत की कोनेरू हंपी ने रविवार को यहां इंडोनेशिया की इरीन सुकंदर को हराकर ऐतिहासिक दूसरी बार विश्व रेपिड शतरंज चैंपियनशिप खिताब जीता। हंपी ने 2019 में जॉर्जिया में यह प्रतियोगिता जीती थी और भारत की नंबर एक महिला खिलाड़ी चीन की जू वेनजुन के बाद एक से अधिक बार यह खिताब जीतने वाली दूसरी खिलाड़ी हैं। सैंतीस वर्षीय हंपी ने संभावित 11 में से 8.5 अंक के साथ टूर्नामेंट का अंत किया। हंपी ने विश्व रेपिड चैंपियनशिप में हमेशा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उन्होंने इस शेष पेज 4 पर




### प्रधानमंत्री ने दी बधाई

*'हंपी को 2024 फिडे महिला विश्व रैपिड चैंपियनशिप जीतने पर बधाई। उनकी दृढ़ता और प्रतिभा लाखों लोगों को प्रेरित करती है। यह जीत और भी ऐतिहासिक है क्योंकि यह उनका दूसरा विश्व रैपिड चैंपियनशिप खिताब है। वह इस अविश्वसनीय उपलब्धि को हासिल करने वाली इकलौती भारतीय बन गई हैं।'*
**नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

## बुमराह ने झटके सबसे तेज 200+ विकेट

जसप्रीत बुमराह ने मेलबर्न में जारी बॉक्सिंग डे टेस्ट में तहलका मचा दिया है। बुमराह ने चार विकेट चटकाए। वह इसी के साथ 19.3 के गेंदबाजी औसत से 200 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बन गए।






**मेलबर्न।** 200+ विकेट लेने वाले टेस्ट गेंदबाजों में बुमराह का औसत सबसे बेहतर है। इसके बाद वेस्टइंडीज के महान मेल्कम मार्शल का नंबर आता है। उन्होंने 81 टेस्ट में 20.94 की औसत से 376 विकेट लिए थे। वहीं, तीसरे स्थान पर जोएल गार्नर हैं। गार्नर ने 111 टेस्ट में 20.97 की औसत से 259 विकेट लिए थे। चौथे नंबर पर कर्टली एम्ब्रोस हैं। एम्ब्रोस ने शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### राममंदिर में लगाई जाएंगी तीन लिफ्ट

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा अयोध्या में भगवान राम के मंदिर परिसर में तीन लिफ्ट लगाई जाएंगी। श्रद्धालुओं को पहली मंजिल तक पहुंचने में कोई दिक्कत ना हो। श्री राम जन्मभूमि मंदिर तीन मंजिला है। भूतल पर रामलला विराजमान हैं।



### सात महाद्वीपों की सबसे ऊंची चोटियों पर फतह

**मुंबई।** भारतीय नौसेना बाल विद्यालय की छात्रा काम्या कार्तिकेयन ने इतिहास रच दिया है। महज 17 साल की उम्र में काम्या सात महाद्वीपों की सबसे ऊंची चोटियों पर चढ़ने वाली सबसे कम उम्र की महिला बन गई हैं। उन्होंने 24 दिसंबर को अंटार्कटिका की माउंट विंसन चोटी पर फतह हासिल कर पूरी की।



### छात्रा ने ट्रेन के आगे कूदकर की आत्महत्या

**अमरोहा।** अमरोहा में भानपुर के निकट 10वीं कक्षा की एक छात्रा ने चलती ट्रेन के आगे कूदकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। गजरौला शहर के अवंतिका नगर मोहल्ले की रहने वाली महक (16) घर से स्कूल के लिए निकली थी। उसने शहर के भानपुर के पास ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली।



### मधुमक्खियों के हमले में कनिष्ठ अभियंता की मौत

**बारीपदा।** ओडिशा के मयूरभंज जिले में रविवार को मधुमक्खियों के झुंड के हमले में एक कनिष्ठ अभियंता की मौत हो गई। ग्रामीण विकास विभाग में कनिष्ठ अभियंता के पद पर कार्यरत 32 वर्षीय बिस्वनाथ मुर्मू ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। रविवार की सुबह महुलडीहा क्षेत्र में बिस्वनाथ मुर्मू पर उनके घर के बाहर मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। इसके बाद वह बेहोश हो गए।

### अंतिम संस्कार पर कांग्रेस ने लगाए आरोप पर भाजपा का पलटवार

# पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन के अस्थि विसर्जन से कांग्रेस नदारद, भाजपा ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

**देश के पूर्व प्रधानमंत्री और कांग्रेस पार्टी के दिग्गज नेता डॉ. मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार को लेकर सियासत गरमाई हुई है। पहले अंतिम संस्कार को लेकर राहुल गांधी ने भाजपा पर डॉक्टर मनमोहन सिंह के अपमान का आरोप लगाया था तो अब अस्थि विसर्जन के मौके पर गांधी परिवार के नदारद रहने को लेकर भाजपा हमलावर हो गई है। इस बीच, कांग्रेस की परेशानी पूर्व पीएम पीवी नरसिम्हा राव के परिवार ने बढ़ाई है।**

- भाजपा ने घेरा, कहा- कैमरा नहीं तो गांधी परिवार नदारद
- पूर्व पीएम नरसिम्हा राव के परिवार वालों ने कांग्रेस पर साधा निशाना

भाजपा की तरफ से कहा गया कि आज वहां पर कैमरा नहीं था, इसलिए गांधी परिवार का कोई सदस्य भी उपस्थित नहीं था। कांग्रेस ने एक बार फिर से उनका अपमान किया। भाजपा नेता मनजिंदर सिरसा ने गांधी परिवार पर हमला बोलते हुए कहा कि यह देखना दुखद है कि गांधी परिवार कल से पूर्व प्रधानमंत्री के अंतिम संस्कार पर राजनीति करने में लगा हुआ था। लेकिन आज यमुना के किनारे उनकी अस्थियां विसर्जित करते समय कोई कैमरा नहीं था तो वहां न तो गांधी परिवार का कोई सदस्य गया न ही कोई कांग्रेस का नेता नजर आया।

इससे पहले आज पूर्व प्रधानमंत्री के परिवार ने सिख रीति-रिवाजों के अनुसार उनकी अस्थियां मजनू का टीला गुरुद्वारा के किनारे यमुना नदी में विसर्जित कर दीं। इस दौरान डॉक्टर सिंह की शेष पेज 4 पर



### यमुना नदी में विसर्जित की गईं अस्थियां

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की अस्थियां उनके परिवार के सदस्यों ने सिख रीति-रिवाजों के अनुसार मजनू का टीला गुरुद्वारा के निकट यमुना नदी में विसर्जित कर दीं। अस्थियां रविवार सुबह सिंह के परिवार के सदस्यों द्वारा निगमबोध घाट से एकत्र की गईं और बाद में उन्हें गुरुद्वारे के पास यमुना नदी तट पर स्थित 'अष्ट घाट' ले जाया गया। सिंह की पत्नी गुरशरण कौर, उनकी तीन बेटियां - उपिंदर सिंह, दमन सिंह और अमृत सिंह अन्य रिश्तेदारों के साथ इस मौके मौजूद थीं।

### केंद्रीय मंत्री पुरी ने कांग्रेस को दिया जवाब

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कांग्रेस पर पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार मामले में गंदी राजनीति करने का आरोप लगाया। साथ ही दो बार के प्रधानमंत्री के सम्मान को ठेस पहुंचाने का आरोप भी लगाया। पुरी ने इन आरोपों का जवाब देते हुए कहा, कोई विवाद नहीं है, लेकिन इसे बनाया जा रहा है।

### सिद्धू ने राष्ट्रपति को लिखी चिट्ठी

कांग्रेस की पंजाब इकाई के वरिष्ठ नेता नवजोत सिंह सिद्धू ने रविवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर आग्रह किया कि राजघाट परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का स्मारक बनाने के संबंध में वह केंद्र सरकार को निर्देश दें।

### नरसिम्हा राव के परिवार ने कांग्रेस को दिखाया आईना

*पूर्व पीएम नरसिम्हा राव के भाई मनोहर राव ने कहा कि कांग्रेस को 20 साल पीछे देखना चाहिए कि उन्होंने अपने नेता पीवी नरसिम्हा राव को कितना सम्मान दिया। यहां तक कि सोनिया गांधी भी उनके अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हुईं। कांग्रेस ने उनके लिए एक भी प्रतिमा नहीं बनवाई और न ही उन्हें भारत रत्न दिया। पूर्व पीएम के भाई मनोहर राव ने कांग्रेस द्वारा मनमोहन सिंह को लेकर खड़े किए गए सवालों पर कहा कि आप अपनी औपचारिकताएं पूरी करें, फिर भाजपा निश्चित रूप से डॉ. मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए जमीन देगी। कांग्रेस ने नरसिम्हा राव के लिए एआईसीसी कार्यालय के द्वार भी नहीं खोले।*

### बैरक बंद करने के बाद खुदकुशी

# पीएचक्यू में तैनात कंपनी कमांडर ने कनपटी पर गोली मारकर की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पुलिस मुख्यालय की सुरक्षा में तैनात सीएएफ के कंपनी कमांडर ने अपने सर्विस रिवाल्वर से कनपटी पर गोली मारकर खुदकुशी कर ली। खुदकुशी के कारणों की अब तक जानकारी नहीं मिल पाई है। कंपनी कमांडर ने खुद को बैरक में बंद कर खुदकुशी की है। घटना की जानकारी बैरक में रहने वाले अन्य सीएएफ जवानों के पहुंचने के बाद मिली। खुदकुशी करने वाला कंपनी कमांडर मध्यप्रदेश के सतना का रहने वाला अनिल सिंह गहरवार बताया गया है। अनिल 22वीं बटालियन दुर्ग में तैनात था। घटना शेष पेज 4 पर



मृतक कंपनी कमांडर मध्यप्रदेश के सतना का निवासी

### विवाद की वजह से सुसाइड

अनिल सिंह सीएएफ में आरक्षक के पद पर भर्ती हुआ था। नक्सली का एनकाउंटर करने के बाद उन्हें प्रमोशन मिला था। सूत्रों के मुताबिक, मृतक का एपीसी के साथ पिछले सप्ताह जोरदार विवाद हुआ था। उसके बाद से अनिल अपने हाथ में क्रैप बैंडेज बांधकर घूम रहा था। इसे लेकर एपीसी ने अनिल पर तंज कसते हुए हाथ फैक्चर होने का बहाना कर क्रैप बैंडेज बांधने का आरोप लगाया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद होने की बात सामने आई है। शेष पेज 4 पर

### कमरा नहीं खोला तो खिड़की से देखा

अनिल से साथ रहने वाले जवान बैरक में पहुंचकर दरवाजा खटखटाए तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। काफी देर तक दरवाजा खटखटाने के बाद अनिल सिंह ने दरवाजा नहीं खोला, तब उसके साथियों ने खिड़की के अंदर झांककर देखा तो अनिल की लाश बेड के नीचे औंधे मुंह खून से लथपथ पड़ी मिली।

### हाईकोर्ट ने ढेबर को नहीं दी जमानत

# भ्रष्टाचार केवल एक मामला नहीं, बल्कि दंडनीय अपराध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा ने अनवर ढेबर की जमानत आवेदन को इस टिप्पणी के साथ खारिज किया है कि भ्रष्टाचार केवल एक मामला नहीं बल्कि यह दंडनीय अपराध है। यह अप्रत्यक्ष रूप से मानवाधिकारों को भी कमजोर करता है। कोर्ट ने कहा है कि व्यवस्थित भ्रष्टाचार आर्थिक अपराधों शेष पेज 4 पर



### सिंडिकेट ने पूरी साजिश की

डिस्टिलर्स, होलोग्राम निर्माताओं, बोतल निर्माताओं की सक्रिय भागीदारी, ट्रांसपोर्टर, जनशक्ति प्रबंधन और जिला उत्पाद शुल्क अधिकारी शामिल हैं। डिस्टिलर्स को काम करने की अनुमति देने के लिए वार्षिक कमीशन का भुगतान किया गया। सिंडिकेट द्वारा पूरी साजिश को अंजाम शेष पेज 4 पर

### दो युवक गंभीर रूप से घायल

# कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई, दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई/ धमधा

तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा जाने से मौके पर दो युवक की मौत हो गई। वहीं, दो युवक गंभीर रूप से घायल हैं, जिनका उपचार अस्पताल में जारी है। आसपास के लोगों की मदद से घायल युवकों को कार से जैसे ही बाहर निकाला गया। कार में तुरंत आग लगने से बुरी तरह जलकर खाक हो गई। घटना नंदिनी थाना क्षेत्र का है। नंदिनी टीआई मनीश शर्मा ने बताया कि बारबारह धमधा निवासी अमित ताम्रकार (30), वार्ड 13 धमधा आदित्य कसेर (33), अनीश ताम्रकार, सुधांशु ताम्रकार चारों युवक कार सीजी 07 बीके 7387 में सवार होकर शेष पेज 4 पर





### मृतकों में नगर पंचायत उपाध्यक्ष व मीडिया कर्मी के सुपुत्र

*मिली जानकारी के मुताबिक मृतक आदित्य कसार के पिता नगर पंचायत धमधा उपाध्यक्ष अशोक कसार है। आदित्य विवाहित है। उसकी 6 वर्ष की बेटी भी है। आठ पहले साल पहले शादी हुई थी। आदित्य का पेट्रोल पंप का कारोबार है। मृतक अमित ताम्रकर के पिता मीडिया कर्मी महेन्द्र ताम्रकर है। अमित च्वाइस सेंटर चलाया करता था। घायल* शेष पेज 4 पर




### पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन से जन-जन को जोड़ रहा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

# प्रकृति अनुकूल आचरण भारतीय जीवन पद्धति का मूलः भागवत


हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत इन दिनों छत्तीसगढ़ प्रवास पर हैं। रविवार को उन्होंने पर्यावरण संवर्धन से जुड़े कार्यों पर कार्यकर्ताओं व अधिकारियों का मार्गदर्शन किया। श्री भागवत ने कहा कि भारत की संस्कृति, लोक व्यवहार व यहां की जीवनशैली हज़ारों वर्ष से पर्यावरण अनुकूल रही है। हमारे यहां प्रकृति एवं मनुष्य एक दूसरे के पूरक हैं। हम सह अस्तित्व पर विश्वास करते हैं। सर्वे भवन्तु सुखिनः का मंत्र, इसी ध्येय की फलश्रुति है।

सरसंघचालक ने कहा कि भारत में त्योहार, उत्सव और यहां का आध्यात्मिक अधिष्ठान प्रकृति के शेष पेज 4 पर

### पेड़, पानी और पॉलीथिन

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति विशेष रूप से सक्रिय है। संघ पर्यावरण संरक्षण को जन-जन तक ले जाने के लिए एक गतिविधि के रूप में उसकी पूरी रचना खड़ी की है। पर्यावरण गतिविधि का उद्देश्य विविध कार्यक्रमों और अभियान के जरिए जागरुकता निर्माण करना है।



### पर्यावरण गतिविधि की घोषणा

10 मार्च 2019 को ग्वालियर में हुई अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में पर्यावरण गतिविधि की विधिवत घोषणा हुई। समाज के सहयोग से संघ ने पर्यावरण संवर्धन हेतु 30 अगस्त 2020 को प्रकृति वंदन जैसा बड़ा अभियान संचालित किया है। पर्यावरण प्रहरी कार्यक्रम के जरिए ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाते हैं।

### प्रतियोगिताएं और संगोष्ठी

2021 से प्रति वर्ष पर्यावरण संरक्षण गतिविधि द्वारा राष्ट्रीय छात्र पर्यावरण प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में नेशनल एनवायरमेंट यूथ पार्लियामेंट 2022 का आयोजन किया गया। सायकल यात्रा, विश्व आद्रभूमि दिवस संगोष्ठी जैसे आयोजनों से लोगों के भीतर धरती के स्वास्थ्य के प्रति चेतना जागृत हुई है। गतिविधि के प्रमुख कार्य हरित घर, हरित मिलन और हरित संगम। इको मित्रम एप में गतिविधि के बारे मे विस्तार से जानकारी डाली गई है।

### छत्तीसगढ़ में एक थैला-एक थाली अभियान

*महाकुंभ प्रयागराज को हरित कुंभ की दृष्टि से एक थैला-एक थाली अभियान चलाया गया था। इसमें पूरे छत्तीसगढ़ प्रांत से 66,160 थैले और थालियां समाज के सहयोग से प्राप्त हुए। इसमें गतिविधि के जन-जन में कुंभ, घर-घर में कुंभ और कुंभ में कुंभ का उद्देश्य पूर्ण होगा। राष्ट्रीय छात्र पर्यावरण प्रतियोगिता जो पहली से स्नातकोत्तर तक चार स्तरों पर आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश के 31856 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। आगामी समय मे प्रांत के धार्मिक आयोजनो को पॉलिथीन मुक्त करने की योजना है।*



वर्ष 2020 में इसी जगह पर हुआ था भारत चीन का विवाद

# 14,300 फीट की ऊंचाई पर सेना ने लगाई छत्रपति शिवाजी की मूर्ति

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय सेना ने पूर्वी लद्दाख में 14,300 फीट की ऊंचाई पर स्थित पैंगोंग झील के किनारे मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी की एक भव्य मूर्ति स्थापित की है। ये जगह वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के निकट है जहां चीन के साथ लंबे समय से तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई थी। इस पहल का उद्देश्य छत्रपति शिवाजी के अडिग साहस और उनकी ऐतिहासिक धरोहर को सम्मानित करना है। रिपोर्ट के अनुसार इस मूर्ति का अनावरण लेफ्टिनेंट जनरल हितेश भल्ला 14 कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग के हाथों किया गया। 14 कोर जिसे फायर एंड फ्यूरी कोर के नाम से भी जाना जाता है।



### भारत-चीन तनाव के बीच अहम कदम

छत्रपति शिवाजी की मूर्ति का उद्घाटन ऐसे समय पर हुआ है जब भारत और चीन ने डेमचोक और देपसांग के दो बिंदुओं से सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया पूरी कर ली है। ऐसे में ये कदम चार साल से जारी सीमा विवाद के समाधान की दिशा में एक अहम प्रगति के रूप में देखा जा रहा है। पैंगोंग झील क्षेत्र में 2020 में शुरू हुए सीमा विवाद के बाद ये स्थान सामरिक दृष्टि से खास बन गया है। बता दें कि 21 अक्टूबर को भारत और चीन ने एक समझौते के तहत सैनिकों की वापसी पूरी की जिससे दोनों देशों के बीच तनाव में कमी आई है।

### शिवाजी की मूर्ति पीढ़ियों को प्रेरित करेगी

लेफ्टिनेंट जनरल हितेश भल्ला ने कहा कि इस मूर्ति की स्थापना भारतीय सेना के संकल्प और छत्रपति शिवाजी की प्रेरणा को दर्शाती है। ये कार्यक्रम आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगा। ये मूर्ति आने वाली पीढ़ियों के लिए शिवाजी के विचारों और देशभक्ति का प्रतीक बनी रहेगी। भारतीय सेना ने इस मूर्ति के माध्यम से छत्रपति शिवाजी की ऐतिहासिक धरोहर को सम्मान दिया है। उनकी सैन्य रणनीतियों और अदम्य साहस को आज के सैन्य क्षेत्र में समाहित करने का प्रयास किया है।

## खबर संक्षेप

### फर्जी पासपोर्ट गिरोह का सरगना गिरफ्तार



**कोलकाता।** पुलिस ने फर्जी पासपोर्ट गिरोह के सरगना को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि इसी मामले के सिलसिले में पहले गिरफ्तार किए गए लोगों से मिली जानकारी के आधार पर कोलकाता पुलिस ने शनिवार देर रात गयघटा थाना क्षेत्र के चादापाड़ा स्टेशन रोड स्थित एक घर से मनोज गुप्ता नामक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### सात घुसपैठियों को दिल्ली से बांग्लादेश वापस भेजा गया

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश से अवैध तौर पर भारत में घुसे कम से कम सात प्रवासियों को दक्षिणी दिल्ली से वापस उनके देश भेजा गया। दक्षिणी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने शनिवार को बताया कि एक टीम ने फतेहपुर बेरी इलाके में अरजनगढ़ मेट्रो स्टेशन के पास पांच महिलाओं समेत सात बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा। उन्होंने बताया कि झुग्गी-झोपड़ियों, श्रमिकों के शिविरों और अनधिकृत कॉलोनियों में छापेमारी कर अवैध तौर पर रह रहे प्रवासियों को पकड़ा गया।

### दोस्त का अपहरण के बाद की हत्या, गिरफ्तार

**मेरठ।** मेरठ जिले के कंकरखेड़ा क्षेत्र में 11वीं कक्षा के एक छात्र के अपहरण और हत्या के आरोप में उसके दोस्त को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र के रोहटा रोड निवासी 11वीं कक्षा का 17 वर्षीय एक छात्र शनिवार को कोचिंग में पढ़ने के लिए घर से निकला था। सूत्रों ने बताया कि काफी देर तक घर वापस नहीं पहुंचने पर उसके परिजन ने पुलिस को सूचना दी। उन्होंने बताया कि इस मामले में शक होने पर छात्र के एक नाबालिग दोस्त को पकड़कर उससे पूछताछ की गयी। उन्होंने बताया कि छात्र के दोस्त की निशानदेही पर पुलिस ने लापता छात्र का शव एक कॉलेज के नजदीक गढ़ मार्ग के पीछे एक नलकूप के पास से बरामद किया।

**महाकुंभ** 2025 में पानी के अंदर भी किए गए हैं सुरक्षा के व्यापक इंतजाम

# जमीन, आसमान से लेकर पानी के अंदर तक तीर्थयात्रियों पर रहेंगी ड्रोन की नजरें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ 2025 में सुरक्षा व्यवस्था बेहद मजबूत रहने वाली है। इसमें जमीन से लेकर हवा तक और पानी के अंदर तक ड्रोन के जरिए तीर्थयात्रियों निगरानी की जाएगी। 13 जनवरी से 26 फरवरी तक होने वाले इस आयोजन में 45 करोड़ से अधिक तीर्थयात्रियों के शामिल होने की उम्मीद है। ऐसे में पहली बार पानी के नीचे ड्रोन की तैनाती की जाएगी, जो 100 मीटर तक की गहराई पर काम करने में सक्षम होंगे। वहीं कुंभ में पहुंचने वाले यात्रियों की सुख सुविधाओं का भी पूरा ख्याल रखते हुए व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। इस आयोजन में उन्नत सुरक्षा उपायों के तहत रिमोट-नियंत्रित जीवन रक्षक प्रणाली की भी शुरुआत की जाएगी, जो आयोजन के दौरान काफी मददगार होंगी।



### पानी में चलेंगे ड्रोन और तेज गति वाली नाव

प्रयागराज के पुलिस महानिरीक्षक राजीव नारायण मिश्रा ने हाल ही में एक हाई-स्पीड अंडरवाटर ड्रोन लॉन्च किया। यह ड्रोन एकीकृत कमांड और नियंत्रण केंद्र को गतिविधि रिपोर्ट भेज सकता है। इसके अलावा, अतिरिक्त जल सुरक्षा उपायों के लिए संबंधित पीएसी, एनडीआरएफ और सीडीआरएफ कर्मियों के साथ 700 से अधिक नावें स्टैंडबाय पर रहेंगी।

### महाकुंभ में इन बातों का रखें ध्यान

महाकुंभ मेले में अपने साथ जरूरी सामान लेकर ही जाएं। हल्का खाना, जरूरी कागजात (आधार कार्ड, पहचान पत्र) आदि। पानी की बोतल जरूर अपने साथ रखें, थोड़ा-थोड़ा पानी पीते रहें यह आपको हाईड्रेट रखेगा। कुंभ मेले में ठहरने का प्लान है तो कोशिश करें कि ठहरने की जगह मेला क्षेत्र से ज्यादा दूर न हो। साफ-सफाई का भी विशेष ख्याल रखें। खाना खाने से पहले और बाद में या फिर किसी जानवर आदि को छूने के बाद हाथ अवश्य धोएं। तामसिक भोजन न करें। कुंभ क्षेत्र में मांस-मदिरा आदि का सेवन पूरी तरह से निषेध है। किसी तरह के प्रलोभन में न फंसे, ठगों और अजनबी लोगों से सावधान रहें, सोच समझकर दान करें। अनाधिकृत जगहों पर खाना खाते समय सावधान रहें। स्नान के लिए तय की गई सीमा से आगे न जाएं, डूबने का खतरा रहता है। त्रिवेणी संगम में स्नान के लिए साबुन या शैंपू आदि का इस्तेमाल करना निषेध है। संगम में कपड़े न धोएं, पूजा सामग्री न डालें, प्लास्टिक की पॉलीथिन आदि नदी में ना डालें।

### महाकुंभ में जाएं तो यह संकल्प लेकर लौटें : मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल के आखिरी रविवार को 117वीं बार मन की बात की। पीएम ने संविधान दिवस और महाकुंभ का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जब हम कुंभ में भाग लें, तो समाज में विभाजन और नफरत की भावना को खत्म करने का संकल्प लें। मोदी ने कहा कि महाकुंभ का संदेश एक हो पूरा देश और गंगा की अविरल धारा न बंटे समाज हमारा' का पूरे देश को संदेश देगा। मोदी ने कहा महाकुंभ की विशेषता केवल इसकी विशालता में ही नहीं है बल्कि इसकी विविधता में भी है। इस आयोजन में करोड़ों लोग एक साथ एकत्रित होते हैं। अनेकता में एकता का ऐसा दृश्य विश्व में कहीं और देखने को नहीं मिलेगा। इसलिए हमारा कुंभ एकता का महाकुंभ भी होता है। कहीं भेदभाव नहीं दिखता, कोई बड़ा नहीं होता, कोई छोटा नहीं होता।

*हाईकोर्ट का बड़ा आदेश*

# रेप पीड़िता को देने होंगे 25 लाख और मुफ्त शिक्षा

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

चेन्नई के अन्ना विश्वविद्यालय में छात्रा के साथ हुई दरिंदगी की चर्चा हर तरफ हो रही है। इसी बीच पीड़िता की पर्सनल डिटेल्स भी लीक हो गई हैं। इसे लेकर पूरे राज्य में हड़कंप मच गया है। मद्रास हाईकोर्ट ने पुलिस और सरकार को तगड़ी फटकार लगाते हुए 25 लाख रुपए मुआवजा और फ्री में शिक्षा देने का आदेश दिया है। बता दें कि पुलिस ने पीड़िता की एफआईआर कॉपी पर्सनल डिटेल्स और पते के साथ ऑनलाइन अपलोड कर दी थी। हालांकि बाद में इसे हटा दिया गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। अब यह जानकारी लीक हो चुकी है। पुलिस की इस लापरवाही से मद्रास हाईकोर्ट काफी नाराज है।



### हाईकोर्ट ने किया एसआईटी का गठन

*मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार पीड़िता की पर्सनल जानकारी एफआईआर रिपोर्ट से लीक हुई है। यह डिटेल्स सामने कैसे आई? इसकी जांच के लिए महिला एसआईटी का गठन किया गया है। मद्रास हाईकोर्ट में दो जजों की अवकाश पीठ ने आईपीएस अधिकारी भुक्या स्नेहा प्रिया, अयमान जमाल और एस बृंदा को इस एसआईटी में शामिल किया है। तमिलनाडु सरकार ने भी हाईकोर्ट के इस फैसले को हरी झंडी दिखा दी है।*

### 25 लाख मुआवजा और फ्री में दे शिक्षा

मद्रास हाईकोर्ट में मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस एस एम सुब्रमण्यम और जस्टिस वी लक्ष्मीनारायणन ने कहा कि सरकार पीड़िता को 25 लाख रुपए का मुआवजा दे। साथ ही अन्ना विश्वविद्यालय बिना फीस लिए पीड़िता की शिक्षा पूरी करवाए। कोर्ट ने कहा जब संविधान महिला और पुरुषों में भेदभाव नहीं करता, तो समाज यह निर्धारित नहीं कर सकता कि महिलाओं को कैसे बर्ताव करना चाहिए। एफआईआर लीक होने से पीड़िता को गहरी ठेस पहुंची है।

# ईडी अधिकारी के खिलाफ सीबीआई ने की छापेमारी, रिश्वत लेकर हो गया फरार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सीबीआई ने शिमला में ईडी अधिकारी के परिसरों में छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) से प्रतिनियुक्ति पर आए ईडी अधिकारी को कार्रवाई के दौरान सूचना मिल गई और वह नकदी लेकर मौके से फरार हो गया। ईडी के सूत्रों ने बताया कि मामले के बाद शिमला उप-क्षेत्रीय कार्यालय के आरोपी सहायक निदेशक और उनके पर्यवेक्षी अधिकारियों- एक उप निदेशक और संयुक्त निदेशक (चंडीगढ़ स्थित) को दिल्ली स्थानांतरित कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) से प्रतिनियुक्ति पर आए ईडी अधिकारी को कार्रवाई के दौरान सूचना मिल गई और वह नकदी लेकर मौके से फरार हो गया।

### करीब एक करोड़ की नकदी हो चुकी बरामद

उन्होंने बताया कि अब तक रिश्वत की रकम समेत लगभग एक करोड़ रुपये की नकदी बरामद की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि फरार अधिकारी द्वारा भागने के लिए इस्तेमाल की गई कार भी ईडी कार्यालय में मिली है। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने मामले के सिलसिले में विकास दीप को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया है। एजेंसी मामले में उनकी कथित संलिप्तता के संबंध में उनसे पूछताछ कर रही है।

### जानें मामला: सीबीआई ने क्यों मारी रेड

अधिकारियों ने बताया कि व्यवसायी ने कथित जबरन वसूली के बारे में सीबीआई में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर योजना बनाई, जिसमें शिकायतकर्ता को अधिकारी को 55 लाख रुपये नकद रिश्वत देने के लिए कहा गया। यह योजना बनाई गई थी कि कथित तौर पर रिश्वत प्राप्त करने के साथ ही सीबीआई आरोपी को पकड़ लेगी लेकिन वह अधिकारी रिश्वत लेकर फरार हो गया।

# केमिकल प्लांट में जहरीली गैस का रिसाव, चार की मौत

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

गुजरात के भरूच जिले के दहेज में एक केमिकल प्लांट से निकली जहरीली गैस के चलते चार लोगों की मौत हो गई है। चारों यहां काम करते थे। इन्होंने जहरीली गैस में सांस ले ली थी। घटना शनिवार रात करीब 10 बजे गुजरात फ्लोरोकेमिकल्स लिमिटेड (जीएफएल) के सीएमएस प्लांट में घटी। भूतल पर एक पाइप से जहरीली गैस का रिसाव हो गया था। भरूच के दहेज स्थित केमिकल प्लांट में गैस रिसाव घटना की जांच जारी। गुजरात फ्लोरोकेमिकल्स लिमिटेड ने घटना के संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

# अरुणाचल में भारी मात्रा में मेड इन चाइना असॉल्ट राइफलें बरामद



**नई दिल्ली।** अरुणाचल प्रदेश के चांगलांग में बड़ी संख्या में चीन निर्मित असॉल्ट राइफलें बरामद की गईं। रक्षा विभाग के प्रवक्ता ने रविवार को यह जानकारी दी। सेना ने कहा कि यह सफल ऑपरेशन क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए हमारे सुरक्षा बलों के निरंतर समर्पण को रेखांकित करता है। रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल शुक्ला ने बताया कि खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बलों ने शनिवार को घने जंगल में छिपे हथियारों को बरामद कर लिया।

### सरेंडर करने वाले उग्रवादियों के हथियार

लेफ्टिनेंट कर्नल शुक्ला ने बताया कि नमदाफा राष्ट्रीय उद्यान एवं बाघ अभयारण्य में मियाओ-विजयनगर मार्ग से लगे 27 मील में विभिन्न स्थानों से चीन निर्मित दस एमक्यू-81 असॉल्ट राइफलें और टाइप 81 असॉल्ट राइफलें बरामद कीं। उन्होंने बताया कि ऐसा माना जा रहा है कि उग्रवादियों ने पिछले वर्ष आत्मसमर्पण करने से पहले इन हथियारों को छिपाकर रखा था।

बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
20 वर्षों से प्रसिद्ध सुखौना टेबलेट
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
घमंडी - दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।

*हैरान कर देने वाला मामला*

# सीमा-सचिन के नाम पर 100 करोड़ की ठगी



**नई दिल्ली।** बिहार में ठगी की एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। राज्य में सीमा हैदर और उसके पति सचिन के नाम पर करीब 100 करोड़ की ठगी का मामला सामने आया है। इस मामले का खुलासा तब हुआ जब अरुणाचल प्रदेश पुलिस बिहार पहुंची। दरअसल, अरुणाचल प्रदेश पुलिस ने कल देर रात बिहार के दरभंगा के रैयाम थाना क्षेत्र से 100 करोड़ की ठगी के आरोप में दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया, जबकि, दो चचेरे भाई पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए।

### पुलिस की कार्रवाई और गिरफ्तारी

गिरफ्तार आरोपी बंसारा गांव निवासी आशुतोष कुमार झा और विपिन कुमार झा को शनिवार को कोर्ट में पेश किया गया। ट्रांजिट रिमांड मिलने के बाद अरुणाचल पुलिस दोनों को साथ ले गई। वहीं, सब इंस्पेक्टर रणधीर कुमार झा ने कहा कि आरोपी के चचेरे भाई सोनू कुमार झा और बिट्टू कुमार झा फिलहाल फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

### आलीशान मकान में रह रहे थे दोनों भाई

स्थानीय पुलिस की मदद से अरुणाचल पुलिस दो दिनों से रेकी कर रही थी। ग्रामीणों को संदेह न हो, इसके लिए पुलिस ने मैथिली भाषा सीखी और दो दिनों तक गांव में रहकर जांच की। ग्रामीणों के अनुसार, आरोपियों ने धोखाधड़ी कर 4 करोड़ रुपये का आलीशान मकान बनवाया है। गांव में इनका ठाठ-बाट देखकर किसी ने नहीं सोचा था कि ये इस तरह के घोटाले में शामिल हो सकते हैं। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में राहुल जैन और अन्य फरार आरोपियों के बारे में जानकारी मिलने की संभावना है। पुलिस की कार्रवाई तेज कर दी गई है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. यजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज


सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

रायपुर
सोमवार, 30 दिसंबर 2024
पौष कृष्ण पक्ष अमावस्या
वर्ष : 23, अंक : 164
पृष्ठ : 10+4+4 = 18 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 28.9
न्यून. 18.7

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com




# इंजीनियरिंग छात्र अब पढ़ेंगे एआई और मशीन लर्निंग, जानेंगे क्या है आर्टिफिशियल चेतना? 'योगा' अब सभी के लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

- टॉपिक नहीं बल्कि कोर्स के रूप में प्रारंभ किया जाएगा एनआईटी रायपुर में
- सीनेट की मंजूरी के बाद अगले शैक्षणिक सत्र से छात्र कर सकेंगे अध्ययन

नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के छात्र अब एआई और मशीन लर्निंग को किसी विषय के एक टॉपिक के रूप में नहीं बल्कि पृथक कोर्स के रूप में पढ़ेंगे। इसके लिए कोर्स ड्राफ्ट तैयार किए जाने से लेकर अन्य तरह की तैयारियां जारी है। इसे सीनेट की बैठक में रखा जाएगा, जहां से मंजूरी मिलने के बाद कोर्स को छात्रों के लिए अगले शैक्षणिक सत्र से उपलब्ध करा दिया जाएगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत पाठ्यक्रम को अधिक से अधिक समसामयिक बनाने और रोजगार की संभावनाओं को देखते हुए उपयोगी बनाने पर फोकस किया गया है। वर्तमान में सभी क्षेत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग तेजी से बढ़ा है। प्राइवेट सेक्टर बड़े पैमाने पर इसका प्रयोग ▶▶|शेष पेज 4 पर




### केवल प्रथम वर्ष में मिलती थी सुविधा

एनआईटी रायपुर में सभी वर्ष के विद्यार्थियों को योग अध्ययन की सुविधा दी जा रही है। पूर्व में केवल प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए ही योग की कक्षाएं संचालित होती थी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति संबंधित ड्राफ्ट के बाद इसे सभी वर्ष के विद्यार्थियों के लिए खोल दिया गया है। अर्थात बीटेक व एमटेक में किसी भी वर्ष में अध्ययनरत विद्यार्थी योग का अध्ययन कर सकते हैं। एनईपी के अंतर्गत लाए गए प्रावधानों में से कई को एनआईटी रायपुर पहले ही प्रयोग के रूप में प्रारंभ कर चुका है। अन्य चीजें भी अब यहां क्रमशः लागू की जा रही हैं।

### समझेंगे-कैसे विकसित होती है आर्टिफिशियल चेतना

एआई के सभी पहलुओं के बारे में छात्रों को जानकारी दी जाएगी। इसमें आर्टिफिशियल कॉन्शियंस अर्थात चेतना भी शामिल है। एआई के तहत मशीन अथवा सॉफ्टवेयर में अपलोड की गई सूचना के आधार पर ही आउटपुट मिलता है। किस तरह से एआई इन चेतनाओं को ग्रहण करता है और इनके आधार पर किस तरह से मशीन द्वारा कार्य होता है, इसे आधार बनाते हुए कोर्स डिजाइन किया जाएगा अर्थात छात्रों को एआई संबद्ध मशीन लर्निंग व अन्य उपक्रमों की विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

# रनवे से फिसला विमान क्रैश

दक्षिण कोरिया में हवाई अड्डे पर बड़ा विमान हादसा

**181** लोग विमान में थे सवार | **179** शव मिले दो की जान बची | **32** दमकल गाड़ियां और कई हेलीकॉप्टर



# 179 जिंदगियां खाक

*दक्षिण कोरिया में एक हवाई अड्डे पर रविवार को एक यात्री विमान रनवे से फिसल गया और कंक्रीट की दीवार से टकरा गया, जिससे उसमें आग लग गई। इस हादसे में विमान में सवार 181 लोगों में से दो को छोड़कर अन्य सभी की मौत हो गई।*

एजेंसी ▶▶| सियोल

यह दक्षिण कोरिया में अब तक हुए सबसे भीषण विमान हादसों में से एक है। 'जेजू एयर' का विमान सियोल से लगभग 290 किलोमीटर दक्षिण में मुआन शहर में उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। परिवहन मंत्रालय ने कहा कि विमान 15 साल पुराना बोइंग 737-800 था, जो बैंकॉक से लौट रहा था और दुर्घटना स्थानीय ▶▶|शेष पेज 4 पर

### रनवे से फिसल दीवार से टकराया

फुटेज में देखा जा सकता है कि विमान का लैंड होते समय लैंडिंग गियर नहीं खुला और वो फिसलते हुए बाउंड्री वॉल से टकरा गया। इसके बाद विमान में धमाके के साथ आग लग गई। चश्मदीदों का कहना है कि उन्होंने हवा में ही विमान के पंख में आग लगते हुए देखी।

### पक्षी टकराने से हुए हादसा!

विमान से किसी पक्षी के टकराने के बाद लैंडिंग गियर खराब हो गया विमान में आग लगी। हालांकि घटना के पीछे की वजह जानने के लिए जांच एजेंसियां जांच में जुटी हैं।

### 2024 में बड़े विमान हादसे

**24 जनवरी**
रूस के बेलगोरोद इलाके में रूसी मिलिट्री प्लेन क्रैश में 74 की मौत

**12 मार्च**
रूस में कार्गो प्लेन इल्युशिन आईएल -76 क्रैश, 15 लोगों की मौत

**19 मई**
ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी का हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया था।

**10 जून**
अफ्रीकी देश मलावी के उपराष्ट्रपति साउलोस क्लॉस चिलिमा की प्लेन क्रैश में मौत हो गई थी।

**24 जुलाई**
नेपाल के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर विमान क्रैश हो गया था। 18 लोगों की जान चली गई थी।

**9 अगस्त**
ब्राजील में वोएपास 2283 फ्लाइट हादसे का शिकार हो गई। इस हादसे में 62 लोगों की मौत हो गई।

**25 दिसंबर**
कजाकिस्तान के अक्ताउ में प्लेन क्रैश हो गया। 38 लोगों की मौत हो गई।

# पूर्व गृहमंत्री कंवर बोले- नहीं सुनते आईएएस अफसर, डीएमएफ घोटाले की जांच सीबीआई-ईडी से कराएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- राज्य के साथ-साथ केंद्र सरकार से भी की है शिकायत

छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा और कोरबा सहित प्रदेश के सभी जिलों में अभी तक 10 हजार करोड़ से ज्यादा का डीएमएफ घोटाला हुआ है। ऐसे गंभीर आरोप पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर ने लगाए हैं। देश में सबसे ज्यादा डीएमएफ और सीएसआर मद से आय वाला जिला कोरबा और दंतेवाड़ा है, जहां भ्रष्टाचार करने के लिए कलेक्टर रिश्वत देकर पोस्टिंग कराते हैं। इनसे कई बार जांच कराने की मांग करने के बावजूद आईएएस अफसर रुचि भी नहीं ले रहे हैं।

बेबाक बयानबाजी के चलते हमेशा सुर्खियों में रहने वाले पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर रविवार को प्रेस क्लब पहुंचे, जहां पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सीएम विष्णुदेव साय को मामले की जानकारी दी गई है। मेरे सामने संबंधित जिम्मेदारों को उन्होंने दिशा-निर्देश भी दिए, लेकिन आईएएस ▶▶|शेष पेज 4 पर

**पत्रकारों से चर्चा में कंवर ने लगाए गंभीर आरोप कहा- प्रदेश में 10 हजार करोड़ का डीएमएफ घोटाला**



### कई शिकायतों की जांच जारी

ऐसा नहीं है कि शिकायतों को हमेशा नजरअंदाज किया गया। मेरे द्वारा पूर्व में केंद्र व राज्य सरकार को कई बार भ्रष्टाचार के मामले में शिकायत पत्र दिए गए। उन्हें केंद्र की मोदी सरकार ने गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की है। इसमें छत्तीसगढ़ में पीएससी घोटाला, कोयले में वसूली, शराब में अवैध वसूली के साथ महादेव एप से पैसे की अफरातफरी की शिकायतें शामिल हैं। इनमें कई सफेदपोश, कर्मचारी और अधिकारी शामिल हैं। उसकी जांच आज भी सीबीआई और ईडी द्वारा की जा रही है। इनमें कई सफेदपोश, आईएएस जेल की हवा भी खा रहे हैं।

### नियमों की हो रही है अनदेखी

डीएमएफ में खान प्रभावित क्षेत्र के लोगों को लाभ देने और उनको सुविधा देने पर खर्च करने का प्रावधान है। जैसे सड़क, स्वच्छ पानी, अस्पताल, पढ़ने के लिए स्कूल, आवागमन के साधन व प्रदूषण से बचाव के उपाय करने पर उक्त राशि खर्च करनी चाहिए। केंद्र और राज्य सरकार इसके लिए नियम एवं शर्तों ▶▶|शेष पेज 4 पर

# नई नक्सल नीति, सरेंडर करने वालों को हर महीने दस हजार, इनाम भी उनका

- माओवादी पर जितना इनाम घोषित वो भी उनका : शर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार नई एंटी नक्सल नीति के तहत सरेंडर करने वाले नक्सलियों की सुविधाओं को बढ़ाने जा रही है। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा ने बताया कि नक्सलियों को सरेंडर करने पर प्रति माह 10 हजार मिलेंगे। रहने के लिए जमीन-मकान हो या फिर रोजगार से जुड़े संसाधन। अलग खास भवनों में रखकर नक्सलियों को ट्रेंड किया जाएगा। उन्हें काम सिखाया जाएगा ताकि वह ▶▶|शेष पेज 4 पर

### मांझी बताएंगे क्या निर्माण कार्य होंगे

गृहमंत्री ने बताया कि, पंचायती राज के माध्यम से बस्तर के विकास का काम हम करने जा रहे हैं। गांवों के मांझियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाने की मांग उठी थी, तो अब बस्तर के जिला पंचायत के सभागृह में मांझियों की बैठक होगी। जिलेवार ये बैठकें होंगी और मांझी बताएंगे कि उनको क्या-क्या निर्माण कार्य करवाने हैं। इन सभी आयामों को मिलाकर नया समाधान समाज को देने की कोशिश है।

# बाइक पर गिरी हाईटेंशन लाइन दो बच्चों समेत तीन जिंदा जले

एजेंसी ▶▶| गोरखपुर

गोरखपुर में रविवार की देर शाम बड़ा हादसा हुआ। यहां सोनबरसा बाजार में एक बाइक पर हाईटेंशन लाइन गिर गई। इस लाइन के संपर्क में आते ही बाइक में आग लग गई। वहीं, बाइक पर सवार एक युवक और दो बच्चों की मौके पर ही झुलसने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेने का प्रयास किया।

**विरोध में ग्रामीणों का हंगामा**



# प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस ने बरसाई लाठियां

एजेंसी ▶▶| पटना

बिहार लोक सेवा आयोग के कथित पेपर लीक मामले को लेकर विवाद अब गतिरोध का रूप लेता दिख रहा है। पटना के गांधी मैदान में 70वीं बीपीएससी प्रीलिम्स की दोबारा परीक्षा कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने रविवार को लाठीचार्ज किया। प्रीलिम्स एग्जाम दोबारा कराने की मांग को लेकर अभ्यर्थियों का पटना के गांधी मैदान में विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में जन सुराज के प्रमुख प्रशांत किशोर भी मौजूद रहे।

**बिहार में पेपर लीक विवाद**




### परीक्षा दोबारा कराने से इंकार

बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि राज्यभर में 13 दिसंबर को आयोजित हुई 70वीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा (सीपीई) 2024 को पेपर लीक के आरोपों के कारण रद्द नहीं किया जाएगा। बीपीएससी परीक्षा नियंत्रक राजेश कुमार सिंह ने कहा, 13 दिसंबर को आयोजित पूरी बीपीएससी परीक्षा रद्द करने का कोई सवाल ही नहीं है।

**पोक्सो मामले में बड़ा फैसला**

# कोर्ट ने कहा- शारीरिक संबंध का मतलब यौन उत्पीड़न नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने पोक्सो मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और अमित शर्मा की पीठ ने इस मामले में आरोपी को बरी करते हुए कहा कि नाबालिग पीड़िता की ओर से 'शारीरिक संबंध' शब्द का इस्तेमाल करने का अर्थ यौन उत्पीड़न नहीं करार दिया जा सकता है। निचली कोर्ट ने आरोपी को आजीवन कारावास की ▶▶|शेष पेज 4 पर

### शारीरिक संबंध को लेकर कोर्ट ने कही ये बात

पीठ ने फैसले में कहा कि यहां तक कि 'संबंध बनाया' शब्द का इस्तेमाल भी पोस्को अधिनियम की धारा 3 या आईपीसी की धारा 376 के तहत अपराध स्थापित करने के लिए पर्याप्त नहीं है। हालांकि पोस्को अधिनियम के तहत अगर लड़की नाबालिग है तो सहमति मायने नहीं रखती, लेकिन 'शारीरिक संबंध' शब्द को यौन उत्पीड़न तो दूर, यौन संभोग में भी नहीं बदला जा सकता। पीठ ने कहा कि आक्षेपित ▶▶|शेष पेज 4 पर



## चिंतन

# कृषि क्षेत्र पर अधिक फोकस की जरूरत

कभी भुखमरी के लिए अभिशप्त ओडिशा के कालाहांडी में सब्जी क्रांति बदलाव की नई गाथा लिख रही है। देश में कृषि क्षेत्र में छोटे छोटे अभिनव प्रयासों से बड़ा परिवर्तन हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में ओडिशा के कालाहांडी जिले के गोलामुंडा ब्लॉक के किसानों की क्षेत्र में 'सब्जी क्रांति' लाने के लिए सराहना की है। यहां के प्रगतिशील किसानों ने किसान उत्पादक संघ (एफपीओ) की स्थापना कर आधुनिक प्रौद्योगिकी के उपयोग से कालाहांडी जिले में सब्जियों की खेती को बढ़ावा दिया। कालाहांडी को कभी गरीबी और लोगों के पलायन की भयावह स्थिति के लिए जाना जाता था। 10 किसानों के एक छोटे से समूह ने किसान उत्पाद संघ की स्थापना की, खेती में नई तकनीकों का इस्तेमाल शुरू किया, आज 200 से अधिक किसान इस संघ से जुड़े हैं, जिनमें 45 महिला किसान भी हैं। ये लोग मिलकर 200 एकड़ में टमाटर की खेती कर रहे हैं, 150 एकड़ में करेले का उत्पादन कर रहे हैं। कालाहांडी की यह सफलता सभी किसानों और कृषि से जुड़े लोगों के लिए प्रेरणा है। सिक्किम, महाराष्ट्र, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, कश्मीर, केरल समेत देश के लगभग सभी हिस्सों में किसान खेती में अभिनव प्रयोग कर रहे हैं, खेती को लाभकारी बना रहे हैं, अनाज उत्पादन से इतर नई फसलों के उत्पादन पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। खेती में नई प्रौद्योगिकी समेत बाजार तक पहुंच और भंडारण क्षेत्र में सरकार अनेक स्तर पर प्रयास कर रही है, किसान उत्पादक संघ और सहकारिता मॉडल से कृषि क्षेत्र में कायापलट हो रही है। हालांकि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), कृषि कर्ज, कृषि उत्पादों का मूल्यीकरण, खाद व बीज की उपलब्धता, कृषि उत्पादों का भंडारण आदि अनेक समस्याएं हैं, जिनसे कृषि क्षेत्र रूबरू है। इन सबके बीच दो वर्ष में ही तकदीर बदलने वाले कालाहांडी जैसे प्रयोग उम्मीद जगाते हैं। देश में कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव के लिए कॉपरेटिव मॉडल को तेजी से अपनाने की जरूरत है। एफपीओ, पैक्स आदि प्रयास हो रहे हैं, पर केंद्र व राज्य सरकारें समेत एपीडा जैसे संगठनों की ओर से कृषि क्षेत्र में व्यापक स्तर पर प्रयोग की आवश्यकता है। देश में कृषि व संबद्ध क्षेत्र में व्यापक पोटेंशियल है। खाद्य सुरक्षा वैश्विक जरूरत है, भारत इसमें अपना योगदान और बढ़ा सकता है। साठ के दशक के हरित क्रांति का लाभ केवल अनाज उत्पादन में आत्मनिर्भरता तक सीमित है, इसे विस्तार देने की जरूरत है। विकसित भारत के लक्ष्य हासिल करने के लिए जरूरी है कि कृषि क्षेत्र की विकास दर पांच फीसदी के ऊपर निरंतर बनी रहे, भारत में क्षमता भी है, बस कृषि में अभिनव बदलाव को अपनाने की आवश्यकता है। चालू वित्त वर्ष 2024 में कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर केवल 1.4 फीसदी रही। यह चिंताजनक स्थिति है। कृषि क्षेत्र को अधिक सब्सिडी, सस्ते कर्ज, सुलभ भंडारण और व्यापक बाजार की आवश्यकता है। केवल मानसून पर निर्भर रहते हुए कृषि की कायापलट नहीं हो सकती है। नव वर्ष 2025 में खाद्यान्न उत्पादन नया रिकॉर्ड बना सकता है, पर कृषि क्षेत्र की प्रगति व किसानों की खुशहाली के लिए इतना ही काफी नहीं है। दहलन, तिलहन, मोटे अनाज (मिलेट्स), फल, सब्जियों और मसाले व औषधिय जड़ी-बूटियों की खेती को बढ़ावा देने की जरूरत है। चूंकि किसानों की बदहाली व आत्महत्या की खबरें कृषि क्षेत्र के स्याह पहलू को उजागर करती हैं। इसलिए केवल सराहना से बात नहीं बनेगी, कृषि क्षेत्र में जमीनी स्तर पर ध्यान देने की अधिक आवश्यकता है।

## विकास की बात

सुशील देव



# अपनी समस्याओं का हल चाहते हैं दिल्ली के मतदाता

चुनावी मौसम आते ही वादों और इरादों की बौछार शुरू हो जाती है। हर पार्टी मतदाताओं को लुभाने के लिए घोषणाओं की लंबी फेहरिस्त पेश करती है। लेकिन दिल्ली के मतदाता अब सवाल कर रहे हैं कि उनके मूलभूत अधिकारों और आवश्यकताओं का ध्यान कौन रखेगा? बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण आम लोगों का जीवन आज भी संघर्षपूर्ण है। यही कारण है कि दिल्ली के नागरिक अपनी आवश्यकताओं के प्रति जागरूक हो चुके हैं और चाहते हैं कि जो भी सरकार बने, वह उनकी वास्तविक समस्याओं का समाधान करे। दिल्ली के कई इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं का बेहद अभाव है। कई कच्ची कॉलोनियां हैं, जो कहने को तो पक्कीकरण का दर्जा मिल गया है लेकिन सुविधाएं नदारद हैं। कई इलाकों में तो वहां के निवासियों को इलाज की सुविधाएं नहीं। इससे मरीजों और उनके परिवार वालों को आर्थिक और मानसिक तनाव झेलना पड़ता है। उदाहरण के तौर बाहरी दिल्ली के जय विहार, हरफूल विहार या नंगली विहार एक्सटेंशन के लोगों को ही लें, यहां के लोग इलाज के लिए 12 से 15 किलोमीटर दूरी पर सरकारी अस्पताल में जाते हैं। वहीं शिक्षा की बात करें तो सरकारी स्कूलों की स्थिति में सुधार हुआ है, लेकिन अभी भी कई क्षेत्रों में उच्च शिक्षा और कौशल विकास के लिए पर्याप्त सुविधाएं नहीं हैं। मतदाता चाहते हैं कि नई सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दे। स्कूलों की शिक्षा को और बेहतर बनाया जाए ताकि महंगे और निजी स्कूलों की बड़ी फीस से मध्यमवर्गीय परिवार को राहत मिल सके। जहां तक साफ-सफाई की बात है, इसके लिए नगर निगम स्तर पर चुस्ती बरतनी होगी। दिल्ली में स्वच्छता की स्थिति हर जगह संतोषजनक नहीं है। कई इलाकों में टूटी नालियां और सड़कों पर कचरे का ढेर आम दृश्य बन गए हैं। नालियों की सफाई के अभाव में गंदगी फैलती है, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ता है। राजधानी के कई क्षेत्रों में पीने के पानी की गुणवत्ता खराब है। यहां गंदा पानी पीने को लोग मजबूर हैं, जिससे उनकी सेहत पर बुरा असर पड़ता है। प्रदूषण से इस बार दिल्ली ज्यादा हलकान रही। हालांकि पिछले कई सालों से प्रदूषण की समस्या रही है। लेकिन दिल्ली या केंद्र सरकार इस पर अधिक गंभीरता नहीं दिखाई। हवा की गुणवत्ता इतनी खराब रही कि दुनिया भर में इसकी चर्चा हुई। लोग बीमार हुए। बढ़ते प्रदूषण के खतरे और भविष्य में इसके उपायों के मद्देनजर सरकार को पुख्ता समाधान करना चाहिए। सड़कों की खराब हालत भी एक बड़ी समस्या है। कई इलाकों में नई सड़कें अधूरी पड़ी हैं और पुरानी सड़कों पर गड्ढे दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं। साथ ही, स्ट्रीट लाइट्स की खराब स्थिति से अंधेरे में राहगीरों को असुरक्षा का सामना करना पड़ता है। दिल्ली में अपराध की घटनाएं इन दिनों बढ़ी हैं। आम लोग मानते हैं कि दिल्ली पुलिस को और मुस्तैदी बरतने की जरूरत है। वहीं इस बार मतदाता चाहते हैं कि सड़क और बिजली की समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द हो। राजधानी शहर के कई बड़े हिस्से में सार्वजनिक सुविधाओं का अभाव है। शहर की कई कॉलोनियों में बारात घर, पार्क और सामुदायिक केंद्र जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव भी एक गंभीर समस्या है। जय विहार, हरफूल विहार और नंगली विहार जैसे इलाकों में पार्क नहीं होने के कारण बच्चे खेलने से वंचित हैं और बुजुर्गों को टहलने की सुविधा नहीं है। बारात घर न होने से सामूहिक आयोजनों के लिए लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इन सुविधाओं की कमी को दूर करना नई सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। दिल्ली, देश की राजधानी होने के बावजूद, कई मामलों में पिछड़ी हुई नजर आती है। दिल्ली के लिए मास्टर प्लान तो बनाया गया है, लेकिन उसका सही तरीके से क्रियान्वयन नहीं हो पाया है। मतदाताओं का मानना है कि धरातल पर काम होना चाहिए और योजनाओं को समय पर पूरा किया जाना चाहिए। दिल्ली के मतदाताओं का कहना है कि केवल वादों से काम नहीं चलेगा। जो भी पार्टी उनकी समस्याओं का समाधान करने का ठोस खाका प्रस्तुत करेगी और उसे अमल में लाएगी, वही उनका समर्थन पाने की हकदार होगी। दिल्ली के मतदाता बुनियादी सुविधाओं की मांग कर रहे हैं। स्वच्छ पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा की सुविधाएं, अच्छी सड़कें, स्ट्रीट लाइट, और सामुदायिक केंद्र जैसी जरूरतों का ध्यान रखा जाना चाहिए। यदि नई सरकार इन समस्याओं को गंभीरता से लेती है और उन्हें हल करने के लिए ईमानदारी से प्रयास करती है, तो निश्चित रूप से उसे जनता का समर्थन मिलेगा। आखिरकार, राजधानी का विकास देश के विकास का प्रतीक है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# युवाओं में राजनीति के प्रति हिचक क्यों?



विचार

डॉ.संजय शुक्ला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीते 26 दिसंबर को 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार ' समारोह को संबोधित करते हुए युवाओं से राजनीति में आने का एक बार फिर आव्हान किया है। गौरतलब है कि इसी साल स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को लालकिले के प्राचीर से भी प्रधानमंत्री ने एक लाख ऐसे युवाओं को राजनीति में आने की अपील किया था जिनकी कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि न हो। प्रधानमंत्री का यह आव्हान देश को जातिवादी और वंशवादी राजनीति से छुटकारा दिलाने के लिए है। बहरहाल यह पहली मर्तबा नहीं है जब देश के किसी प्रधानमंत्री या राजनीतिक दल ने युवाओं को राजनीति में शामिल होने के लिए प्रेरित किया हो। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी का भी मानना था कि देश के निर्माण और विकास में युवाओं की सत्ता में भागीदारी आवश्यक है। इसी मंशा को लेकर उनकी सरकार ने साल 1988 में संविधान के 61वें संशोधन के द्वारा मताधिकार की उम्र को 21 से घटाकर 18 वर्ष किया था।इस फैसले को 24 मार्च 1989 से लागू किया गया जिसके अनुसार 18 वर्ष के युवा लोकसभा सदस्य, विधायक से लेकर अन्य निकायों के जनप्रतिनिधि चुन सकते हैं। राजीव भी चाहते थे कि देश के युवाओं की पंचायत से लेकर संसद तक सक्रिय भागीदारी हो लेकिन देश की राजनीतिक व्यवस्था में युवा अभी भी हाशिए पर हैं।

गौरतलब है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में कोई भी बदलाव चुनाव के द्वारा ही संभव है लेकिन राजनीति और चुनाव के प्रति युवाओं की उदासीनता के चलते देश की राजनीतिक व्यवस्था को वैसी दिशा नहीं मिल रही है जितनी उम्मीद थी। भारत युवा आबादी के मामले में दुनिया का अव्वल देश है जहां की 65 फीसदी आबादी पैंतीस साल के तथा 50 फीसदी आबादी पच्चीस साल के हैं। एक जानकारी के मुताबिक भारत की औसत आयु 25 साल है जो चीन से 10 साल और अमेरिका से 15 साल कम है।अलबत्ता विशाल आबादी के बावजूद लोकसभा और विधानसभाओं में युवाओं की हिस्सेदारी बहुत कम है। साल 1952 में देश के प्रथम लोकसभा में 26 फीसदी सांसद 40 साल से कम उम्र के थे तथा अब तक के संसदीय इतिहास में लोकसभा में सबसे ज्यादा 40 साल से कम उम्र वाले 35 फीसदी सांसद 1957 में दूसरे लोकसभा में रहे हैं। लोकसभा में युवाओं का इतना सर्वाधिक प्रतिनिधित्व तब था जब देश में युवाओं की आबादी आज की तुलना में बहुत कम था। विरोधाभास यह कि आज जब देश दिनों-दिन युवा हो रहा है तब हमारा संसद लगातार बूढ़ा होने लगा है। पिछले 17 वीं लोकसभा में युवाओं की भागीदारी महज 12 फीसदी थी जिसमें से 7 फीसदी युवाओं के ताल्लुकात राजनीतिक वारिस के तौर पर था मतलब इनकी पृष्ठभूमि राजनीतिक परिवार की थी। अमूमन वर्तमान यानि 18 वीं लोकसभा के हालात भी पिछली लोकसभा जैसी है लेकिन इस बार 7 सांसद 29 साल से कम उम्र के हैं।इन परिस्थितियों में युवा मताधिकार के तीन दशकों के बाद भी देश के राजनीति और लोकतंत्र में आशातीत बदलाव नहीं आया है। दूसरी ओर देश की तमाम राजनीतिक पार्टियां युवाओं को अपनी पार्टी में बढ़ावा देने का वादा तो बढ़ चढ़कर करतीं हैं लेकिन चुनाव के दौरान टिकट बांटते समय हकीकत कुछ और ही होती है। अधिकांश पार्टियां चुनावी टिकट बांटते समय ऐन केन प्रकारेण सत्ता हासिल करने के जुगत के चलते अपने युवा कार्यकर्ताओं की जगह जाति, धर्म और क्षेत्रवाद को तरजीह देते हैं फलस्वरूप युवाओं में हताशा पनप रहा है।दूसरी ओर पार्टियों में जारी धनबल, भ्रष्ट आचरण और बाहुबल के बढ़ते दखल के चलते युवाओं की दिलचस्पी चुनावी राजनीति में बहुत कम है फलस्वरूप उपरोक्त विसंगतियां दिनों दिन जड़ें जमा रहीं हैं जो लोकतंत्र की मर्यादा को कलुषित कर रही है। इन बुराईयों को दूर करने के लिए युवाओं को चुनावी राजनीति का हिस्सा बनना ही होगा आखिरकार वे ही भारत के भाग्य विधाता हैं।



गौरतलब है कि मतदान की आयु भले ही 18 साल है लेकिन विधानसभा और लोकसभा के चुनाव लड़ने की आयु 25 वर्ष है जबकि निकाय चुनावों के लिए यह अहर्ता 21 साल की है। सियासी गलियारों में गाहे-बगाहे लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़ने की आयुसीमा घटाने की मांग उठती रहती है जो जायज भी है।बीते साल एक संसदीय समिति ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़ने की उम्र 25 साल से घटाकर 18 साल करने की सिफारिश की है। दूसरी ओर पिछली लोकसभा में राष्ट्रीय लोकदल के नेता जयंत चौधरी तथा राज्यसभा में आम आदमी पार्टी 'आप' के सदस्य राघव चड्ढा ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए आयुसीमा 21 साल करने संबंधी निजी विधेयक पेश किया है। इस मांग का समर्थन अन्य राजनीतिक दल भी कर रहे हैं।इन दलों की दलील है कि अगर नगरीय निकाय और पंचायती राज संस्थाओं के लिए चुनाव लड़ने की उम्र 21 साल है तब लोकसभा और विधानसभा के लिए 25 साल क्यों होना चाहिए? तर्क यह भी है कि यदि 18 साल की उम्र में युवा वोट डालकर सरकार चुन सकता है तो वह खुद सरकार में क्यों शामिल नहीं हो सकता? गौरतलब है कि युनाइटेड किंगडम, आस्ट्रेलिया, जर्मनी,कनाडा, स्वीटजरलैंड, स्वीडन, डेनमार्क और बेल्जियम में संसद की सदस्यता के लिए न्यूनतम आयु 18 साल है। अलबत्ता भारत में संसद और विधानसभा चुनाव लड़ने की उम्र घटाने की मांग इसलिए भी वाजिब है क्योंकि भारत भले ही आज औसत आयु के लिहाज से दुनिया का सबसे नौजवान देश है लेकिन साल 2030 के बाद देश की औसत आयु बढ़नी शुरू हो जाएगी लिहाजा आने वाले 7-8 सालों में युवाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में जनप्रतिनिधि के रूप में पहुंचने और सरकार का हिस्सा बनने का मौका जरूर मिलना चाहिए।

विचारणीय है कि विधायिका में नई पीढ़ी की भागीदारी बढ़ाने के लिए युवाओं को राजनीति के प्रति अपनी उदासीनता त्यागनी होगी। एक संस्था सीएसडीएस - लोकनीति के सर्वेक्षण के मुताबिक 46 फीसदी युवा राजनीति के प्रति रूचि नहीं रखते वहीं तीन चौथाई यानि 75 फीसदी युवा किसी भी प्रकार के चुनावी गतिविधियों में शामिल नहीं होना चाहते।युवाओं के राजनीति के प्रति अरुचि का अहम कारण सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियां है।आमतौर पर अभिभावकों और शिक्षाविदों का मानना है कि युवाओं को राजनीति के पचड़े में नहीं पड़ना चाहिए।यह भी सच है कि राजनीति एक महंगा और जोखिम भरा क्षेत्र है जिसमें सफलता की गारंटी लगभग अनिश्चित रहती है।इन सब मिथकों और मजबूरियों के कारण ही युवा राजनीति से दूर हो रहे हैं लेकिन इसका दुष्परिणाम हमारे राजनीतिक व्यवस्था में दिखाई दे रहा है।

युवाओं से अपेक्षा है कि वे अपने कैरियर के साथ -साथ राजनीतिक व्यवस्था में बदलाव का हिस्सा बनें क्योंकि लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनाव ही ऐसा साधन है जिसके जरिए लोगों को अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशासन और बेहतर रोजगार मुहैया कराया जा सकता है।देश के राजनीतिक इतिहास के पन्ने पलटें तो भारत के आजादी के आंदोलन से लेकर आजाद भारत में ऐसे जनांदोलन हुए हैं जिसे युवाओं ने ही मजबूती दी थी। इन आंदोलनों ने देश की दशा और दिशा दोनों बदल दी थी लिहाजा युवाओं को अपनी भूमिका राजनीतिक क्षेत्र में भी सुनिश्चित करनी होगी ताकि देश के लोकतांत्रिक व्यवस्था में नवाचार, नवोन्मेष और नवविचार का समावेश संभव हो सके।

## ईश्वरीय शक्ति हर प्राणी के भीतर है मौजूद



संकलित

दर्शन

सत्कर्म, जिनसे तुम्हें पुण्य मिलता है। तुम जब किसी के लिए कुछ अच्छा करते हो और वो तुम्हें हृदय से धन्यवाद करते हैं तब तुम्हें उसका पुण्य मिलता है। यही सत्कर्म है। दूसरे तरह के ऐसे कर्म जिनसे तुम्हें पाप मिलता है। तुम किसी के साथ कुछ करते हो, उन्हें दुःख, घुटन और परेशानी होती है, तब तुम पाप के भागी होते हो। मिश्रित फल वाले कर्म मिश्रित फल देते हैं। ऐसे कुछ कर्म जिनका फल पाप और पुण्य, दोनों का मिश्रण होता है। ऐसे कर्म, जो तटस्थ परिणाम देते हैं, जो पाप और पुण्य, दोनों ही नहीं देते हैं। जैसे तुम सुबह सैर करने जाओ, उससे न पाप है न पुण्य। वह कर्म मात्र है। तुम किसी कमरे की सफाई कर रहे हो, इसका भी कोई पाप पुण्य नहीं है। परंतु यही कर्म तुम यदि किसी की सहायता के लिए करो तब उससे पुण्य प्राप्त होता है। कृष्ण कहते हैं, तुम किसी की भी प्रार्थना करो, सब मुझ तक ही आना है क्यूंकि मैं ही अस्तित्त्व का केंद्र हूं। तुम किसी की कहीं भी आराधना करो, वह मन को घुलाने का कार्य मात्र है। जैसे एक मीठी गोली पानी में घुल जाती है, वह जैसे भी पानी में जाए, इससे कुछ अंतर नहीं पड़ता, उसे तो पानी में घुलना ही होता है। पूजा भी इसी तरह अपने मन को अस्तित्त्व के साथ एकाकार करने का कार्य है।

## सत्संग की महिमा, जब मैं त्यागें तो सब दुख भागें




संकलित

प्रेरणा

एक व्यक्ति सत्संग से बाहर निकला और जोर-जोर से हंसने लगा। पास खड़े गुरसिख ने पूछा, क्या हुआ बहुत खुश हो, तुम्हें क्या मिल गया है? उसने कहा, आज से मुझे कोई हरा नहीं सकता। मैं किसी से हारूंगा नहीं। दूसरे ने पूछा, अरे भाई मुझे भी बताओ ऐसी क्या बात है? आप कभी हारेंगे कैसे नहीं? तो पहले ने कहा, बड़ा आसान उपाय है। सामने वाले के पांव पकड़ लो और धन निरंकार कह दो, सामने वाला दयालु हो जाएगा। आशीर्वाद मिलेगा और अपनी मैं की भावना भी मिटेगी। अगर नम्रता का गुण होगा तो कभी कोई झगड़ा नहीं होगा, तकरार नहीं होगी, प्यार ही प्यार होगा। रोज सत्संग में आओ, दंडवत नमस्कार करना शुरू करो, आप अपनी मैं को खोज नहीं पाओगे। सत्संग से हमें यही शिक्षा मिलती है कि आनंद में रहो, खुश रहो। जब मैं त्यागें तो सब दुख भागें। दौड़-दौड़ कर सत्संग में आओ, दुख आपसे दौड़ जाएंगे। आनंद में रहने की आदत बन जाएगी। प्रातःकाल का सत्संग जीवन में अनेक लाभ देता है। प्रातःकाल जल्दी उठकर स्नान आदि करके सत्संग में जाना अच्छी आदत होती है जिससे सारा दिन अच्छा गुजरता है। जैसे सुबह एक बार स्कूटर की टंकी तेल से फुल कर लें, तो सारे दिन की चिंता खत्म हो जाती है। जहां जाना होता है, घूमते फिरो, पेट्रोल डलवाने की चिंता नहीं। इसी प्रकार सुबह संतों के दर्शन हो जाएं और सद्गुरु का आशीर्वाद मिल जाए, तो सारा दिन खुशी-खुशी आनंद से कटता है।

## अंतर्मन





## आज की पाती

### सरकार को बढ़ती कीमतों पर अब लगाम लगाना चाहिए

अगर देश में कोई भी खाने की चीज, वो भी गरीब से गरीब के लिए भी रोजमर्रा में प्रयोग होने वाली हो, महंगी हो जाए तो सरकारों को उसकी कीमत कम करने के उपाय प्राथमिक आधार पर करने चाहिए। विकास के वादे और दावे तब तक खोखले माने जा सकते हैं, जब तक देश में पैदा होने वाली चीजें महंगी होंगी। अब तो सरकारों को बढ़ती कीमतों को रोकने के लिए कुंभकर्णी नींद से जाग जाना चाहिए, हर तरह की महंगाई को मुद्दा बनाकर चुनाव लड़े जाते हैं, लेकिन महंगाई के समाधान के लिए किसी भी राजनीतिक पार्टी की सरकार ने आज तक गंभीरता नहीं दिखाई। *-विकास कुमार साहू, रायपुर*

## ट्रेंड

### आयुष्मान भारत योजना



मुझे इस बारे में जानकर बहुत संतोष हुआ है कि बीते कुछ वर्षों में देश में समय पर कैंसर का इलाज करवाने वाले मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। इसमें आयुष्मान भारत योजना एक बड़ा संबल बनी है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### संवेदना व्यक्त



महावीर मंदिर न्यास के सचिव व पूर्व आईपीएस आचार्य किशोर कुणाल का निधन दुःखद है। सेवा, संस्कृति व सामाजिक कार्यों के प्रति समर्पित किशोर कुणाल ने शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य किए। उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूँ। ॐ शांति।

**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### समाधि के लिए जमीन



देश के सभी प्रधानमंत्रियों का अंतिम संस्कार राजघाट पर किया जाता था। लेकिन अब 10 वर्ष प्रधानमंत्री रहे डॉ. मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार और समाधि के लिए बीजेपी सरकार 1000 गज जमीन भी न दे सकी?

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम नई दिल्ली**

### आप सरकार को आदेश



यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि दिल्ली की जनता के स्वास्थ्य से जुड़े पीएम अभिम योजना का लाभ दिल्ली को दिलाने के लिए दिल्ली हाईकोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ा एवं आदेश जारी कर आप सरकार को एमओयू साइन करने का आदेश देना पड़ा।

**-बांसुरी स्वराज, भाजपा सांसद**

## करंट अफेयर

### मस्क ने एच-1बी वीजा को बचाने के लिए खाई कसम



एलन मस्क को एच-1बी वीजा कार्यक्रम को बचाने के लिए नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन मिला है। एक दिन पहले ही अरबपति कारोबारी ने कुशल विदेशी पेशेवरों को अमेरिका लाने को इस कार्यक्रम की रक्षा करने के लिए युद्ध तक करने की कसम खाई थी। ट्रंप ने अपने सरकारी दक्षता मंत्रालय का नेतृत्व करने के लिए मस्क को भारतीय-अमेरिकी प्रौद्योगिकी उद्यमी विवेक रामास्वामी के साथ चुना है। मस्क ने पिछले हफ्ते तर्क दिया था कि उनकी स्पेसएक्स और टेस्ला जैसी प्रौद्योगिकी कंपनियों के लिए विदेशी पेशेवरों की जरूरत है। मस्क ने शुक्रवार को इस बारे में 'एक्स' पर एक उपयोगकर्ता को फटकार लगाई, जिसने वीजा कार्यक्रम पर उनके रुख पर हमला करने के लिए उनके ही एक वीडियो का इस्तेमाल किया था।मस्क ने 'एक्स' पर लिखा, मैं एच1बी कार्यक्रम के कारण ही स्पेसएक्स, टेस्ला और अमेरिका को मजबूत बनाने वाली सैकड़ों अन्य कंपनियों का निर्माण करने वाले कई महत्वपूर्ण लोगों के साथ अमेरिका में हूं। इसके बाद शनिवार को ट्रंप ने मस्क का पक्ष लेते हुए कहा कि वह अपने कुछ समर्थकों के विरोध किए जाने वाले कार्यक्रम का पूरी तरह से समर्थन करते हैं।

## ऑफ बीट

### नियमित त्वचा कैंसर की जांच की आवश्यकता नहीं



ऑस्ट्रेलिया विश्व में त्वचा कैंसर की सबसे अधिक दर वाले देशों में से एक है, जहां हर साल लगभग 19,000 ऑस्ट्रेलियाई लोगों में त्वचा कैंसर के सबसे खतरनाक प्रकार 'मेलेनोमा' का निदान किया जाता है। मेलेनोमा तेजी से बढ़ता है और किसी भी अंग में फैलने की क्षमता रखता है। मेलेनोमा मेलेनोसाइट्स नामक त्वचा कोशिकाओं से आता है। मेलेनोमा हालांकि घातक हो सकता है, लेकिन यदि इसका समय पर पता चल जाये तो इसका इलाज संभव है। ऑस्ट्रेलिया में नैदानिक दिशानिर्देश और स्वास्थ्य अधिकारी सामान्य आबादी में मेलेनोमा की जांच की अनुशंसा नहीं करते हैं। दुनियाभर में ऑस्ट्रेलिया में कैंसर की सबसे अधिक दर को देखते हुए यहां कोई राष्ट्रीय जांच कार्यक्रम क्यों नहीं है? ऑस्ट्रेलिया में वर्तमान में स्तन, गर्भाशय-ग्रीवा और आंत्र कैंसर की जांच की जाती है तथा 2025 में फेफड़े के कैंसर की जांच भी शुरू की जायेगी। यह सवाल कि क्या सभी लोगों की मेलेनोमा और अन्य त्वचा कैंसर के लिए जांच की जानी चाहिए, जटिल है। प्रत्येक वर्ष 19,000 घातक मेलेनोमा के निदान के अतिरिक्त, लगभग 28,000 लोगों में 'इन-सीटू' मेलेनोमा का निदान किया जाता है। 'इन सीटू' मेलेनोमा नामक त्वचा कैंसर का सबसे प्रारंभिक चरण है।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# मैं अपनी बेटी को खुद पालूंगी...

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


कल्कि 2898 एडी की अपार सफलता के बाद से ही फिल्म के प्रशंसक बेसब्री से इसके सीक्वल का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, ऐसा लग रहा है कि इस फिल्म के प्रशसंकों को थोड़ा और ज्यादा इंतजार करना पड़ सकता है। कल्कि 2 की शूटिंग 2025 की गर्मियों में शुरू होनी थी, लेकिन इसकी शूटिंग में थोड़ी और देरी हो सकती है क्योंकि दीपिका अपनी बेटी दुआ की वजह से जल्दी काम पर लौटना नहीं चाहती हैं, जिसकी वजह से इसकी शूटिंग में और देरी हो सकती है। हाल ही में दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने मुंबई में एक निजी कार्यक्रम आयोजित किया, जहां उन्होंने अपनी बेटी दुआ से पैपराजी को मिलवाया। वहीं इसी बीच मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कार्यक्रम के दौरान जब दीपिका से कल्कि 2 के बारे में पूछा गया तो इस पर, अभिनेत्री ने कहा कि बेबी दुआ उनकी पहली प्राथमिकता हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस दौरान दीपिका ने कहा कि आगामी फिल्मों पर जल्दी काम शुरू नहीं करेंगी, क्योंकि वह अपनी छोटी राजकुमारी को किसी नैनी के हाथों में नहीं सौपना चाहती हैं।



## मनोरंजन ही नहीं करती थीं फिल्में, ऑडियंस के लिए हुआ करते थे संदेश भी

# दर्शकों को आज भी याद हैं राजेश के डायलॉग्स, मिलते हैं जिंदगी के सबक

*नई दिल्ली। राजेश खन्ना की फिल्में सिर्फ दर्शकों का मनोरंजन नहीं करती थीं, उनमें ऑडियंस के लिए संदेश भी हुआ करते थे। इसके अलावा अभिनेता की कई फिल्मों के डायलॉग्स भी खूब मशहूर हुए, इन डायलॉग्स में भी दर्शकों को जिंदगी के लिए गहरे सबक दिए गए हैं।*



### 'हम सब तो रंगमंच की कठपुतलियां हैं'

फिल्म आनंद (1971) में राजेश खन्ना ने एक बीमार व्यक्ति का किरदार निभाया था, जिसे पता है कि वह जल्द मर जाएगा लेकिन वह जिंदादिली से जिंदगी को जीता है। फिल्म में अमिताभ बच्चन ने भी अभिनय किया था। इस फिल्म के अधिकतर डायलॉग्स फेमस रहे हैं। लेकिन सबसे मशहूर डायलॉग ये है- 'बाबू मोशाय.. जिंदगी और मौत ऊपर वाले के हाथ है जहांपनाइसे न तो आप बदल सकते हैं न मैं.. हम सब तो रंगमंच की कठपुतलियां हैं जिनकी डोर ऊपर वाले की उंगलियों में बंधी है।' यह डायलॉग राजेश खन्ना का किरदार आनंद, अमिताभ बच्चन के किरदार से कहता है। आज भी यह डायलॉग दर्शकों के मन में बसा हुआ है क्योंकि इसमें जिंदगी को जीने का गहरा सबक छिपा है।

### 'इस दुनिया में दो टांग वाला जानवर'

फिल्म 'हाथी मेरे साथी (1971)' में राजेश खन्ना ने हाथियों के साथ शूटिंग की थी। यह फिल्म इंसान और जानवरों के बीच के एक अलग तरह के गहरे लगाव की कहानी को कहती है। इसी फिल्म का एक डायलॉग है-'इस दुनिया में दो टांग वाला जानवर सबसे खतरनाक जानवर है। इस डायलॉग में राजेश खन्ना का किरदार ऐसे इंसानों की बात कर रहा है, जो बहुत ही खतरनाक हैं, उन्होंने ऐसे ही लोगों को सबसे खतरनाक जानवर कहा। आज भी इंसान के रूप में ऐसे लोग मौजूद हैं, जो अमानवीय काम करते हैं, इंसानियत को शर्मसार करते हैं।

### 'इंसान को दिल दे जिस्म दे, दिमाग दे'

फिल्म 'रोटी (1974)' का एक डायलॉग दर्शकों के मन को विचलित करने की क्षमता रखता है। आज भी इस डायलॉग में कही गई बातें, हमारे समाज की सच्चाई हैं। फिल्म 'रोटी का यह डायलॉग है-'इंसान को दिल दे, जिस्म दे, दिमाग दे लेकिन ये कमबख्त पेट मत दे, उसे पेट देता है तो उसे भूख मत दे, उसे भूख देता है तो दो वक्त की रोटी का इंतजाम करके भेज वरना तुझे इंसान को पैदा करने का कोई हक नहीं है।'

### 'बड़ा आदमी तो वो होता है'

फिल्म 'अवतार (1983)' में राजेश खन्ना का खुद्दार इंसान का किरदार दर्शकों को खूब पसंद आया। इसमें एक डायलॉग है- 'बड़ा आदमी तो वो होता है, जो दूसरों को छोटा नहीं समझता, यह डायलॉग बताता है कि कोई भी इंसान बड़ा या छोटा नहीं होता है, सभी समान हैं।

### 'एक छोटा सा जख्म बहुत गहरा दाग बन सकता है'

फिल्म आराधना (1969) में राजेश खन्ना और शर्मिला टैगोर मुख्य भूमिकाओं में थे। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट रही। इस फिल्म का एक डायलॉग्स बहुत ही मशहूर है, जो इस तरह से है- 'एक छोटा सा जख्म बहुत गहरा दाग बन सकता है और एक छोटी सी मुलाकात जीवन भर का साथ बन सकती है।' यह डायलॉग फिल्म का हीरो, हीरोइन से कहता है।

### 'पुष्पा, मुझसे ये आंसू नहीं देखे जाते'

*फिल्म 'अमर प्रेम (1972)' का 'पुष्पा, मुझसे ये आंसू नहीं देखे जाते, आई हेट टियर्स' डायलॉग तो राजेश खन्ना की पहचान का अहम हिस्सा बन गया। आज भी जब राजेश खन्ना का नाम सुनाई पड़ता है तो 'आई हेट टियर्स' वाला डायलॉग ही सबसे पहले दर्शकों के मन में आता है।*

### 'किसी बड़ी खुशी के इंतजार में'

*फिल्म 'बावर्ची (1972)' राजेश खन्ना की एक शानदार फिल्म रही। इसमें भी जिंदगी के लिए बहुत से सबक हैं। एक डायलॉग इस फिल्म का है-'किसी बड़ी खुशी के इंतजार में, हम ये छोटी-छोटी खुशियों के मौके खो देते हैं। यह डायलॉग जब राजेश खन्ना फिल्म में कहते हैं, तो लगता है कि दर्शकों को जिंदगी जीने का कारगर मंत्र दे रहे हैं।*

# देश ही नहीं, दुनियाभर में साल 2024 में बजा इन बॉलीवुड फिल्मों का डंका...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड से लेकर साउथ तक भारतीय सिनेमा में कई फिल्मों ने इस साल सिनेमाघरों में दस्तक दी। कुछ पर दर्शक मेहरबान हुए तो रिकॉर्ड टूटे, वहीं कुछ फिल्में कब आईं और चली गईं पता नहीं चला। कुछ ऐसी फिल्में रिलीज हुईं, जिन्होंने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर तो धमाल किया ही, ग्लोबर स्तर पर भी झंडा बुलंद किया। देश के साथ-साथ विदेशों में इन फिल्मों ने जमकर नोट छापे।

**हनुमैन :** प्रशांत वर्मा के निर्देशन में यह फिल्म साउथ में रिलीज हुई। हिंदी भाषी दर्शकों तक भी इसे दर्शकों तक पहुंचाया गया। करीब 20 से 25 करोड़ रुपए के बजट में बनी इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की। इतना ही नहीं, विदेशों में भी इस फिल्म को दर्शक बड़ी संख्या में देखने आए। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक इसने 201.63 करोड़ रुपए का इंडिया नेट कलेक्शन किया। वहीं, वर्ल्डवाइड फिल्म की कमाई 295 करोड़ रुपए रही।

**लापता लेडीज :** किरण राव के निर्देशन में बनी यह फिल्म इस साल की सबसे चर्चित फिल्म साबित हुई है। यूं तो इसे बहुत कम बजट में बनाया गया, लेकिन इसने कमाई अच्छी की है। कमाई से ज्यादा इसे तारीफें खूब मिली हैं। इस साल इसे भारत की तरफ से ऑस्कर में आधिकारिक प्रविष्टि के रूप में भी भेजा गया, हालांकि अंतिम सूची में यह जगह नहीं बना पाई। भारत में यह फिल्म जब थिएटर्स में रिलीज हुई तो खास नहीं चली, लेकिन ओटीटी पर आने के बाद इसने तहलका मचा दिया। फिर इसे विदेशों में






रिलीज किया गया और वहां भी दर्शकों से इसे प्यार मिला। भारत में इस फिल्म ने 20.58 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया। वहीं, फिल्म का वर्ल्डवाइड कारोबार 27.06 करोड़ रुपए रहा।

**शैतान :** अजय देवगन और आर माधवन की फिल्म 'शैतान' भी इस लिस्ट में शामिल है। यूं तो इस साल अजय देवगन की कई फिल्में रिलीज हुईं-इनमें 'मैदान' से लेकर 'औरों में कहां दम था', 'नाम' और 'सिंघम अगेन' तक शामिल है। मगर उनकी फिल्म 'शैतान' का जो जलवा रहा, वह किसी का नहीं रहा। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह फिल्म करीब 60 से 65 करोड़ रुपए की लागत के साथ बनाई गई। दुनियाभर में इसने 211 करोड़ रुपए का कारोबार कर डाला।

**कल्कि 2898 एडी :** इस साल जून में प्रभास, दीपिका पादुकोण और अमिताभ बच्चन जैसे सितारों से सजी फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' रिलीज हुई। नाग अश्विन के निर्देशन में इस फिल्म को भारतीय दर्शकों ने खूब सराहा। इस फिल्म में वीएफएक्स का भी खूब कमाल दिखा। करीब 600 करोड़ रुपए के बजट में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर में 1,200 करोड़ रुपए कमाए। ओटीटी पर यह फिल्म नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है।

# 'सिम्बा' के छह साल पूरे होने का सारा ने मनाया जश्न...


**मुंबई।** सारा अली खान ने अपनी एक्शन कॉमेडी फिल्म 'सिम्बा' के छह साल पूरे होने सोशल मीडिया पर फिल्म की कई शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में फिल्म के लाजवाब सींस ने प्रशंसकों का दिल फिर से एक बार जीत लिया है। बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इस फिल्म में उनके साथ पहली बार आयुष्मान खुराना नजर आएंगे। इसी बीच सारा ने रोहित शेट्टी द्वारा निर्देशित फिल्म 'सिम्बा' की कुछ शानदार तस्वीरें शेयर की हैं, जो प्रशंसकों को बेहद पसंद आ रही हैं। सारा अली खान ने अपने इंस्टाग्राम की स्टोरी पर फिल्म सिम्बा की शानदार झलक दिखाई है, जिसमें उनके और रणवीर सिंह के कई शानदार सींस देखकर प्रशंसक बेहद खुश और उत्साहित हैं। यह फिल्म 28 दिसंबर, 2018 में रिलीज हुई थी और आज इस फिल्म को रिलीज हुए पूरे छह साल हो गए हैं। इसी मौके पर सारा ने फिल्म के कुछ शानदार पलों को इंस्टाग्राम पर शेयर कर प्रशंसकों को सरप्राइज दिया है। फिल्म में रणवीर सिंह ने तेजतर्रार पुलिस अधिकारी संग्राम भालेराव की भूमिका निभाई थी, जबकि सारा ने उनकी प्रेमिका शगुन की भूमिका निभाई थी।



# सुजॉय घोष की फिल्म में नजर आएंगे शाहिद कपूर?

**नई दिल्ली।** फिल्म निर्माता सुजॉय घोष और बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर कथित तौर पर एक संभावित थ्रिलर प्रोजेक्ट के लिए बातचीत कर रहे हैं। दोनों ने शुरुआत में 2021 में सहयोग करने की योजना बनाई थी, लेकिन शेड्यूल के ऊपर-नीचे होने के कारण इसे स्थगित करना पड़ा। अब, वे 2025 में प्रोडक्शन शुरू करने की योजना के साथ इस विचार पर फिर से काम कर रहे हैं। 'कहानी' (2012) और 'बदला' (2019) जैसी फिल्मों में अपने काम के लिए जाने जाने वाले घोष ने कथित तौर पर इस फिल्म की स्क्रिप्ट तैयार कर ली है। हालांकि कथानक का विवरण गुप्त रखा गया है, इसमें रहस्य और नाटक के जबर्दस्त तालमेल की संभावना है।





# अमिताभ के घर में घुस गए थे मीका...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड गायक मीका सिंह ने अमिताभ बच्चन को लेकर बात की है। एक बार उन्होंने बताया कि वे अमिताभ बच्चन की पार्टी में घुस गए थे। मीका सिंह ने बताया कि उनके भाई दलेर मेहंदी ने उनके साथ शरारत की थी, जब उन्होंने फोन पर बच्चन के एक नकली व्यक्ति को बुलाया और मीका से बात करवाई। उन्होंने कहा, हर साल, मिस्टर बच्चन अपने घर पर दिवाली मनाते थे, और मैं वहां से गुजरता था और सभी सजावट की प्रशंसा करता था। मैं हमेशा आमंत्रित होना चाहता था। मेरे पास एक बड़ी कार थी, एक हम्मर, इसलिए मैं एक बार बिना निमंत्रण के उनके घर में घुस गया। मैंने कुछ चक्कर लगाए और बाहर निकल गया।' मैं उन्हें अपने शो में आमंत्रित करता था। मैं उन्हें संदेश भेजता था और वे जवाब देते थे, 'भगवान तुम्हारा भला करे।'

## अनिरुद्ध के पिता ने ललॉन को दिया ये ऑफर...

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस के सीरियल झनक में बोस परिवार मुसीबत से जूझ रहा है। अनिरुद्ध अपने पिता के ही खिलाफ हो गया है। शुभो ललॉन को पैसे देने जाएगा। वहां, बस्ती में उसे सब घेर लेंगे। बिपाशा और मृणालिनी के बीच भी बहस देखने को मिली। स्टार प्लस के सीरियल झनक में अबतक आपने देखा कि झनक मुंबई चली गई है और वो किडनैप हो गई है। वहीं, अनिरुद्ध के परिवार पर भी मुसीबत आ गई। अनिरुद्ध के परिवार को सात दिनों में अपना घर खाली करके जाना है। इस मुसीबत से बचने के लिए अनिरुद्ध के पिता, माता, बिपाशा और लाल बस्ती में जाएंगे। अनिरुद्ध के पिता के बस्ती में पहुंचते ही सभी बस्ती वाले वहां आ जाएंगे। अनिरुद्ध के पिता को डर है कि उनके हाथ से उनका पैसा और घर जानेवाला है।

## टीवी मसाला


# सलमान संग शादी की खबर पर संगीता ने दिया जवाब...

**नई दिल्ली।** सलमान खान अपनी लव लाइफ को लेकर हमेशा से खबरों में बने रहे हैं। एक्टर का नाम ऐश्वर्या राय, कैटरीना कैफ, सोमी अली के साथ जुड़ा। संगीता बिजलानी के साथ तो उनके शादी के कार्ड तक छप गए थे। लेकिन बात शादी तक नहीं पहुंची। सलमान संग शादी के सच को संगीता बिजलानी ने कन्फर्म भी किया है। हाल में एक्ट्रेस इंडियन आइडल के शो पर पहुंची थीं। इसी दौरान एक कंटेस्टेंट ने जब दबंग खान से शादी के बारे में पूछा तो एक्ट्रेस मना नहीं कर पाई। इंडियन आइडल के नए प्रोमो में संगीता बिजलानी को बतौर गेस्ट के तौर पर देखा जा सकता है। कंटेस्टेंट रितिका राज सिंह ने एक्ट्रेस से सलमान खान संग शादी के कार्ड छपने की सच्चाई के बारे में पूछ लिया जिसे संगीता इग्नोर नहीं कर पाई। कंटेस्टेंट ने पूछा 'हमने सुना है कि आआप और सलमान सर के शादी कइ कार्ड छप गए थे?' शो के जज श्रेया घोषाल और विशाल ददलानी के साथ बैठीं संगीता ने कहा 'हां, ये झूठ तो नहीं है।'रिपोर्ट की मानें तो सलमान अपना फिल्मी करियर शुरू होने से पहले ही संगीता के साथ रिलेशनशिप में थे। दोनों ने करीब आठ साल एक दूसरे को डेट किया। शादी के कार्ड भी छप गए थे। लेकिन किसी बंधन में बंधने से पहले ही दोनों अलग हो गए। दोनों के ब्रेकअप के पीछे की सही वजह से सामने नहीं आई। लेकिन ऐसी खबरें थीं कि पाकिस्तानी एक्ट्रेस सोमी अली के सलमान की जिंदगी में आने के बाद इनका रिश्ता टूट गया था। सोमी ने इसकी पुष्टि की थी।



# बेबी बंप फ्लॉन्ट करतीं आई नजर...

**मुंबई।** आथिया शेट्टी और क्रिकेटर के एल राहुल जल्द पेरेंट्स बनने वाले हैं। कपल ने पिछले महीने खुशखबरी शेयर करते हुए बताया था कि वो जल्द दो से तीन होने वाले हैं। प्रेग्नेंसी के बाद से कपल ने मीडिया से दूरी बनाई हुई थी। लेकिन, अब अथिया का बेबी बंप के साथ का पहला वीडियो सामने आया है। वीडियो में एक्ट्रेस को बेबी बंप के साथ देखा जा सकता है। ये वीडियो ऑस्ट्रेलिया का है जिसमें अनुष्का शर्मा भी नज़र आ रही हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि अथिया अनुष्का शर्मा के पीछे स्ट्रिप टॉप और डेनिम लॉन्ग स्कर्ट में नज़र आ रही हैं। वहीं, अनुष्का नेवाइट वाइट और बेज पैंट कैरी किया है। दोनों नितीश कुमार रेडी के परिवार से मिलने के बाद क्रिकेट स्टेडियम में घूमती नज़र आई। राहुल और अथिया ने लंबे समय तक एक दूसरे को डेट करने के बाद जनवरी 2023 में शादी कर ली थी। अब शादी के करीब दो साल बाद दोनों अपने पहले बच्चे के साथ पेरेंट्स बनने वाले हैं। पिछले महीने कपल ने खुशखबरी अपने फैंस के साथ शेयर की थी। दोनों आने वाले नन्हे मेहमान के स्वागत के लिए एक्साइटेड हैं। प्रेग्नेंसी की हालत में अथिया पति के एल राहुल के साथ टाइम बिता रही हैं। क्रिकेटर इस समय ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में चल रही टेस्ट सीरीज के दौरान स्टेडियम में टीम का हौसला बढ़ा रही हैं।




www.pmfby.gov.in

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना
UIN: IRDAN126RP0001V01201617
पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना
UIN: IRDAN126RP0002V02200708

फसल बीमा कराओ सुरक्षा कवच पाओ

रबी 2024–25

भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ सरकार के सहयोग से एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा संचालित

- पीएमएफ़बीवाई रबी 2024-25 में छत्तीसगढ़ के 10 जिलों ( धमतरी, जशपुर, कोरबा, नारायणपुर, राजनांदगाव, खैरागढ़ - छुईखदान - गडई, कोंडागाव, महासमुंद, रायगढ़, सुरजपुर ) में संचालित की जा रही है।
- आरडबल्यूबीसीआईएस रबी 2024-25 में छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों में संचालित की जा रही है।

अधिसूचित फसलें
पीएमएफ़बीवाई - चना, गेहूं सिंचित, गेहूं असिंचित, राई-सरसों एवं अलसी
आरडबल्यूबीसीआईएस - टमाटर, बैगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, प्याज एवं आलू



आधार अनिवार्य
किसान भाईयों से अनुरोध है कि वो अपना आधार 31.12.2024 से पूर्व, बैंक में अपडेट करालें। फसल बीमा पोर्टल पर बिना आधार प्रमाणीकरण के बीमा मान्य नहीं होगा।

किसान द्वारा देय प्रीमियम बीमित राशि का मात्र 1.5% (पीएमएफ़बीवाई ), 5% (आरडबल्यूबीसीआईएस )

बीमा करवाने हेतु संपर्क करें :
- बैंक की किसी निकटस्थ शाखा / सहकारी समिति (जहां उनका बचत खाता है)
- ग्राहक सेवा केन्द्र / कॉमन सर्विस सेंटर (CSC)
- फसल बीमा पोर्टल (www.pmfby.gov.in) पर ऑनलाइन
- क्रॉप इंश्योरेंस एप (Crop Insurance App)
- ए.आई.सी. के प्रतिनिधि / कार्यालय अथवा अधिकृत इन्टरमीडियरीज

बीमा करवाने की अंतिम तिथि
31/12/2024

आवश्यक प्रपत्र :
1) नवीनतम आधार कार्ड
2) नवीनतम भूमि प्रमाण पत्र ( बी-1, पी - 2 )
3) बैंक पासबुक के पहले पन्ने की कॉपी जिस पर एकाउंट नंबर / आईएफएससी कोड / बैंक का पता साफ दिख रहा हो
4) फसल बुवाई प्रमाण-पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने के आशय का स्वघोषणा पत्र
5 ) किसान का वैध मोबाईल नंबर
6) बटाईदार / कास्तकार / साझेदार किसानों के लिए - फसल साझा / कास्तकार का घोषणा पत्र |

पीएमएफ़बीवाई चैट बॉट 7065514447

HO/24-25/1A/30

भारतीय कृषि बीमा कंपनी | AGRICULTURE INSURANCE COMPANY OF INDIA LTD.
क्षेत्रीय कार्यालय: एल.आई.सी. इनवेस्टमेंट बिल्डिंग, फेस-2, द्वितीय तल, पंडरी, रायपुर- 492004 (छ.ग.)
फोन/फैक्स: 0771-4306612 ई-मेल: ro.raipur@aicofindia.com
पंजीकृत कार्यालय: प्लेट बी और सी, 5वीं मंज़िल, ब्लॉक 1, ईस्ट किदवई नगर, नई दिल्ली-110023.
सीआईएन: U74999DL2002PLC118123, आईआरडीएआई पंजीकरण सं. 126
aicofindialtd aicofindia aicofindia

कृषि रक्षक पोर्टल हेल्पलाइन 14447

फसल हो या कृषि संपदा। बीमा सुरक्षा हमारा वादा ॥

## जैकेट के शेष

### कोनेरू हंपी बनीं ...

प्रतियोगिता में मॉस्को में 2012 में कांस्य जबकि पिछले साल उज्बेकिस्तान के समरकंद में रजत पदक जीता था। **मुर्जिन को पुरुष वर्ग का खिताब** : रूस के 18 वर्षीय वोलोडर मुर्जिन ने पुरुष वर्ग का खिताब जीता। नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के बाद मुर्जिन दूसरे सबसे युवा फिडे विश्व रेपिड चैंपियन हैं। नोदिरबेक ने 17 वर्ष की उम्र में खिताब जीता था।
**शानदार वर्ष का अंत** : हंपी की उपलब्धि के साथ भारतीय शतरंज के लिए एक शानदार वर्ष का अंत हुआ। इससे पहले डी गुकेश हाल ही में सिंगापुर में क्लासिकल प्रारुप विश्व चैंपियनशिप में चीन के डिंग लिरेन को हराकर चैंपियन बने थे। सितंबर में भारत ने बुडापेस्ट में शतरंज ओलंपियाड में पहली बार ओपन और महिला वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था। **परिवार को दिया श्रेय** : हंपी ने इस सफलता का श्रेय अपने परिवार को दिया। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि यह मेरे परिवार के समर्थन की वजह से संभव हुआ। मेरे पति और मेरे माता-पिता...वे मेरा बहुत समर्थन करते हैं। जब मैं यात्रा करती हूं तो मेरे माता-पिता मेरी बेटी की देखभाल करते हैं। 37 साल की उम्र में विश्व चैंपियन बनना आसान नहीं है। जब आपकी उम्र बढ़ती है तो उस प्रेरणा को बनाए रखना और जरूरत पड़ने पर चुस्त बने रहना काफी मुश्किल होता है। मुझे खुशी है कि मैं यह कर पाई।'

### बुमराह ने झटके ...

98 टेस्ट में 20.99 की औसत से 405 विकेट लिए थे। गेंदबाजी औसत का मतलब है प्रति विकेट कितने रन खर्च किए गए। वहीं, गेंदबाजी स्ट्राइक रेट का मतलब है प्रति विकेट कितनी गेंद फेंकी।

### पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन ....

पत्नी गुरशरण कौर, उनकी तीन बेटियां - उपिंदर सिंह, दमन सिंह और अमृत सिंह अन्य रिश्तेदारों के साथ इस मौके मौजूद थीं। परिवार सिख रीति-रिवाजों के अनुरूप एक जनवरी को 3, मोतीलाल नेहरू मार्ग स्थित अपने आधिकारिक आवास पर 'अखंड पाठ' का आयोजन करेगा। इसके अलावा पूर्व प्रधानमंत्री की याद में संसद परिसर के पास रकाबगंज गुरुद्वारे में 3 जनवरी को भोग, अंतिम अरदास और कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इससे पहले कांग्रेस ने अपने आधिकारिक पेज पर यह जानकारी देते हुए ट्वीट किया, आज भारत मां के सपूत और देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह जी की अस्थियां पूरे विधि-विधान के साथ मजनू का टीला स्थित गुरुद्वारे के पास यमुना घाट पर विसर्जित की गईं। हम सभी मनमोहन सिंह जी की देश सेवा, समर्पण और उनकी सहजता को हमेशा याद रखेंगे।

### पीएचक्यू में तैनात कंपनी...

रविवार दोपहर के बाद की बताई जा रही है। जानकारी मिलने के बाद मौके पर फोरेंसिक एक्सटपर्ट की टीम पहुंची। मौके पर पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस खुदकुशी की वजह तनाव बता रही है। घटना की जानकारी मृतकों के परिजनों को पुलिस ने दी है। मृतक के परिजनों के पहुंचने के बाद सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। कंपनी कमांडर अनिल सिंह की ड्यूटी पुलिस मुख्यालय के गेट नंबर-3 के पास लगाई गई थी। रविवार को अवकाश होने की वजह से अनिल सिंह ड्यूटी जल्दी समाप्त कर अपनी बैरक में पहुंच गया था।

### विवाद की वजह...

विवाद के बाद एपीसी ने अनिल का स्थानांतरण नक्सल प्रभावित क्षेत्र में कराने की धमकी दी थी। अनिल ने इसकी शिकायत आला अफसरों से की थी, लेकिन किसी ने शिकायत पर ध्यान नहीं दिया। इस कारण तनाव में आकर अनिल ने खुदकुशी कर ली, ऐसी बात सामने आ रही है। एसपी लाल उम्मेद सिंह ने परिजनों से पूछताछ करने के बाद कार्रवाई करने की बात कही।

### भ्रष्टाचार केवल एक ...

को जन्म देता है, जिसका पूरे देश की अर्थव्यवस्था पर असर पड़ रहा है। कोर्ट ने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को जमानत का लाभ नहीं दिया जा सकता है। ईओडब्ल्यू एवं एसीबी ने रायपुर निवासी कारोबारी अनवर ढेबर के खिलाफ 11 जुलाई 2023 को सह अभियुक्त अनिल टुटेजा, अरूणपति त्रिपाठी एमडी सीएसएमसीएल, विकास अग्रवाल, संजय दीवान एवं अन्य आबकारी अधिकारियों से सिंडिकेट बनाकर प्रदेश में शराब बिक्री से अवैध कमीशन वसूली के मामले में धारा 420, 468, 471 एवं 120 बी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर अप्रैल 2024 को गिरफ्तार किया है। इस मामले में ईडी ने नवंबर 2024 को अलग से अपराध दर्ज किया है। इसके अलावा आयकर विभाग ने भी उसके विभिन्न परिसर में छापामार कार्रवाई की है। जल में बंद अनवर ढ़ेबर ने हाईकोर्ट में जमानत हेतु आवेदन प्रस्तुत किया था। आवेदन पर जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा की कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने सुनवाई में पाया कि विभिन्न व्यक्तियों के बयान दर्ज किए गए जिन पर आरोप है छत्तीसगढ़ राज्य में शराब सिडिकेट का एक हिस्सा है।

### सिंडिकेट ने पूरी ....

दिया गया। यह भी पाया गया है कि राज्य में शराब की बिक्री से तीन अलग-अलग तरीकों से पैसा मिलता था। इसलिए मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को जमानत का लाभ नहीं दिया जा सकता है।

### कार अनियंत्रित होकर ....

शनिवार रात 11.30 बजे धमधा की ओर जा रहे थे। इस दौरान ग्राम मेडेसरा के पास बने पावर ग्रिड के पास कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। कुछ देर बाद कार में आग भी लग गई थी। हालांकि समय रहते सभी को कार से बाहर निकाल लिया गया था। कार के सामने बैठे अमित ताम्रकर और आदित्य कसार की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं कार में पीछे बैठे उक्त दोनों युवकों को शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट लगने से उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। आसपास के लोगों की मदद से घायलों को डायल 112 की मदद से दुर्ग जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां से दोनों घायलों को भिलाई स्थित श्री शंकराचार्य अस्पताल रेफर कर दिया गया। खबर लिखे जाने तक दोनों की स्थित गंभीर बनी हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवकों के शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजकर घटना की जानकारी परिजनों को दी है। घटना की खबर लगते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।
**पुलिस जांच में जुटी** : सड़क हादसे में युवकों की मौत हो गई। वहीं दो का उपचार अस्पताल जारी है। अनियंत्रित पेड़ में टकरा जाने हादसा हुआ। कार में आग भी लग गई। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है।
**-मनीष शर्मा**, टीआई थाना नंदिनी

### मृतकों में नगर ....

अनिश ताम्रकर के पिता कौशिक ताम्रकर नगर पंचायत धमधा के पूर्व पार्षद रहे है। घायल सुधांशु ताम्रकर के पिता का निधन पहले ही हो चुका है। इनका धमधा में इलेक्ट्रानिक का दुकान है।

### प्रकृति अनुकूल आचरण ....

साथ ही व्यक्त होता है। संघ कुछ नहीं करता किंतु संघ के स्वयंसेवक हर वह कार्य करते हैं, जिसकी समाज में आवश्यकता होती है। पर्यावरण का संरक्षण एवं उसके संवर्धन हेतु हम सभी को आगे आना होगा। इसके लिए सर्वप्रथम हमें स्वयं से प्रारंभ करना होगा। उत्पादन से लेकर उसके वितरण व उपभोग के समय हमें प्रकृति एवं मातृभूमि का ध्यान आना चाहिए। आज जब पूरी दुनिया जलवायु संकट से जूझ रही है तब भारत की ओर विश्व देख रहा है, क्योंकि भारत ने अपने प्रकृति अनुकूल व्यवहार व परंपराओं से यह प्रमाणिकता अर्जित की है।

## पेज एक के शेष

### इंजीनियरिंग छात्र अब...

कर रहे हैं। इसे देखते हुए एनआईटी ने अपने छात्रों को इससे संबंधित पाठ्यक्रम उपलब्ध कराने का फैसला किया है। एआई के साथ ही मशीन लर्निंग कोर्स का भी संचालन एनआईटी करेगा। एमएल अर्थात मशीन लर्निंग आर्टिफिशियल लर्निंग का ही एक उपसमूह है। एआई के साथ एमएल का प्रयोग भी प्राइवेट सेक्टर में हो रहा है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि आने वाले दिनों में इससे संबंधित क्षेत्रों में विशेषज्ञों की मांग बढ़ेगी। इसके अलावा इसमें रोजगार की संभावनाएं भी भविष्य में अधिक होंगी।

### रनवे से फिसला...

समयानुसार सुबह नौ बजकर तीन मिनट पर हुई। दक्षिण कोरिया की अग्निशमन एजेंसी ने बताया कि आग लगने की घटना में 179 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 85 महिलाएं और 84 पुरुष शामिल हैं, हालांकि 10 अन्य लोगों की पहचान तत्काल नहीं हो सकी। आपातकालीन कर्मचारियों ने दो लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला और ये दोनों चालक दल के सदस्य थे। स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि वे होश में हैं और उनकी जान को खतरा नहीं है। अग्निशमन एजेंसी ने बताया कि अब तक मिले 177 शवों में से अधिकारियों ने 88 की पहचान कर ली है। यात्रियों में मुख्य रूप से दक्षिण कोरियाई नागरिक और थाईलैंड के दो नागरिक भी शामिल थे।

### पूर्व गृहमंत्री कंवर...

अधिकारी नजरअंदाज कर रहे हैं। एक सवाल के जवाब में कहा कि यहां कोई नहीं सुन रहा है, इसलिए पीएम नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के साथ ही केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री किशन रेड्डी से भी इस मामले की सीबीआई और ईडी से जांच कराने के लिए मांग करनी पड़ी।

### नियमों की हो...

को प्रसारित करती है। जिलों के कलेक्टर मनमाने तरीके से इसका उपयोग कर भ्रष्टाचार करते हैं। कोरबा और दंतेवाड़ा में हुए भ्रष्टाचार को प्रमुखता से रखते हुए मामले में जांच कराने के लिए केंद्र सरकार से शिकायत की है।

### नई नक्सल नीति, सरेंडर...

आगामी जीवन में रोजगार हासिल कर सकें। उन्होंने बताया कि सरकार ने नई पॉलिसी तैयार की है। नई नीति के तहत सरकार ने यह भी तय किया है कि सरेंडर करने वाले नक्सलियों पर जो इनाम की राशि होती है, वह भी नक्सलियों को ही दी जाएगी। अब तक यह राशि इनामी नक्सलियों को पकड़ने वाली फोर्स की टीम में बांट दी जाती थी। नई नीतियों को बेहतर बताते हुए विजय शर्मा रविवार को सुविधाएं गिनाते हुए बोले ये फायदे सुनने के बाद मुझसे एक सीनियर पत्रकार ने कहा था कि ऐसे में तो नक्सली बनना ही अच्छा है। यह कहकर गृहमंत्री मुस्कुराए।
**सरेंडर करने वाले नक्सलियों को रखने पांच जिलों में बन रहे भवन** : श्री शर्मा ने कहा, बस्तर में अनेक आयामों में काम हो रहे हैं। हम ये भी कर रहे हैं कि सरेंडर बढ़े, लोग नक्सलवाद में न जाए। अब बस्तर के पांच जिलों में ऐसे भवन तैयार हैं, जहां पर सरेंडर करने वाले नक्सलियों को रखा जाएगा। इन भवनों में उनका स्किल डेवलपमेंट किया जाएगा। वहां उनके रहने खाने के लिए 3 साल की व्यवस्था होगी। जो हथियार वह लेकर के आएंगे उस हथियार के जुड़ी जो राशि घोषित है वह भी उनको दी जाएगी। उनको प्लॉट दिया जाएगा, उनको प्रधानमंत्री आवास दिया जाएगा।

### कोर्ट ने कहा- शारीरिक संबंध...

सजा सुनाई थी। पीठ ने अपने फैसले में कहा कि यह साफ नहीं है कि निचली अदालत ने यह कैसे निष्कर्ष निकाला कि जब पीड़िता खुद से आरोपी के साथ गई थी, तो उसका यौन उत्पीड़न कैसे हुआ था? अदालत ने साफ कहा कि शारीरिक संबंध या 'संबंध' से यौन उत्पीड़न और फिर यौन उत्पीड़न तक की बात को साक्ष्य द्वारा स्थापित किया जाना चाहिए और इसे अनुमान के रूप में नहीं निकाला जा सकता। अदालत ने 23 दिसंबर को पारित अपने फैसले में कहा कि सिर्फ यह तथ्य कि पीड़िता की उम्र 18 साल से कम है, इस निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा जा सकता कि यौन उत्पीड़न हुआ था। पीड़िता ने सुनवाई के दौरान 'शारीरिक संबंध' शब्द कहा था, लेकिन यह साफ नहीं है कि उसने इस शब्द का इस्तेमाल किस अर्थ में किया था।

### क्या है मामला

मार्च 2017 में नाबालिग लड़की की मां ने पुलिस में शिकायत कर आरोप लगाया था कि उसकी 14 वर्षीय बेटी को एक अज्ञात शख्स ने पहले बहला-फुसलाया और उसे घर से अगवा कर लिया। नाबालिग आरोपी के साथ फरीदाबाद मिली। बाद में उसे अरेस्ट किया गया। दिसंबर 2023 में आईपीसी के तहत पोक्सो के तहत यौन उत्पीड़न के अपराध के लिए आरोपी को निचली अदालत ने दोषी करार दिया और आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। इसके खिलाफ आरोपी ने हाईकोर्ट में फरियाद की थी।

### शारीरिक संबंध को लेकर...

फैसले में किसी भी तर्क का पूरी तरह से अभाव है और यह दोषसिद्धि के लिए किसी भी तर्क को प्रकट या समर्थन नहीं करता है। ऐसी परिस्थितियों में, फैसला रद्द किए जाने योग्य है। अपीलकर्ता को बरी किया जाता है।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

# बाघ अभयारण्य में कछुओं का शिकार करते दो पकड़ाए, एक फरार


**पीलीभीत।** पीलीभीत बाघ अभयारण्य के दियोरिया रेंज में कछुओं का अवैध शिकार करने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक अन्य आरोपी फरार हो गया। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार शनिवार शाम को दो संदिग्ध शिकारियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की पहचान रंजीत हलधर और उत्तम बाछड़ के रूप में हुई है। तीसरा आरोपी विश्वजीत हलधर मौके से फरार हो गया।

सिंह के अनुसार, अधिकारियों ने गिरफ्तार दो लोगों से सात कछुए बरामद किये। बरामद कछुओं को बाद में वन क्षेत्र के जलाशय में वापस छोड़ा जाएगा। अधिकारी ने कहा कि पकड़े गए लोगों के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की गई।

# ट्रेन की चपेट में आया हाथी गंभीर रूप से घायल

**अगरतला।** त्रिपुरा के खोवाई जिले में तेज गति से गुजर रही ट्रेन की चपेट में आने से एक पूर्ण विकसित हाथी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिला वन अधिकारी अक्षय बालू भोरडे ने बताया कि शनिवार रात अगरतला से धर्मनगर जा रही एक लोकल ट्रेन ने चंपलाई में हाथी को टक्कर मार दी। जब यह दुर्घटना हुई तब हाथियों का झुंड एक स्थान से दूसरे स्थान की ओर जा रहा था। हाथियों के आवागमन के लिए बनाए गए गलियारे के कारण ट्रेन को कम गति से चलना था, लेकिन हो सकता है कि इसकी गति 50 किलोमीटर प्रति घंटा से अधिक हो गई हो, जिससे हाथी को गंभीर चोटें आईं।

## शब्द पहेली - 5732



**बाएँ से दाए-**
1.ईश्वर,करतार-3
3.मुस्कुराहट-3
5.ईख-2
6.रजनीगंधा -2,1,2
9.समुद्र तट (अंग्रेजी-2)
11.ताकत,दम-2
12.अमिताभ व किमी काटकर की फिल्म-2
13.वेतन,पगार-3
16.मनोनीत,नामकृत-3
18.बंधक,गिरवी वस्तु-3
20.निशा,रात्री-3
22.वचन,प्रतिज्ञा-3
23.श्रीनगर की झील-2
24.मूल्य,कीमत-2
25.असावधान-3
28.धिक्कार,फटकार-3
30.हवा,पवन-3
31.झाझर,कुंभ-3
33.चिंतन-3
35.संस्कृत में मेरा-2
36.मादा का विलोम-2
38.कुबेर,भूत-2
40.परोपकारी,जितेंद्र की एक फिल्म-5
41.फलों का राजा-2
42.फूल चुननेवाली-3
43.घोड़ों की देखभाल करनेवाला-3

**ऊपर से नीचे**
1.तमिल भाषा में बड़ा भाई-2
2.बेकार-3
3.दीवान,खजांची-3
4.पैगंबर,रसूल-2
5.झूठ,मिथ्या -3
7.तेल में पकाना-3
8.आराम,मदद-3
10.गुलिस्ता-3
14.नरकभोगी-5
15.खुजली-2
17.सखा,दोस्त-2
18.मजा,आनंद-2
19.स्वदेशवासी-5
21.सुई (अंग्रेजी-3)
22.विष्णुप्रिया-3
26.पुनः,वापस-2
27.मर्करी,पारद-2
29.भीगा हुआ-2
30.वक्त,टाईम-3
31.अच्छी बुद्धि-3
32.निम्नता-3
34.मुलायम-3
35.बड़ा,विशाल-3
37.धनवान-3
39.माफी-2
41.उम्मीद-2

**शब्द पहेली -5731 का हल**



# जैसलमेर में जमीन से अचानक निकलने लगा पानी, बहने लगी नदी! समा गया ट्रक

## लोगों को घर खाली करने का निर्देश

एजेंसी ▶▶ जैसलमेर

जैसलमेर में अजीबोगरीब घटना सामने आई है, जो काफी चर्चा का विषय है. दरअसल, जिले के मोहनगढ़ थाना क्षेत्र में एक गांव में ट्यूबवेल की खुदाई के दौरान अचानक जमीन से पानी की तेज धारा निकलने लगी और देखते ही देखते चारों तरफ पानी ही पानी नजर आने लगा। ट्यूबवेल की खुदाई कर रहा ट्रक भी उसी में समा गया। घटना की जानकारी पहुंचे प्रशासन ने आसपास के घरों में रह रहे लोगों को सुरक्षित स्थान पर जाने का निर्देश दिया है।

### यह विलुप्त हो चुकी सरस्वती नदी का है इलाका



### 500 मीटर के परिधि तक लोगों के जाने पर रोक

घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। पुलिस-प्रशासन के अधिकारी पहुंचे। सभी आम लोगों को यह भी निर्देश दिया गया कि जहां पर यह घटना हुई है, उसके 500 मीटर की परिधि के अंदर कोई भी व्यक्ति प्रवेश न करें। उप तहसीलदार व कार्यपालक मजिस्ट्रेट ने मौका रिपोर्ट में बताया कि पानी के बढ़ते प्रेशर को देखते हुए आसपास मकान में रहने वाले लोगों से सुरक्षित स्थान पर जाने के निर्देश दिए गए हैं। बड़ी बात है कि जिस क्षेत्र में ट्यूबवेल की खुदाई के समय यह घटना घटी है। वह विलुप्त हो चुकी सरस्वती नदी का इलाका है। भूजल वैज्ञानिक नारायण दास का कहना है कि भूविज्ञान के अंदर इसे ऑर्टिजन कंडीशन कहते हैं। यह कोई सामान्य घटना नहीं है। यह स्थिति कई दिनों तक रह सकती है। नारायण दास ने ट्यूबवेल की खुदाई के दौरान फंसे ट्रक व मशीन को विशेषज्ञ की राय बिना न हटाने को कहा गया है। उन्होंने इस क्षेत्र को सरस्वती नदी का हिस्सा बताया है।

### पानी की तेज धारा से दुर्घटना की स्थिति

यह घटना जैसलमेर के मोहनगढ़ में शास्त्रीनगर ग्राम पंचायत के तारागढ़ गांव की है, जहां पर विक्रम सिंह भाटी के मुरबे में ट्यूबवेल खुदवाया जा रहा था। इसी दौरान ट्यूबवेल में अचानक पानी का तेज प्रेशर आ जाने से दुर्घटना की स्थिति बन गई। वहीं ट्यूबवेल की खुदाई कर रही मशीन अंदर धंस गई। पानी का प्रेशर लगातार बढ़ता ही जा रहा है और गड्ढा भी चौड़ा होता जा रहा है। जमीन से पानी इतनी तेजी के साथ निकल रहा है कि चारों तरफ खेत में पानी ही पानी नजर आ रहा है। लग रहा है जैसे नदी की धार निकल रही हो।

# मशहूर एक्टर दिलीप शंकर की होटल में मिली लाश, मौत की वजह का खुलासा नहीं

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

मशहूर मलयालम एक्टर दिलीप शंकर का निधन हो गया है। अभिनेता तिरुवनंतपुरम के होटल में मृत पाए गए है। अभी तक मौत की वजहों का खुलासा नहीं हो पाया है और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। एक्टर के अचानक आई निधन की खबर ने हर किसी को परेशान कर दिया है। दिलीप के फैंस और चाहने वाले उनकी आत्मा की शांति के लिए दुआ कर रहे हैं।



**इंडस्ट्री में शोक की लहर** : गौरतलब है कि मामले में अभी कुछ कहा नहीं जा सकता और इसके लिए आगे की जांच का इंतजार करना होगा। वहीं, अगर दिलीप की बात करें तो एक्टर के अचानक आई निधन की खबर से इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई है और फैंस भी परेशान हो गए हैं।

### आत्महत्या की आशंका

दिलीप शंकर फिल्मों और टीवी शोज में अपने अभिनय के लिए जाने जाते हैं। दिलीप 'चप्पा कुरिशु', 'अम्मायारियाथे' और अन्य मलयालम फिल्मों और शोज के लिए पॉपुलर हैं। वहीं, अब इस मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। हालांकि रिपोर्ट में आत्महत्या की आशंका जताई गई है, लेकिन अभी कुछ भी कहा नहीं जा सकता कि आखिर हुआ क्या था। पुलिस की जांच में उलझी गुत्थी का सुलझ सकेगी।

### होटल के कमरे में गए तो बाहर नहीं निकले

दरअसल, जानकारी मिल रही है कि मलयालम एक्टर दिलीप शंकर रविवार (29 दिसंबर) सुबह तिरुवनंतपुरम में अपने होटल के कमरे में मृत पाए गए हैं। 19 दिसंबर को होटल में चेक इन करने वाले दिलीप ने कथित तौर पर होटल में आने के बाद अपने कमरे से बाहर नहीं आए। ऐसे में कमरे से जब एक अजीब सी बदबू आने लगी तो परेशान होकर होटल के कर्मचारियों ने जांच की और जब उन्होंने दरवाजा खोला तो दिलीप का शरीर फर्श पर निर्जीव पड़ा था।

# 'महात्मा गांधी जहां पहुंचे वहीं पहुंचा देंगे', गायिका देवी को मिली धमकी

■ ईश्वर-अल्लाह भजन गाने को लेकर चल रहा विवाद



**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर रघुपति राघव राजा राम..ईश्वर अल्लाह तेरो नाम भजन गाने वाली भोजपुरी गायिका देवी को सोशल मीडिया पर धमकी मिल रही है। धमकी में उन्हें कहा जा रहा है कि सुधर जाओ वरना महात्मा गांधी जहां पहुंचे हैं वहीं पहुंचा देंगे। दरअसल, अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर 25 दिसंबर को पटना के बापू सभागार में भोजपुरी गायिका देवी को बुलाया गया था। इस कार्यक्रम में जब देवी ने रघुपति राघव राजा राम... ईश्वर अल्लाह तेरो नाम भजन गाना शुरू किया वैसे ही बीजेपी के नेता और कार्यकर्ता इसका विरोध करने लगे। मंच से जय श्रीराम के नारे लगाए गए। जिसके बाद गायिका देवी से बीजेपी नेताओं ने माफी मंगवाई तब मामला शांत हुआ।

# महू के रक्षा संस्थान ऑफिसर जवानों को युद्ध कौशल में बना रहे हैं 'पारंगत'



### रक्षा मंत्री राजनाथ महू पहुंचे, डॉ. आंबेडकर की जन्म स्थली पर किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महू

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ उपेंद्र द्विवेदी रविवार को महू में आर्मी संस्थानों में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके पहले वे डॉ. भीमराव आंबेडकर जन्मभूमि स्मारक पर पहुंचे, जहां उन्होंने डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ ही अस्थि कलश के दर्शन किए। रक्षा मंत्री ने कहा कि महू में एक लंबे समय से आर्मी वार कॉलेज, इंफेंट्री स्कूल और मिलेट्री कॉलेज ऑफ टेलीकम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग भी लगातार अपनी सेवाएं दे रहे हैं। अपनी स्थापना के समय से ही, ये संस्थान भारतीय सेनाओं के ऑफिसर और जवानों को, मिलेट्री रणनीति और युद्ध कौशल में पारंगत बना रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इस अवसर पर मैं राष्ट्र के प्रति आप सभी की सेवा के लिए भी आपका आभार प्रकट करना चाहता हूं। आपका समर्पण और आपकी कर्तव्यनिष्ठा, हम सबके लिए प्रेरणा का काम करती है। यह आपकी मेहनत और प्रतिबद्धता ही है, जिस वजह से हमारा देश और इसकी सीमाएं लगातार सुरक्षित और सशक्त हो रही हैं।

एक और हवाईअड्डा तैयार

# नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहली फ्लाइट ने की सफल लैंडिंग

एजेंसी ▶▶ मुंबई

■ नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर टेस्टिंग पूरी

देश में एक और अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा तैयार हो गया है। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में बन रहे नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहले विमान की सफल लैंडिंग हो गई है। यह टेस्ट सभी मानकों पर खरा उतरा है। इस टेस्ट के बाद अब जल्द ही नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट से विमानों का परिचालन शुरू हो सकता है। अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण बंसल ने कहा, यह नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। वैलिडेशन उड़ान का सफल समापन एक बड़ी उपलब्धि है। अब हम एयरपोर्ट को चालू करने के एक कदम और करीब हैं। हम हर कदम पर सुरक्षा को प्राथमिकता दे रहे हैं। वैलिडेशन फ्लाइट ट्रायल को सफल बनाने के लिए हम डीजीसीए और सभी एजेंसियों के आभारी हैं। एनएमआईए न केवल विश्व स्तरीय एविएशन सुविधाएं प्रदान करेगा, बल्कि यह क्षेत्र के विकास को भी सहारा देगा।



### कौन है नवी एयरपोर्ट का मालिक

नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईएएल) नवी मुंबई में ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रोजेक्ट के विकास, निर्माण, परिचालन और रखरखाव के लिए बनाई गई है। एनएमआईएएल अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड का हिस्सा है और इसकी 74 प्रतिशत हिस्सेदारी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एमआईएएल) और 26 प्रतिशत हिस्सेदारी सिडको के पास है। सिडको, महाराष्ट्र सरकार का उपक्रम है।

## सूडोकू नवताल 5742

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | 3 |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | 7 | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| 6 | | | 2 | | | 7 | | |

MANGA, SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल - 5741 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |




**हवाई पट्टी साफ की गई**

श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रविवार को हवाई यातायात बहाल कर दिया गया। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के एक अधिकारी ने कहा कि श्रीनगर के लिए उड़ानें फिर से शुरू हो गई हैं और हमें सामान्य परिचालन की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि उड़ान संचालन फिर से शुरू करने से पहले हवाई पट्टी को साफ कर दिया गया और सुरक्षा से जुड़ी सभी जांच की गईं।

# 'चिल्ला-ए-कलां' का दौर शुरू, राजमार्ग पर फंसे वाहन निकाले जा रहे, श्रीनगर से उड़ान सेवाएं फिर से हुई शुरु

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

कश्मीर के गुलमर्ग और पहलगाम में तापमान शून्य से नीचे बना हुआ है, जबकि घाटी के बाकी हिस्सों में शीत लहर से मामूली राहत मिली है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि 'चिल्ला-ए-कलां' 21 दिसंबर से शुरू होकर अगले वर्ष 31 जनवरी को समाप्त हो जाएगा। 'चिल्ला-ए-कलां' के 40 दिनों के दौरान बर्फबारी की संभावना अधिकतम होती है और तापमान काफी गिर जाता है। 'चिल्ला-ए-कलां' 21 दिसंबर से शुरू होकर अगले वर्ष 31 जनवरी को समाप्त हो जाएगा, लेकिन घाटी में शीत लहर जारी रहेगी क्योंकि इसके बाद 20 दिन के 'चिल्ला-ए-खुर्द' (छोटी सर्दी) और 10 दिन के 'चिल्ला-ए-बच्चा' का दौर आएगा।

## जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग फिर से खोला गया




जम्मू-कश्मीर में भारी हिमपात के कारण एक दिन तक बंद रहने के बाद 270 किलोमीटर लंबा जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग रविवार को यातायात के लिए फिर से खोल दिया गया, जिससे जाम में फंसे वाहन अपने-अपने गंतव्यों की ओर बढ़ सके। एक यातायात अधिकारी ने बताया कि सड़क के विभिन्न हिस्सों पर जमा बर्फ को हटाने के बाद राजमार्ग को आज फिर से खोल दिया गया है।

---

**53 साल बाद ये 'नापाक गठजोड़' बढ़ाएगा भारत की चिंता**

# 1971 में खदेड़ी गई पाकिस्तानी सेना फिर बांग्लादेश में घुसने की तैयारी में

*पाकिस्तान सेना के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी के चेयरमैन जनरल साहिर शमशाद मिर्जा के नेतृत्व में एक विशेष टीम बांग्लादेश की सेना को प्रशिक्षण देने के लिए फरवरी 2025 में वहां पहुंचने वाली है। पहले चरण में यह ट्रेनिंग मेमनशाही कैंट स्थित आर्मी ट्रेनिंग एंड डॉक्ट्रिन कमांड मुख्यालय में होगी।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तानी सेना बांग्लादेश की राजधानी ढाका में एक बार फिर लौटने का मन बना रही है। दरअसल, 1971 में जिस पाकिस्तानी सेना को पूर्वी पाकिस्तान से खदेड़कर बांग्लादेश का निर्माण किया गया था, अब वही सेना इस देश में नए सिरे से अपना रुतबा जमाने की कोशिश कर रही है। अब ऐसे में ये देखना काफी अहम होगा कि क्या एक बार फिर बांग्लादेश में वैसे ही हालात बनने वाले हैं जो 1971 यानी बांग्लादेश की आजादी से पहले थे। बांग्लादेश में पाकिस्तानी सेना की वापसी की खबर एक पड़ोसी के तौर पर भारत के लिए भी चिंता बढ़ाने वाली है। कहा जा रहा है कि बीते दिनों बांग्लादेश की सेना और पाकिस्तानी सेना के बीच एक गुप्त समझौता हुआ है। इस समझौते के तहत अब पाकिस्तानी सेना बांग्लादेशी सेना को ट्रेनिंग देगी।

*पाक और बांग्लादेश के बीच रणनीतिक संबंध बने*

*पाक जनरल मिर्जा ने नवंबर में प्रस्ताव भेजा था*



### एक साल तक दी जाएगी ट्रेनिंग

बांग्लादेश की मौजूदा अंतरिम सरकार ने पाकिस्तान के साथ सैन्य और रणनीतिक संबंधों को बढ़ाने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं, जिससे भारत के लिए एक नई चुनौती खड़ी हो सकती है। पाकिस्तान सेना के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी के चेयरमैन जनरल साहिर शमशाद मिर्जा के नेतृत्व में एक विशेष टीम बांग्लादेश की सेना को प्रशिक्षण देने के लिए फरवरी 2025 में वहां पहुंचने वाली है। पहले चरण में यह ट्रेनिंग मेमनशाही कैंट स्थित आर्मी ट्रेनिंग एंड डॉक्ट्रिन कमांड (एटीडीसी) मुख्यालय में होगी। यह कार्यक्रम एक साल चलेगा। इसके बाद बांग्लादेश की सभी 10 सैन्य कमांड्स में पाकिस्तानी सेना प्रशिक्षण देगी। जनरल मिर्जा ने नवंबर में बांग्लादेश को यह प्रस्ताव भेजा था।

### 'जल्दी सजा सुनाओ', हसीना की वापसी के लिए यूनुस का नया पैंतरा

ढाका। बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार की इस समय पूरी कोशिश यह है कि किसी भी कीमत पर मुल्क की पूर्व पीएम शेख हसीना को भारत से लाया जा सके। बांग्लादेश सरकार के पत्र पर जब भारत सरकार ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी, तो अब यूनुस सरकार नया पैंतरे पर काम कर रही है। इसको लेकर बांग्लादेश इंटरनेशनल क्राइम ट्राइब्यूनल के प्रमुख प्रॉसीक्यूटर मोहम्मद ताजु इस्लाम इस बात का दावा किया है। दरअसल, फोरम फॉर बांग्लादेश स्टडीज की तरफ से आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में ताजु इस्लाम ने कहा मोहम्मद यूनुस ने कुछ प्राथमिकताएं तय की हैं। उन्होंने दावा किया कि मोहम्मद यूनुस ने बताया है कि सबसे बड़ी प्राथमिकता ये है कि उन आरोपियों पर मुकदमा चलाया जाए।

---

**सुप्रीम कोर्ट के जज मिश्रा ने चिंता जताई और कहा**

# नफरती व विभाजनकारी बयानबाजी से न करें 'शोर', राजनेता तनाव नहीं, भाईचारे पर दें जोर

## वडताल में अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद की बैठक में बोले

एजेंसी ▶▶ वडताल

सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा ने धर्म, जाति और के आधार पर विभाजनकारी बयानबाजी के बढ़ते इस्तेमाल पर चिंता जताई। इसे बंधुत्व, आपसी भाईचारे और संवैधानिक आदर्श के लिए एक बड़ी चुनौती बताया। वे गुजरात के वडताल में अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद की राष्ट्रीय परिषद की बैठक में बोल रहे थे। नेता ऐसी बयानबाजी से बचें और भाईचारे पर ध्यान दें। इस तरह की बयानबाजी एकता की भावना को कमजोर करती है।

जस्टिस मिश्रा ने चेतावनी दी कि पहचान की राजनीति, जिसका इस्तेमाल अक्सर राजनेता वोट हासिल करने के लिए करते हैं, सामाजिक विभाजन को गहरा करती है, जिससे बहिष्कार, भेदभाव और संघर्ष होता है। उन्होंने कहा कि भाईचारे के बिना ये आदर्श नाजुक बने रहते हैं, जैसे एक तिपाई का महत्वपूर्ण पैर गायब हो जाता है।



### इनसे भाईचारा कमजोर हो जाएगा

जस्टिस मिश्रा ने विभाजनकारी विचारधाराओं, आर्थिक असमानता और सामाजिक अन्याय से उत्पन्न खतरों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि ये मुद्दे भाईचारे की भावना को कमजोर करते हैं, जिसे नागरिकों, संस्थानों और नेताओं द्वारा समान रूप से बनाए रखा जाना चाहिए। जस्टिस मिश्रा ने नफरत फैलाने वाले भाषण, गलत सूचना और विभाजनकारी सामग्री फैलाने में डिजिटल प्रौद्योगिकी और सोशल मीडिया की हानिकारक भूमिका पर भी प्रकाश डाला।

### इससे रूढ़िवादिता पैदा होगी

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि विभाजनकारी बयानबाजी अविश्वास पैदा करती है, जिससे रूढ़िवादिता और गलतफहमियां पैदा होती हैं। विभाजन से सामूहिक जुड़ाव की भावना का निर्माण कठिन हो जाता है। जस्टिस मिश्रा ने इन चुनौतियों से निपटने के लिए सामूहिक प्रयासों का आह्वान किया और समाज के हर वर्ग से भाईचारे की रक्षा में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया।

---

**क्या फिर पलट जाएंगे नीतीश?**

# दिल्ली पहुंचे सीएम नीतीश कुमार इस्तीफे की चर्चा ने 'जोर' पकड़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दो दिवसीय दौरे पर दिल्ली पहुंचे। उनके दिल्ली दौरे के बाद से उनके इस्तीफे की चर्चा ने जोर पकड़ लिया है। इस बहस को तूल देने में प्रशांत किशोर की भी भूमिका है और राष्ट्रीय जनता दल के नेता भी ऐसी बातें फैला रहे हैं। उन्होंने पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के निधन के बाद अपनी प्रगति यात्रा को भी रोक दिया था। नीतीश कुमार पूर्व प्रधानमंत्री के परिवार से मिलने के लिए दिल्ली पहुंच चुके हैं। वह फिर से अपनी प्रगति यात्रा को चार जनवरी से शुरू करेंगे। नीतीश कुमार एनडीए अलायंस के नेताओं से भी मिलेंगे।



**एनडीए अलायंस और भाजपा नेताओं से करेंगे मुलाकात**

सीएम पद को लेकर अमित शाह के बयान ने नीतीश कुमार को विचलित कर दिया है। शाह के बयान पर जेडीयू ने पलटवार करते हुए बिहार में कुछ पोस्टर लगाए थे। जिनमें लिखा था- 'जब बात बिहार की हो, नाम सिर्फ नीतीश कुमार का हो'। बिहार के डिप्टी सीएम विजय सिन्हा के बयान ने सियासी हलचल बढ़ा दी थी। विजय सिन्हा ने कहा कि बिहार में भाजपा की अपनी सरकार हो, यह अटल बिहारी वाजपेयी का सपना था और इसे हम पूरा कर सकते हैं। हालांकि, विजय सिन्हा ने इस बयान के बाद सफाई भी दी थी। उन्होंने कहा कि बिहार में नेतृत्व नीतीश कुमार के पास ही रहेगा। लेकिन उनके पहले बयान से एनडीए अलायंस और जेडीयू-भाजपा के रिश्तों पर काफी सवाल खड़े कर दिए।

---

**बोरवेल से 16 घंटे बाद निकाला गया**

## 10 साल का सुमित हार ही गया जिंदगी की जंग




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

जिले के राघौगढ़ में शनिवार को बोरवेल में गिरे 10 साल के सुमित को नहीं बचाया जा सका। सीएमएचओ डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि बच्चे का शरीर पानी में था। जब अस्पताल लाया गया तो उसके कपड़े भी गीले थे। मुंह में मिट्टी भरी हुई थी। ठंड में उसके अंगों ने काम करना बंद कर दिया था। बच्चा करीब 39 फीट की गहराई में फंसा था। उसे 16 घंटे बाद रविवार सुबह बाहर निकाला गया। राघौगढ़ के पीपल्या गांव का रहने वाला सुमित मीणा शनिवार शाम को पतंग उड़ा रहा था। वह खेत में पहुंच गया और बोरवेल में गिर गया। रेस्क्यू टीम ने जेसीबी मशीनों से रविवार सुबह 4.30 बजे तक बोरवेल के समानांतर 45 फीट गड्ढा खोदा। एनडीआरएफ ने गड्ढे से बोर तक हाथ से टनल बनाई। रेस्क्यू टीम ने बोरवेल में कैमरा डालकर देखा तो उसकी गर्दन से नीचे पानी नजर आ रहा था।

## पुलिस कस्टडी में युवक की मौत टीआई निलंबित, न्यायिक जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

जिले के सतवास थाने में शनिवार शाम एक युवक की पुलिस कस्टडी में मौत हो गई। युवक मारपीट व गाली-गलौज के मामले में कथन देने थाने लाया गया था। जहां युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मामले में पुलिस ने बताया कि कथन लेते समय युवक ने मौका पाकर खुद के गमछे से फांसी लगा ली, वहीं परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने युवक के साथ मारपीट की थी, जिससे उसकी मौत हो गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी पुनीत गहलोत शनिवार रात ही सतवास पहुंचे। गहलोत ने कहा कि घटना की न्यायिक जांच कराई जाएगी। संपूर्ण प्रक्रिया न्यायिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में होगी। घटना को लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री व कांग्रेस नेता अरुण यादव ने ट्वीट कर डीजीपी से सतवास थाना इंचार्ज व अन्य पुलिस कर्मियों को निलंबित करने व निष्पक्ष जांच करने की मांग की।



**परिजनों की मांग- सारा थाना निलंबित हो**

---

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**सिक्योरिटीगार्ड**

आवश्यकता है- सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड, लेडी गार्ड, मार्केटिंग अधिकारी, योग्यता 10वीं-स्नातकोत्तर, गार्ड ऊंचाई 5.7) वेतन 11000/- से 15000/- संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, 434, चतुर्थतल, प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर, रायपुर मोबाइल: - 7746000016, 7747000019. (RO-3160)

अर्जेन्ट आवश्यकता है - रायगढ और रायपुर प्लांट हेतु सिक्युरिटी गार्ड एवं सिक्युरिटी सुपरवाइजर की आवश्यकता है योग्यता : - 10वीं, 12वीं हाइट :- 5.6 इंच सुविधा :- रहना + खाना + PF + ESIC वेतन :- 14500 - 18000 पता :- 6 फ्लोर, ऑरेंज हाइव मेन रोड मोवा थाना रायपुर सम्पर्क :- 8109070600, 7869230888. (RO-2459)

**चौकीदार**

आवश्यकता है- दाल मिल में चौकीदार की आवश्यकता है। उसको मिल में ही रहना है। एवं 02 कर्मचारी दाल मिल में कार्य करने हेतु, वेतन 13000/- से प्रारंभ एवं चौकीदार वेतन 10000/- संपर्क कन्हैया लाल संतोष कुमार दाल मिल, सड्डू बंजरपारा, रायपुर (RO-2468)

**सफाई/फाईलिंग कार्य**

आवश्यकता है- ऑफिस में साफ सफाई/ फाइलिंग कार्य करने हेतु मेट्रिक/ ग्रेजुएट पास लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता हैं। गुढ़यारी/ स्टेशन के आसपास वालो को प्राथमिकता। वाट्सएप नं. 7389972324. (RO-6963)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी 5000+ कमीशन+बोनस ट्रेनिंग के बाद कमाए 15,000 से ज्यादा गोल चौक DDU नगर रायपुर +91 7417779219.(RO-2469)

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- ORDEAL कंपनी को 150 लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है। आय (9500 -18500) प्रतिमाह आवास + खाना फ्री परमानेंट जॉब पता- गुरु गोविंद सिंह चौक कृष्णा पेट्रोल पंप के पीछे जगदलपुर छत्तीसगढ़ मो. 9685510878, 9569917030, 9528368316.(RO-2467)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- राम मंदिर (VIP Road) के पास कार चलाने के लिए अनुभवी घरेलू ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन- 14000/- महीना 11 घंटे ड्यूटी संपर्क करें 9620222334.(RO-1246)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- न्यू राजेंद्र नगर स्थित सेनेटरी हार्डवेयर दुकान में बिल कलेक्शन कार्य हेतु पढ़े-लिखे युवक की आवश्यकता है न्यू राजेंद्र नगर के आसपास रहवासी को प्राथमिकता संपर्क:- प्रखर 9039415209. (RO-3187)

आवश्यकता है- दुकान में कार्य करने के लिए दैनिक वेतन पर लड़कों की आवश्यकता है। वेतन 400/- प्रतिदिन इच्छुक संपर्क करें:- वायर हाउस एम.जी. रोड रायपुर (RO-1245)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

आवश्यकता है- किराना एवं डेली नीड्स की दुकान में कार्य करने हेतु कर्मचारियों की वेतन (5) अंकों में अनुभवी को प्राथमिकता। संपर्क:- सी-मार्केट सेक्टर-6 भिलाई मो.- 98266-84859. (RO-651)

**सेल्समेन/ सेल्सगर्ल**

आवश्यकता है- साड़ी दुकान एवं रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के- लड़कियां एवं सेल्समैन- सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबर:- 9329103178. (RO-3157)

आवश्यकता है- कार्य करने योग्य व्यक्ति ही संपर्क करें कंप्यूटर ऑपरेटर ,सेल्समैन ,सेल्स गर्ल्स, टेलर वेतन योग्यतानुसार संपर्क जनता फर्निशिंग होलसेल क्लॉथ मार्केट पुलगांव चौक दुर्ग फोन -0788-2212634.(आरो न.-1861)

**केयर टेकर**

आवश्यकता है- बेबीकेयर/ बुजुर्ग केयर हेतु लड़की /महिला एवं पुरुष केयर टेकर की तुरंत आवश्यकता है, वेतन 12 -15 हजार - संपर्क : फैमिली केयर, रायपुर, 7389066521, 8871425395 (RO-Om)

**घरेलु कार्य**

आवश्यकता है- रायपुर वीआईपी रोड राम मंदिर के पास बच्चा संभालने हेतु 24 घंटे वाली लड़की की जरूरत है, रहना खाना दिया जायेगा, उचित तनख्वाह मिलेगा. संपर्क:- 7000989337, 8839751934. (RO-3186)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**मार्केटिंग**

आवश्यकता है- घर बैठे मार्केटिंग 15000- 20000 इनकम कर सकते है मेल-फीमेल चाहिए पार्ट/ फुल टाइम आधारकार्ड, फोटो, बायोडाटा सहित संपर्क:- अरिहंत कॉम्प्लेक्स, नियर गुरुद्वारा, रेल्वे स्टेशन रायपुर मनीषा 9981096590, हर्षा 6266560800.(RO-3185)

**कुक**

आवश्यकता है- गर्ल्स हॉस्टल में खाने बनाने के लिए एक महिला की आवश्यकता है। सैलरी 7000+ रहने खाने की सुविधा। सम्पर्क करें- राहुल ट्रेवल्स एयरपोर्ट के बगल में, रायपुर (सोना मैडम 7697411411) (RO-20972)

**सर्विस**

झूलाघर - आपके बच्चों के लिए हम लाए हैं सर्व सुविधायुक्त ए सी झूला घर जैन डे बेबी केयर सेंटर शौर्य पुलिस पेट्रोल पंप के सामने शांति किराया भंडार के ऊपर कालीबाड़ी रायपुर 9827140065. (RO-1650)

**अन्य**

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें- 8240426971, 9040788128. (RO-817)

आवश्यकता है- एयरपोर्ट हेतु नौकरी सीधी भर्ती जिला अनुसार लड़के- लड़कियां 8वीं से ग्रेजुएट (30500/- से 70500/-) फीस- 600/- (रहना+ खाना+ मेडिकल फ्री) आवेदन करें:- 8395085813, 9457250244. (RO-3183)

आवश्यकता है- Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त) NAME, पता QUALI-FICATION, CALL /SMS /WHATSAPP करें:- 8918984004. (RO-3128)

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें- 7450945537 (RO-752)

**Property प्रापर्टी**

**प्लाट**

प्लॉट बेचना है - कमलविहार सेक्टर-10, 3506 वर्गफीट, अवंतीविहार सेक्टर 1, 3000 वर्गफीट प्लॉट में 1500 वर्गफीट का मकान, प्रोफेसरकॉलोनी एग्रीकल्चर कॉलेज जोरा 1230, 1925 वर्गफीट प्लॉट, सरोरा (उरला) 18000 वर्गफीट, रहेजा निरवाना फेस 2 में 1500 वर्गफीट, कमलविहार सेक्टर 7B 3229 वर्गफीट कमर्शियल प्लॉट- 9826137272, 9827165277.(RO-114)

प्लॉट उपलब्ध है- केंद्री रेलवे स्टेशन के पास, कमर्शियल प्लॉट उपलब्ध साइजः 2000 स्क्वेयर फीट से, तुरंत हॉस्पिटल, होटल/लॉज या अन्य कोई कमर्शियल दुकान बनाने हेतु उपयुक्त। संपर्क करें: 9990440140, 9991118972.(RO-M)

हरिभूमि क्लासीफाईड

प्लॉट उपलब्ध है- ब्रह्मलोक आश्रम के सामने, कुम्हारी परसदा में TNC अप्रूव्ड कमर्शियल प्लॉट, 90% बैंक फाइनेंस की सुविधा के साथ उपलब्ध है संपर्क करें: 9990440140, 9991118972.(RO-M)

**मकान**

मकान बेचना है- चांगोराभाटा 600 वर्गफुट एवं 800 वर्गफुट में 2 BHK मकान, कार पोर्च, पीओपी किया हुआ सर्वसुविधायुक्त स्वतंत्र नया मकान बेचना है संपर्क करे मोबाइल नंबर:- 9300505421, 9993451070. (RO-3188)

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस - जनधन लोन आधारकार्ड से पर्सनल, बिजनेस, प्रॉपर्टी, लेबर कार्ड, इश्रम कार्ड, मार्कशीट, कृषि पर 100000/- से 500000/- तक 2% ब्याज, 50% छूट संपर्क करें मोबाइल नंबर:- 9416458298, 9654769551 (RO-3184)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी.
CLASSIFIED RATE CARD
15 जून 2024 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 450 | 550 | 500 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 400 | 500 | 480 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 400 | 450 | 450 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 650 | 750 | 700 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 550 | 600 | 600 | 195/- Sq cm |
| All CG | 900 | 1020 | 1000 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1150 | 1500 | 1450 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1550 | 1900 | 1800 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4
Colour 20% Extra Charge For Disply

SCHEME
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 10% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. Single day Booking 100Rs. Extra.

ADVT. Booking time 10.30 am to 3.00 pm.
5% GST for All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 2800 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2600 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4000 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2200 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3500 | |
| All CG | 5000 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 50000 | 80000 | 100000 |
| Bilai + Durg Edition | 45000 | 75000 | 95000 |
| Bilaspur City | 35000 | 65000 | 80000 |
| Raipur All Edition | 65000 | 110000 | 140000 |
| Bilaspur All Edition | 50000 | 90000 | 110000 |
| All CG | 100000 | 160000 | 200000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

## खबर संक्षेप

### 6.5 से 6.8 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था



**नई दिल्ली।** भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष में 6.5 से 6.8 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी, जबकि अगले वित्त वर्ष (2025-26) में जीडीपी की वृद्धि दर कुछ अधिक यानी 6.7 से 7.3 प्रतिशत के बीच रहेगी। डेलॉयट इंडिया ने यह अनुमान लगाया है। 2024-25 की पहली छमाही में वृद्धि दर अनुमान से कम रही है।

### अक्टूबर में सेवा निर्यात रिकॉर्ड ऊंचाई पर



**नई दिल्ली।** भारत का सेवा निर्यात अक्टूबर में 34.31 अरब डॉलर के ऐतिहासिक स्तर तक पहुंच गया। वाणिज्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि डेटा सेंटर और उच्च-गति वाले इंटरनेट सहित डिजिटल अवसंरचना में लगातार निवेश के साथ ही नीतिगत समर्थन ने सेवाओं के निर्यात को बढ़ावा मिला।

### धारावी परियोजना का नाम अब नवभारत मेगा डेवलपर्स

navbharat Mega Developers

**मुंबई।** अदाणी समर्थित कंपनी धारावी पुनर्विकास परियोजना प्राइवेट लिमिटेड ने कहा है कि वह अपने आधुनिक, समावेशी और जीवंत समुदाय के निर्माण के वादे के अनुसार अपना नाम बदल रही है। कंपनी धारावी की मलिन बस्तियों के पुनरुद्धार की महत्वाकांक्षी योजना पर काम कर रही है। अब नवभारत मेगा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाएगा।

### भारत का ऑस्ट्रेलिया को निर्यात 64.4 प्रतिशत बढ़ा



**नई दिल्ली।** भारत का ऑस्ट्रेलिया को निर्यात नवंबर में सालाना आधार पर 64.4 प्रतिशत बढ़कर 64.37 करोड़ अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया है। ऑस्ट्रेलिया का भारत के साथ व्यापार करार है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। कपड़ा, रसायन और कृषि उत्पाद जैसे क्षेत्रों में मजबूत वृद्धि की वजह से ऑस्ट्रेलिया को भारत का निर्यात बढ़ा है।

### डंपिंग-रोधी शुल्क लगाने का सुझाव




**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय ने घरेलू उत्पादकों को संरक्षण देने के उद्देश्य से कृत्रिम चमड़ा और अन्य तकनीकी वस्त्र उत्पाद बनाने में इस्तेमाल होने वाले पीवीसी पेस्ट रेजिन के आयात पर चीन समेत छह देशों से पांच साल के लिए 707 डॉलर प्रति टन तक डंपिंग रोधी शुल्क लगाने की सिफारिश की है।

### नए घरों की आपूर्ति 53 हजार इकाई



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र-दिल्ली के आवास बाजार में इस साल नए घरों की आपूर्ति 44 प्रतिशत बढ़कर 53,000 इकाई पर पहुंच गई है। लगभग 60 प्रतिशत अल्ट्रा-लक्जरी घर थे, जिनकी कीमत 2.5 करोड़ रुपये से अधिक थी। साल 2023 के दौरान 36,735 नई आवासीय इकाइयां पेश की गई थीं। एनारॉक ने भारत के सात प्रमुख शहरों - दिल्ली-एनसीआर, मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), पुणे, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद और कोलकाता के 2024 के प्राथमिक (पहली बिक्री) आवास बाजार के आंकड़े जारी किए हैं।

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से छह कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 86,847.88 करोड़ रुपए बढ़ा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली


सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार मूल्यांकन में पिछले सप्ताह 86,847.88 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई। इस दौरान सबसे अधिक लाभ एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ।

बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 657.48 अंक या 0.84 प्रतिशत चढ़ गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में 225.9 अंक या 0.95 प्रतिशत का लाभ रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में जहां रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई, वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इन्फोसिस, भारतीय स्टेट बैंक और भारतीय जीवन बीमा निगम की बाजार हैसियत घट गई।

## एयरटेल, आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी

### बढ़त वाली कंपनियां

सप्ताह के दौरान एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 20,235.95 करोड़ रुपये बढ़कर 13,74,945.30 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज के मूल्यांकन में 20,230.9 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई और यह 16,52,235.07 करोड़ रुपये रहा। आईटीसी का मूल्यांकन 17,933.49 करोड़ रुपये बढ़कर 5,99,185.81 करोड़ रुपये पर और आईसीआईसीआई बैंक का 15,254.01 करोड़ रुपये बढ़कर 9,22,703.05 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 11,948.24 करोड़ रुपये बढ़कर 9,10,735.22 करोड़ रुपये हो गई। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 1,245.29 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 5,49,863.10 करोड़ रुपये रहा।



### वैश्विक रुख से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह आने वाले व्यापक आर्थिक आंकड़ों, विदेशी संस्थागत निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों और वैश्विक रुझानों से तय होगी। गौरतलब है कि इस सप्ताह से नए कैलेंडर वर्ष और नये महीने की शुरुआत भी होगी। रुपये की चाल पर भी निवेशकों की नजर रहेगी, जिसमें शुक्रवार को लगभग दो वर्षों में सबसे बड़ी गिरावट हुई, जिसके बाद रुपया अबतक के अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, "लगातार एफआईआई की बिकवाली भारतीय बाजारों पर दबाव का स्रोत रही है। नए साल में उनका रुख निकट अवधि के रुझानों को आकार दे सकता है। इस बीच, मासिक वाहन बिक्री आंकड़े पर भी बारीकी से नजर रखी जाएगी।

### एसबीआई का मूल्यांकन घटा

इस रुख के उलट एसबीआई का मूल्यांकन 11,557.39 करोड़ रुपये घटकर 7,13,567.99 करोड़ रुपये रह गया। एलआईसी की बाजार हैसियत में 8,412.24 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 5,61,406.80 करोड़ रुपये पर आ गया। इन्फोसिस का मूल्यांकन 2,283.75 करोड़ रुपये घटकर 7,95,803.15 करोड़ रुपये पर आ गया।

### शीर्ष पर रिलायंस इंडस्ट्रीज

शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, इन्फोसिस, भारतीय स्टेट बैंक, आईटीसी, एलआईसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा।

## कृषि मंत्रालय ने पेश किया शुरुआती अनुमान अनुकूलन रिपोर्ट

# कृषि क्षेत्र में दर्ज होगी चार फीसदी वृद्धि नए शिखर पर पहुंचेगा खाद्यान्न उत्पादन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

*अनुकूल मानसून के कारण भारत 2025 में खाद्यान्न उत्पादन में नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार है। हालांकि, दलहन और तिलहन उत्पादन में महत्वपूर्ण चुनौतियां बनी हुई हैं, क्योंकि देश के कृषि क्षेत्र में मजबूत सुधार के संकेत दिख रहे हैं। कृषि मंत्रालय के शुरुआती अनुमान अनुकूल तस्वीर पेश करते हैं, जिसमें जून, 2025 को समाप्त होने वाले फसल वर्ष 2024-25 के लिए खरीफ खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड 16.47 करोड़ टन होने का अनुमान है।*

सर्दियों की फसल की बुवाई में लगातार प्रगति हुई है। दिसंबर, 2024 के मध्य तक 2.93 करोड़ हेक्टेयर में गेहूं की बुवाई हुई है, जबकि कुल रबी (सर्दियों) की फसलें 5.58 करोड़ हेक्टेयर में फैली हैं। कृषि सचिव देवेश चतुर्वेदी ने कहा, सामान्य बारिश के कारण हमारी खरीफ की फसल अच्छी रही।

कुल मिलाकर, पूरे वर्ष के लिए फसल की संभावना आशाजनक दिख रही है।'' हालांकि, उन्होंने फरवरी-मार्च में संभावित गर्मी की लहर के प्रति आगाह किया जो सर्दियों की गेहूं की फसल को प्रभावित कर सकती हैं। कृषि क्षेत्र में मजबूती से वापसी होने का अनुमान है, 2024-25 में इसकी वृद्धि दर 3.5-4 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो पिछले वित्त वर्ष में 1.4 प्रतिशत थी।

### अच्छे मानसून को दिया श्रेय

कृषि अर्थशास्त्री एस महेंद्र देव इस सुधार का श्रेय 'अच्छे मानसून और ग्रामीण मांग में वृद्धि' को देते हैं। यह वृद्धि महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कुछ हिस्सों में बाढ़ और सूखे से फसलों के प्रभावित होने के बावजूद हुई है। जलवायु परिवर्तन से प्रेरित मौसम संबंधी विसंगतियों ने विशेष रूप से कुछ क्षेत्रों में प्याज और टमाटर की पैदावार को प्रभावित किया है। हालांकि, आगे का रास्ता आसान नहीं है।



### पीएम-किसान योजना कर रही मदद

सरकार की प्रमुख पीएम-किसान योजना महत्वपूर्ण सहायता प्रदान कर रही है। इसके तहत 2018 में पेश होने के बाद से 11 करोड़ से अधिक किसानों को 3.46 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि वितरित की गई है। सितंबर, 2024 में घोषित सात नई कृषि योजनाएं 2025 में पूर्ण कार्यान्वयन के लिए निर्धारित हैं। इनका संयुक्त परिव्यय 13,966 करोड़ रुपये है।

### सरकार ने रखा बड़ा बजट

दलहन और तिलहन में आत्मनिर्भरता की लगातार चुनौती से निपटने के लिए, सरकार 2025 में खाद्य तेलों पर राष्ट्रीय मिशन - तिलहन (एनएमईओ-तिलहन) शुरू करेगी, जिसके लिए 10,103 करोड़ रुपएका पर्याप्त बजट रखा गया है। इस पहल का उद्देश्य लक्षित हस्तक्षेपों और बढ़े हुए समर्थन मूल्य के माध्यम से आयात निर्भरता को कम करना है। बागवानी क्षेत्र ने उल्लेखनीय प्रगति दिखाई है। फलों और सब्जियों का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है। इस सफलता का श्रेय विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत बेहतर कृषि पद्धतियों और प्रौद्योगिकी की स्वीकार्यता को जाता है।

### अगले साल कराधान के सरलीकरण पर होगा जोर

नए साल में सरकार का मुख्य जोर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर नीतियों के सरलीकरण पर होगा। गौरतलब है कि 2024 में छह दशक पुराने आयकर कानून की समीक्षा और माल एवं सेवा कर दरों को युक्तिसंगत बनाने पर काम शुरू किया गया है। मासिक सकल जीएसटी संग्रह लगभग 1.8 लाख करोड़ रुपये पर स्थिर होने और सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह में 20 प्रतिशत की दर से लगातार वृद्धि के साथ आने वाले वक्त में व्यक्तियों के साथ ही कॉरपोरेट के लिए अनुपालन बोझ को कम करने के प्रयासों में तेजी आएगी। जीएसटी के मोर्चे पर आम लोग जीवन और स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम में कर कटौती का इंतजार कर रहे हैं। ऐसा होने पर बीमा की लागत कम हो जाएगी।

# एआई में 'गुटबंदी' बढ़ाने की क्षमता, विभिन्न जोखिमों का करेंगे आकलन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कृत्रिम मेधा (एआई) में पूर्वानुमानित एल्गोरिदम के जरिए कपटपूर्ण व्यवहार को स्वचालित करके गुटबंदी को बढ़ावा देने की क्षमता है। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग की प्रमुख रवनीत कौर ने यह बात कही। उन्होंने जोर देकर कहा कि नियामक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने पर ध्यान दे रहा है, जो नवाचार को बढ़ावा देते हुए एल्गोरिदम संबंधी पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करते हैं।

सीसीआई बाजार में अनुचित व्यापार व्यवहार पर अंकुश लगाने के लिए काम करता है। आयोग ने एआई और प्रतिस्पर्धा पर अध्ययन शुरू किया है, जिसके 2025 के मध्य तक पूरा होने की उम्मीद है। अध्ययन में लॉजिस्टिक और एल्गोरिदम के क्षेत्र में एआई सहित विभिन्न पहलुओं पर विचार किया जाएगा। कौर ने साक्षात्कार में बताया कि सिर्फ



■ भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग की प्रमुख रवनीत कौर ने यह बात कही

एल्गोरिदम के इस्तेमाल से प्रतिस्पर्धा विरोधी व्यवहार नहीं हो सकता है, लेकिन यदि एल्गोरिदम में हेरफेर किया जाता है, तो यह प्रतिस्पर्धा से जुड़ा मुद्दा है। एआई में पूर्वानुमानित एल्गोरिदम के जरिये कपटपूर्ण व्यवहार को स्वचालित करके गुटबंदी में मदद करने की क्षमता है... हमारा ध्यान ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने पर है, जो नवोन्मेषण को बढ़ावा देते हुए एल्गोरिदम से संबंधित पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करते हैं।'

### क्षमता को बढ़ाने पर भी काम

एआई पर बाजार अध्ययन विभिन्न जोखिमों की जांच करेगा, और नियामक का लक्ष्य एक सटीक प्रवर्तन तंत्र के जरिए चिंताओं को दूर करना है। सीसीआई नए युग के बाजारों द्वारा पैदा हुई चुनौतियों से निपटने के लिए अपनी क्षमता को बढ़ाने पर भी काम कर रहा है। गौरतलब है कि नियामक ने कथित रूप से प्रतिस्पर्धा-रोधी व्यवहार में शामिल होने के चलते कई प्रौद्योगिकी कंपनियों के खिलाफ आदेश पारित किए हैं।

# डॉलर के मुकाबले तीन फीसदी गिरा रुपया, येन से आठ गुना हुआ मजबूत

एजेंसी ⏭ मुंबई

इस साल यानी 2024 में अमेरिकी मुद्रा डॉलर के मुकाबले रुपया तीन प्रतिशत कमजोर हुआ है। अर्थव्यवस्था की रफ्तार में सुस्ती तथा वैश्विक बाजारों में डॉलर के मजबूत होने से रुपया प्रभावित हुआ है। हालांकि, दुनिया की अन्य मुद्राओं से तुलना करें, तो भारतीय रुपये में उतार-चढ़ाव कहीं कम रहा है। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि आगामी वर्ष में रुपये की स्थिति कुछ बेहतर रहेगी।

वर्ष 2024 के अंत में रुपया अपने नए सर्वकालिक निचले स्तर पर आ गया। डॉलर में सुधार का असर उभरते बाजारों की मुद्राओं पर पड़ा है। घटनाक्रमों से भरपूर 2024 में प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले रुपये की विनिमय दर पर प्रभाव जारी रहा।



■ दुनिया की अन्य मुद्राओं से तुलना करें तो भारतीय रुपए में उतार-चढ़ाव कम है

रूस-यूक्रेन युद्ध और पश्चिम एशिया में संकट के साथ लाल सागर के जरिये व्यापार में अड़चनों के अलावा दुनिया के कई देशों में चुनावों ने रुपये की धारणा को प्रभावित किया। दुनिया के प्रमुख केंद्रीय बैंकों द्वारा उठाए गए कदमों और अन्य वैश्विक कारकों ने न केवल रुपये-डॉलर के स्तर को प्रभावित किया है।

### भारतीय रुपए में कम अस्थिरता


यूरो और जापानी येन की तुलना में रुपया लाभ में रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक के तत्कालीन गवर्नर शक्तिकान्त दास ने दिसंबर की द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में कहा था कि उभरते बाजारों की मुद्राओं की तुलना में भारतीय रुपये में कम अस्थिरता रही है। हालांकि, इसके बावजूद केंद्रीय बैंक रुपये-डॉलर की दर को स्थिर करने के लिए अधिक सक्रिय प्रयास कर रहा है। कच्चे तेल के आयात पर भारत की निर्भरता तथा बढ़ते व्यापार घाटे की वजह से अमेरिकी डॉलर की मांग बढ़ी है।

# रिलायंस की 'सुपर' रिफाइनरी ने परिचालन के 25 वर्ष पूरे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रिलायंस ने गुजरात के जामनगर में 25 साल पहले, 28 दिसंबर, 1999 को अपनी पहली रिफाइनरी शुरू की थी। इस रिफाइनरी ने रातों-रात भारत को ईंधन की कमी वाले देश से आत्मनिर्भर और बाद में अधिशेष वाले देश में बदल दिया, जिससे यूरोप और अमेरिका को गैसोलीन और गैसोइल का निर्यात किया जाने लगा।

आज, जामनगर दुनिया का रिफाइनिंग केंद्र बन गया है। यह एक ऐसा इंजीनियरिंग चमत्कार है जो भारत का गौरव है। जब भारत की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने पहली बार जमीन से और समुद्र तल से निकाले गए कच्चे तेल को पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन में परिवर्तित करने के लिए एक तेल रिफाइनरी बनाने की बात की थी, तो अधिकांश विशेषज्ञों ने कहा था कि किसी भारतीय कंपनी के लिए तीन साल में दुनिया की सबसे बड़ी जमीनी स्तर की रिफाइनरी स्थापित करना असंभव होगा।



■ आत्मनिर्भर के बाद यूरोप और अमेरिका को गैसोलीन और गैसोइल का निर्यात किया जाने लगा

### भारत को परिवहन ईंधन में आत्मनिर्भर बनाया

औद्योगिक संयंत्र बल्कि एक नंदनवन बनाना चाहते थे। साल 1996 और 1999 के बीच उन्होंने और उनकी बेहद प्रेरित टीम ने जामनगर में इंजीनियरिंग का एक चमत्कार बनाया। उन्होंने कहा कि भारत की पहली निजी क्षेत्र की रिफाइनरी ने अकेले ही भारत की कुल रिफाइनिंग क्षमता में 25 प्रतिशत की वृद्धि की और भारत को परिवहन ईंधन में आत्मनिर्भर बनाया। इस परियोजना ने बंजर क्षेत्र को पूरी तरह से एक हलचल भरे औद्योगिक केंद्र में बदल दिया।

# अदाणी एंटरप्राइजेज को 2025 में फायदा बढ़ने का अनुमान




**नई दिल्ली।** अरबपति गौतम अदाणी की अगुवाई वाले बंदरगाह से लेकर ऊर्जा क्षेत्र में काम करने वाले समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड का राजस्व वित्त वर्ष 2023-24 से 2026-27 के दौरान सालाना आधार पर 17.5 प्रतिशत की दर से बढ़कर 1,56,343 करोड़ रुपये पर पहुंचने का अनुमान है। इस दौरान कंपनी का शुद्ध लाभ 45.8 प्रतिशत सालाना की दर से बढ़ सकता है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। वेंचुरा सिक्योरिटीज ने एक रिपोर्ट में कहा कि एईएल भारत के सबसे बड़े सूचीबद्ध इनक्यूबेटर में से एक है।

# 1.27 लाख अवसरों के लिए मिले 6.21 लाख आवेदन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पीएम इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत 1.27 लाख अवसरों के लिए लगभग 6.21 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं तथा चयन प्रक्रिया जारी है। सरकार ने रविवार को यह जानकारी दी।

2024-25 के केंद्रीय बजट में घोषित इस योजना का लक्ष्य पांच वर्षों में शीर्ष 500 कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना है। तीन अक्टूबर को शुरू की गई इस योजना की पायलट परियोजना का लक्ष्य 2024-25 के दौरान 1.25 लाख इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना है।



■ पीएम इंटर्नशिप योजना

कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने रविवार को एक बयान में कहा कि 1.27 लाख इंटर्नशिप अवसरों के लिए लगभग 6.21 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं। 'इंटर्नशिप के लिए चयन प्रक्रिया जारी है। साझेदार कंपनियों ने इंटर्नशिप योजना पोर्टल पर लगभग 1.27 लाख अवसर पोस्ट किए हैं। बयान में कहा गया है कि लगभग 4.87 लाख व्यक्तियों ने अपना केवाईसी पूरा कर लिया है और पोर्टल पर खुद को पंजीकृत कर लिया है। इस योजना के तहत, इंटर्न को 12 महीने के लिए 5,000 रुपये की मासिक वित्तीय सहायता और 6,000 रुपये का एकमुश्त अनुदान दिया जाएगा।

## 11 महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक की नीलामी रद्द



**नई दिल्ली।** सरकार ने कंपनियों की ओर से ठंडी प्रतिक्रिया के कारण चौथे दौर में 11 महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों की नीलामी रद्द कर दी है। नीलामी रद्द करने के नोटिस के अनुसार, 11 में से चार ब्लॉक के लिए कोई बोली नहीं मिली, जबकि शेष सात खदानों को तीन से कम तकनीकी रूप से पात्र बोलियां मिलीं। टंगस्टन और ग्लोकोनाइट सहित चार ब्लॉक छत्तीसगढ़ और अरुणाचल प्रदेश में स्थित हैं। नोटिस में कहा गया, 'चूंकि कोई बोली नहीं मिली है, इसलिए चार खनिज ब्लॉक की नीलामी प्रक्रिया रद्द कर दी गई है।'

## भारतीय उद्योग परिसंघ ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए दिया सुझाव

# बजट 2025-26: ईंधन पर उत्पाद शुल्क घटाने का सुझाव

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय उद्योग परिसंघ ने वित्त वर्ष 2025-26 के आम बजट के लिए अपने सुझावों में ईंधन पर उत्पाद शुल्क कम करने का सुझाव दिया है। उद्योग निकाय ने कहा कि खपत बढ़ाने के लिए खासकर निम्न आय स्तर पर यह छूट दी जानी चाहिए, क्योंकि ईंधन की कीमतें मुद्रास्फीति को काफी बढ़ाती हैं। सीआईआई ने कहा कि बजट में 20 लाख रुपये प्रति वर्ष तक की व्यक्तिगत आय के लिए सीमांत कर दरों को कम करने पर भी विचार किया जा सकता है।

इससे उपभोग, उच्च वृद्धि और उच्च कर राजस्व के चक्र को गति देने में मदद मिलेगी। सुझावों में यह भी कहा गया कि व्यक्तियों के लिए उच्चतम सीमांत दर 42.74 प्रतिशत और सामान्य कॉरपोरेट कर दर 25.17 प्रतिशत के बीच का अंतर अधिक है। ऐसे में मुद्रास्फीति ने निम्न और मध्यम आय वालों की क्रय शक्ति को कम कर दिया है। उद्योग निकाय ने कहा, ''केंद्रीय उत्पाद शुल्क पेट्रोल के खुदरा मूल्य का लगभग 21 प्रतिशत और डीजल के लिए 18 प्रतिशत है। मई, 2022 से, इन शुल्कों को वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में लगभग 40 प्रतिशत की कमी के अनुरूप समायोजित नहीं किया गया है। ईंधन पर उत्पाद शुल्क कम करने से समग्र मुद्रास्फीति को कम करने और खर्च करने योग्य आय बढ़ाने में मदद मिलेगी।''

सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा कि घरेलू खपत भारत की वृद्धि यात्रा के लिए महत्वपूर्ण रही है, लेकिन मुद्रास्फीति के दबाव ने उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति को कुछ हद तक कम कर दिया है। उन्होंने कहा कि सरकारी हस्तक्षेप के जरिये खर्च करने योग्य आय को बढ़ाने और आर्थिक गति को बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित किया जा सकता है।

### उपभोग वाउचर शुरू करने का सुझाव

सीआईआई ने कम आय वाले समूहों को लक्षित करते हुए उपभोग वाउचर शुरू करने का सुझाव दिया, ताकि तय अवधि में कुछ खास वस्तुओं और सेवाओं की मांग को बढ़ावा दिया जा सके। वाउचर को विशिष्ट वस्तुओं और सेवाओं पर खर्च करने के लिए तैयार किया जा सकता है और खर्च सुनिश्चित करने के लिए यह एक तय अवधि (जैसे 6-8 महीने) के लिए वैध हो सकता है। इसके अलावा सरकार से पीएम-किसान योजना के तहत वार्षिक भुगतान को 6,000 रुपये से बढ़ाकर 8,000 रुपये करने का सुझाव भी दिया गया है।




# निजी बैंकों में परिचालन जोखिम का अंदेशा




**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के बैंकों में कर्मचारियों के नौकरी छोड़ने या बदलने की दर में लगभग 25 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। इस तरह कर्मचारियों के नौकरी बदलने की ऊंची दर निजी क्षेत्र के बैंकों के लिए परिचालन जोखिम पैदा करती है। भारत में बैंकिंग की प्रवृत्ति और प्रगति पर नवीनतम रिपोर्ट 2023-24 में यह कहा गया है।

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि चुनिंदा निजी क्षेत्र के बैंकों और लघु वित्त बैंकों में कर्मचारियों के नौकरी छोड़ने की दर अधिक है।

## बॉक्सिंग डे टेस्ट : जसप्रीत ने चार और सिराज ने झटके तीन विकेट

# बुमराह ने 20 के औसत से झटके 200 विकेट भारत पर ऑस्ट्रेलिया की बढ़त 330 रन पार

एजेंसी ⏭ मेलबर्न

ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ चौथे क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन दूसरी पारी में नौ विकेट पर 228 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 333 रन करके मैच पर शिकंजा कस दिया। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी के आधार पर 105 रन की बढ़त हासिल की। बुमराह इस दौरान 19.56 के औसत से 200 टेस्ट विकेट लेने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बने गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के पहली पारी के 474 रन जवाब में भारतीय टीम ने 369 रन बनाए थे।

बुमराह और मोहम्मद सिराज की धारदार गेंदबाजी के सामने दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया ने 91 रन तक छह विकेट गंवा दिए थे। निचले क्रम के मार्नस लाबुशेन और कप्तान पैट कमिंस ने इसके बाद सातवें विकेट के लिए 57 और फिर नाथन लियोन और स्कॉट बोलैंड ने अंतिम विकेट के लिए 55 रन की अटूट साझेदारी करके टीम की कुल बढ़त को 300 रन के पार पहुंचाया। ऑस्ट्रेलिया के आठवें, 10वें और 11वें नंबर के बल्लेबाजों ने लगभग 35 ओवर बल्लेबाजी की और अगर भारतीय बल्लेबाज अंतिम दिन शानदार प्रदर्शन नहीं करते हैं तो मेजबान टीम के निचले क्रम का यह प्रदर्शन निर्णायक साबित हो सकता है।





### सबसे तेज औसत से 200 विकेट

| खिलाड़ी | देश | औसत | विकेट |
|---|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह | भारत | 19.56 | 200 |
| जोएल गार्नर | वेस्टइंडीज | 20 | 259 |
| मैलकम मार्शल | वेस्टइंडीज | 20.94 | 376 |
| कर्टली एंब्रोस | वेस्टइंडीज | 20.99 | 405 |
| ग्लेन मैकग्रा | ऑस्ट्रेलिया | 21.64 | 563 |
| जेम्स एंडरसन | इंग्लैंड | 26.45 | 704 |

### घर से बाहर विकेट


| खिलाड़ी | विकेट |
|---|---|
| अनिल कुंबले | 269 |
| कपिल देव | 215 |
| जहीर खान | 207 |
| इशांत शर्मा | 207 |
| जसप्रीत बुमराह | 155* |
| मोहम्मद शमी | 154 |

### बुमराह ने की जडेजा की बराबरी

जसप्रीत बुमराह 200 विकेट पूरे करने वाले रविंद्र जडेजा के साथ संयुक्त रूप से दूसरे सबसे तेज भारतीय गेंदबाज बन गए। उन्होंने महान ऑलराउंडर कपिल देव को पीछे छोड़ा जिन्होंने अपने 50वें टेस्ट में 200 विकेट के आंकड़े को छुआ था। बुमराह और जडेजा दोनों ने अपने 44वें टेस्ट में यह उपलब्धि हासिल की और वह टेस्ट क्रिकेट में यह उपलब्धि हासिल करने वाले 12वें भारतीय गेंदबाज हैं। हाल ही में संन्यास लेने वाले भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन 200 विकेट लेने वाले भारतीयों की सूची में सबसे तेज हैं। उन्होंने अपने 37वें टेस्ट में यह उपलब्धि हासिल की थी।

### यशस्वी ने छोड़े 3 कैच

*भारत के लिए जीत अब भी असंभव नहीं है लेकिन इसके लिए उसे अपने सीनियर बल्लेबाजों और ऋषभ पंत से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। लाबुशेन ने काफी जुझारू पारी खेली लेकिन भारत को अधिक नुकसान यशस्वी जायसवाल के तीन कैच छोड़ने से हुआ। लाबुशन भी 47 रन पर पवेलियन लौट जाते अगर जायसवाल ने आकाश दीप की गेंद पर तीसरी स्लिप में उनका आसान कैच लपक लिया होता।*



## डब्लूटीसी के फाइनल में पहुंचा दक्षिण अफ्रीका

**सेंचुरियन।** दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान के खिलाफ रोमांचक जीत दर्ज कर अगले साल जून में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी जगह पक्की की। दक्षिण अफ्रीका के सामने 148 रन का लक्ष्य था लेकिन मैच के चौथे दिन एक समय उसकी टीम आठ विकेट पर 99 रन के स्कोर पर हार के कगार पर खड़ी थी। रबाडा और यानसन ने यहीं से जिम्मेदारी संभाली और अपनी टीम का स्कोर आठ विकेट पर 150 रन पर पहुंचाकर उसे



अप्रत्याशित जीत दिलाई। दक्षिण अफ्रीका ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के वर्तमान चक्र की शुरुआत न्यूजीलैंड के हाथों हार से की थी लेकिन इसके बाद उसने भारत के खिलाफ श्रृंखला 1-1 से बराबर की और फिर वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और श्रीलंका को हराकर तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत, ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका अन्य टीमें हैं जो अगले साल लॉर्ड्स में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की दौड़ में बनी हुई हैं।

### स्कोर बोर्ड

| ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सैम कोन्सटास बो बुमराह | 08 | 18 | 1 | 0 |
| उस्मान ख्वाजा बो सिराज | 21 | 65 | 2 | 0 |
| लाबुशेन पगबाधा बो सिराज | 70 | 139 | 3 | 0 |
| स्टीव स्मिथ का पंत बो सिराज | 13 | 41 | 1 | 0 |
| ट्रेविस हेड का रेड्डी बो बुमराह | 01 | 02 | 0 | 0 |
| मार्श का पंत बो बुमराह | 00 | 04 | 0 | 0 |
| एलेक्स कैरी बो बुमराह | 02 | 07 | 0 | 0 |
| पैट कमिंस का रोहित बो जडेजा | 41 | 90 | 4 | 0 |
| मिचेल स्टार्क रन आउट | 05 | 13 | 0 | 0 |
| नाथन लियोन खेल रहे हैं | 41 | 54 | 5 | 0 |
| स्कॉट बोलैंड खेल रहे हैं | 10 | 65 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 16, कुल : 82 ओवर में 228/9
गेंदबाजी : बुमराह 24-7-56-4, आकाश दीप 17-4-53-0, सिराज 22-4-66-3, जडेजा 14-2-33-1, रेड्डी 1-0-4-0, सुंदर 4-0-7-0.

## अर्शदीप, मंधाना आईसीसी पुरस्कार के लिए नामांकित

एजेंसी ⏭ दुबई

भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को इस सत्र में संयुक्त रूप से सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बनने और भारत की टी20 विश्व कप जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए 'आईसीसी पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर ऑफ द ईयर पुरस्कार' के लिए नामांकित किया गया है। अर्शदीप इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए पाकिस्तान के बाबर आजम, ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड और जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप ने बारबाडोस में भारत की टी20 विश्व कप जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने 18 मैचों में 13.5 के औसत से 36 विकेट लेकर टी20 अंतरराष्ट्रीय में संयुक्त रूप से सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में वर्ष का समापन किया। भुवनेश्वर कुमार के 2022 में 37 विकेट के बाद एक कैलेंडर वर्ष में टी20 अंतरराष्ट्रीय में किसी भारतीय तेज गेंदबाज का यह दूसरा सबसे अच्छा प्रदर्शन है। अर्शदीप ने टी20 विश्व कप में 17 विकेट लिए।

## आशी चौकसे ने महिला थ्रीपी में जीता पहला राष्ट्रीय खिताब

एजेंसी ⏭ भोपाल



स्थानीय निशानेबाज आशी चौकसे रविवार को यहां 50 मीटर राइफल थ्री-पोजिशन स्पर्धा में अंजुम मौदगिल और श्रेयंका सदांगी जैसी बेहतरीन निशानेबाजों को पछाड़कर अपना पहला राष्ट्रीय खिताब जीतने में सफल रही। आशी ने अपनी घरेलू रेंज (एमपी स्टेट अकादमी) में 67 वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप 466.7 का शानदार स्कोर किया।

वह दो बार की ओलंपियन अंजुम से 3.1 अंक के बड़े अंतर से आगे रही। महाराष्ट्र की उभरती निशानेबाज साक्षी सुनील पाडेकर ने 451.3 के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता। आशी ने इसके बाद जूनियर महिला थ्रीपी में भी रजत पदक के साथ दिन का दूसरा पदक अपने नाम किया। पेरिस ओलंपिक के ट्रायल का हिस्सा रही यह निशानेबाज क्वालीफिकेशन में 590 अंक के साथ तीसरे स्थान पर थी। महाराष्ट्र की भक्ति भास्कर खामकर ने 592 अंकों के साथ क्वालीफिकेशन में शीर्ष स्थान हासिल किया। आठ खिलाड़ियों के फाइनल के लिए अंजुम ने दूसरे स्थान के साथ क्वालीफाई किया। अंजुम ने भी 590 अंक जुटाये थे लेकिन अधिक इनर-10 के कारण वह आशी से आगे दूसरे स्थान पर रही। साक्षी ने छठा, जबकि एक अन्य ओलंपियन श्रीयंका सदांगी ने सातवां स्थान हासिल किया।

**67 वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में किया 466.7 का शानदार स्कोर**







होंडा अधिकृत विक्रेता : रायपुर : ए सिटी होंडा - 9785823333, ग्रैंड होंडा - 0771-4033794, वरूण होंडा - 0771-4005901, जी.के. होंडा - 8058254444, आरंग: वी श्री होंडा - 9893728947, भिलाई: आन होंडा (पॉवर हाऊस): 0788-4013336, 9584378238, जुनवानी रोड (फरीद नगर मैदान के सामने) - 6269092899, नंदिनी रोड (बैंक ऑफ बडौदा के पास) - 6269090005, हाऊसिंग बोर्ड (एकता चौक) 6269090006, कोहका (रूंगटा रोड) 6269090004, नेहरू नगर (नेहरू नगर चौक) 8518020999, दुर्ग: श्री सांईराम होंडा (स्टेशन रोड) - 0788-4017246, 8458882333, रिसाली (कृष्णा टाकीज रोड) - 0788-4067690, 8823050333, बोरसी (एसबीआई बैंक के पास) - 0788-4058968, 8823050444, राजनांदगांव: अंशदीप होंडा - 07744-223100, मनराज होंडा - 07744-223333, महासमुंद: श्री आर्यन होंडा - 9425204997, दल्लीराजहरा: श्री शुभ होंडा - 7587764225, 9406082344, बालोद (गंजपारा)- 9425564232, बलौदा बाजार: किरण होंडा - 7049518181, कवर्धा: प्रथा होंडा- 7400550099, बेमेतरा : श्री रामा होंडा - 7824222521, धमतरी: श्री श्याम होंडा- 07722-233255, जगदलपुर: वाहेगुरू होंडा - 8435090001, कोंडागांव: दंतेश्वरी होंडा- 8517909999, कांकेर : शिवनाथ होंडा - 8720008800, 7970005301
For Bulk / Institutional enquiries, please write us at : institutionalsales@honda2wheelersindia.com
Embassy




# इंडोनेशिया अपनी राजधानी को डूबने से बचाने के लिए बनाएगा विशाल समुद्री दीवार

एजेंसी ▶▶| जकार्ता

दुनिया के कई ऐसे शहर हैं, जो धीरे-धीरे डूब रहे हैं। इनमें वेनिस, रॉटरडैम, बैंकॉक से न्यूयॉर्क तक के नाम हैं लेकिन, इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता सबसे तेजी से डूब रही है।

इंडोनेशिया ने अपनी राजधानी को समुद्र में डूबने से बचाने के लिए एक विशाल दीवार बनाने का फैसला लिया है। यह दीवार 74 मील से ज्यादा लंबी होगी। इस दीवार के अगले 25 साल यानी 2050 तक तैयार हो जाने की उम्मीद है। इस परियोजना में 10 अरब अमेरिकी डॉलर से ज्यादा खर्च होने का अनुमान है।

### दीवार बनाना जरूरी है

इंडोनेशियाई सरकार की ओर से कहा गया है कि जमीन को धंसने से रोकने और समुद्र को बाढ़ से बचाने के लिए विशाल समुद्री दीवार जरूरी है। मिनिस्टर हरतार्तो ने कहा है कि यह देश में अब तक की सबसे महंगी परियोजनाओं में से एक होगी। इस परियोजना के तहत 2030 तक 74.5 मील लंबा तटीय और नदी तटबंध बनाया जाएगा। 2040 तक जकार्ता के पश्चिम और पूर्व में एक समुद्री दीवार बनाई जाएगी। आखिरी फेज में 2050 तक जलाशय के साथ समुद्री दीवार को बंद कर दिया जाएगा।



### हर साल 25 सेमी धंस रही जमीन

जकार्ता में भूजल के दोहन और शहरी विकास के कारण हर साल 25 सेमी जमीन धंस रही है। वहीं बढ़ता समुद्र स्तर इस समस्या को दोगुना कर रहा है। इंडोनेशिया दुनिया का सबसे बड़ा द्वीपसमूह है, जिसमें 17,000 से अधिक द्वीप हैं। जकार्ता भी जावा द्वीप पर बसा है। ऐसे में इन द्वीपों के भविष्य पर खतरा मंडरा रहा है। इस समस्या से निपटने के लिए इंडोनेशियाई सरकार ने एक विशाल समुद्री दीवार बनाने का प्रस्ताव पेश किया है।



### बाढ़ से हर साल हो रहा भारी नुकसान

हरतार्तो ने परियोजना की भारी लागत को चुनौती माना है, लेकिन इसे देश की जरूरत बताया है। उन्होंने कहा कि बाढ़ से हर साल भारी नुकसान हो रहा है। जकार्ता में जमीन के धंसने और समुद्र के स्तर में वृद्धि के साथ यह आंकड़ा ज्यादा बढ़ जाएगा। ऐसे में इससे निपटने के लिए दीवार बनाने का प्रोजेक्ट लाया गया है। हालांकि, कुछ एक्सपर्ट का ये भी कहना है कि सरकार जब तक भूजल दोहन को रोकने के लिए कदम नहीं उठाएगी, समस्या का समाधान नहीं होगा।

### नुसंतारा होगी नई राजधानी

इंडोनेशिया की सरकार अपनी राजधानी को जकार्ता से नुसंतारा स्थानांतरित करने पर भी विचार कर रही है। सरकार को लगता है कि जकार्ता जिस गति से डूब रह है, उससे वहां राजधानी का रखा जाना संभव नहीं है। ऐसे में नुसंतारा में नई राजधानी होगी। नुसंतारा में इमारतों का निर्माण भी काफी तेजी से चल रहा है।

## रोचक खबरें

### विश्व विख्यात : मध्यप्रदेश का यह मंदिर बना विदेशी पर्यटकों के लिए सबसे बड़ा आकर्षण

**भोपाल।** छतरपुर जिले के खजुराहो में स्थित कंदारिया महादेव मंदिर, जो विश्व विख्यात है। इस मंदिर की ऊंचाई और बनावट आज भी लोगों को सोचने पर मजबूर करती है। इस मंदिर को देखने के लिए सिर्फ भारत से ही नहीं विदेशों से भी लोग आते हैं। सालों से गाइड का काम रहे बृजेश मिश्रा बताते हैं कि कंदारिया महादेव मंदिर खजुराहो के सभी मंदिरों में सबसे विशाल और ऊंचा है। यह मंदिर लगभग 1025 से 1050 के मध्य चंदेल राजा विद्याधर ने बनवाया था। यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। बृजेश बताते हैं कि इसकी योजना विन्यास में मुखमण्डप, मण्डप, महामण्डप, अंतराल और गर्भगृह है। आकार, उत्कृष्ट मूर्तिकला और विस्तृत मूर्तिकला के कारण यह मंदिर अति विकसित शैली से युक्त मध्य भारत में अपनी तरह का शानदार मंदिर है। बृजेश बताते हैं कि यह खजुराहो का एकमात्र ऐसा मंदिर है, जिसमें दो तोरण प्रवेश द्वार हैं। गर्भगृह के सरदल पर चतुर्भुजी शिव का अंकन है तथा उनके दाएं ब्रम्हा और बाएं विष्णु हैं।यह शिवलिंग सफेद संगमरमर से बना है। मंदिर की दीवारों पर बहुत ही सुंदर नक्काशी की गई है। साथ ही दीवारों पर कामुक मूर्तियां भी बनाई गई हैं। इस मंदिर को सामने से देखने से ऐसा लगता है, कि जैसे हम किसी गुफा में प्रवेश कर रहे हैं। गुफा को कंदरा भी कहते हैं, इसलिए इसका नाम कंदरिया महादेव मंदिर पड़ा. जिसका मतलब कंदरा में रहने वाले शिव है।



### पुरातत्वीक : यह है डायनासोर का 6.5 करोड़ साल पुराना अंडा!

**भोपाल।** पुरातत्व की दृष्टि से मध्य प्रदेश खजाने से भरा रहा है, जहां करोड़ों साल पहले से डायनासोर के जीवाश्म मिले हैं। राजधानी भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में लगे वन मेला में 6.5 करोड़ साल पुराने डायनासोर के अंडों को इको टूरिज्म के स्टॉल में रखा गया है। इन अंडों को धार के फॉसिल्ड पार्क से यहां लाया गया है। वन मेला में घूमने के लिए आ रहे लोगों के लिए डायनासोर के अंडे आकर्षक का केन्द्र बने हुए हैं। इको टूरिज्म बोर्ड के स्टॉल में करोड़ों साल पुराने जीवाश्म प्रदर्शित किए हैं, जिनमें डायनासोर के दो अंड़े भी हैं। स्टॉल पर मौजूद धार फॉसिल्ड पार्क के पदाधिकारी ने बताया कि ये जीवाश्म हैं, जो धार से यहां पर लाए गए हैं। इन्हें प्रदेश के धार जिले में स्थित फॉसिल्स पार्क में इन्हें रखा गया है। वहीं, डीएफओ एलपी भारती ने बताया कि यहां डायनासोर के जीवाश्म के अलावा देशी जड़ी-बूटियों को रखा गया है। ये इको टूरिज्म के स्टॉल में हैं। टायटेनोसोर डायनासोर के एक अंडे का जीवाश्म मेले में प्रदर्शित किया गया है। इसके अलावा दो अंडे भी यहां पर स्थित हैं। जानकारी के मुताबिक, इसके 92 घोंसले थे जिनमें 250 अंडे थे। कहा जाता है कि पृथ्वी पर टायटेनोसोर डायनासोर का अस्तित्व 14.5 करोड़ से लेकर 6.6 करोड़ वर्ष पूर्व में रहा होगा। इन अंडे के आकार की बात करें तो यह 65 से 180 मिमी और अंडों के छिल्कों की मोटाई 0.8 से 2 मिमी है।



# खुलासा: अमेरिका ने खोल दी चीनी एच-20 बॉम्बर की पोल

**2030 तक इसका ख्वाब ही देख पाएंगे जिनपिंग**

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

अमेरिकी रक्षा मंत्रालय की वार्षिक रक्षा रिपोर्ट में चीन की सैन्य शक्ति को लेकर बड़ा खुलासा किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन का एच-20 स्टील्थ बॉम्बर 2030 के दशक तक आने की संभावना नहीं है। चाइना मिलिट्री पावर रिपोर्ट में कहा गया है, 'चीन लंबी दूरी के बॉम्बर की एक नई पीढ़ी विकसित कर रहा है, जिसका नाम संभवतः एच-20 होगा... जो अगले दशक में कभी भी आ सकता है।' अमेरिकी कांग्रेस की मंजूरी से प्रकाशित इस रिपोर्ट को हर साल जारी किया जाता है। इसे चीन की सैन्य प्रगति पर अमेरिकी रक्षा मंत्रालय की सबसे व्यापक क्लासिफाइड रिपोर्ट के रूप में देखा जाता है।

### एच-20 से चीन को मिलेगी बड़ी ताकत

एच-20 कार्यक्रम को पहली बार 2016 में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी द्वारा 'लंबी दूरी के बॉम्बर की नई पीढ़ी' के रूप में प्रकट किया गया था, जिसे अमेरिका के बी-2 स्पिरिट और बी-21 रेडर बॉम्बर के लिए बीजिंग के जवाब के रूप में देखा गया था। पेंटागन के अनुसार, एच-20 की रेंज '10,000 किमी (लगभग 6,214 मील) से अधिक' होगी, 'जिससे (पीएलए वायु सेना) दूसरे द्वीप श्रृंखला और प्रशांत के पश्चिमी क्षेत्र को कवर करने में सक्षम होगी।'



### पूरी दुनिया का चक्कर लगा सकता है एच-20

इसमें यह भी कहा गया है कि बमवर्षक में पारंपरिक और परमाणु दोनों तरह के हथियार इस्तेमाल किए जाने की उम्मीद है और इसमें 'एक गुप्त डिजाइन' होगा। हालांकि, पीएलए ने अत्यधिक गोपनीय बमवर्षक के बारे में बहुत कम जानकारी दी है, लेकिन पेंटागन के नवीनतम अनुमान में जेट की अनुमानित सीमा को 2021 की रिपोर्ट की तुलना में 1,500 किमी तक बढ़ा दिया गया है।

### परमाणु बम दाग सकता है एच-20

सरकारी स्वामित्व वाले प्रसारक सीसीटीवी ने भी कई कार्यक्रमों में एच-20 का टीज़र जारी किया है, लेकिन कोई विशिष्ट डेटा नहीं दिखाया है। परमाणु वारहेड दागने में सक्षम एक रणनीतिक बमवर्षक को तथाकथित न्यूक्लियर ट्रॉयड की एक विशेषता के रूप में देखा जाता है, जो भूमि-आधारित अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों और बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बियों के साथ-साथ पूर्ण निवारक क्षमता प्रदान करता है।

### एच-20 पर चीन ने क्या कहा

इसमें कहा गया है कि हवाई ईंधन भरने से इसकी सीमा 'पूरी दुनिया को कवर' करने के लिए बढ़ सकती है। एच-20 पर चीन की सबसे हालिया आधिकारिक टिप्पणियों में से एक मार्च में आई थी, जब पीएलए वायु सेना के डिप्टी कमांडर वांग वेई ने कहा था कि बमवर्षक के बारे में औपचारिक घोषणा जल्द ही की जाएगी। 'कोई तकनीकी कठिनाई नहीं है। वांग ने बीजिंग में आयोजित चीन की वार्षिक विधायी और सलाहकार बैठकों के दो सत्रों के दौरान एक रिपोर्टर के जवाब में कहा, हमारे शोधकर्ता अच्छा काम कर रहे हैं और बहुत सक्षम हैं।'

# बंगाल में पाया गया रहस्यमय पौधा, क्या यह सच में इंसानों को भी खा सकता है?



संड्यूज बग। पश्चिम बंगाल के मिदिनीपुर में एक कीट खाने वाला पौधा काफी समय से पाया जाता है, जिसका नाम है संड्यूज बैंकुरा। इसे मांसाहारी सोचकर घबराने की जरूरत नहीं है। बता दें कि अमेजन जंगल का मांसाहारी पौधा बैंकुरा, बंगाल में पाया गया है और इस मुद्दे ने अब आम लोगों के बीच एक गर्मा-गर्म बहस छेड़ दी है। इसने सभी के बीच काफी चिंता पैदा कर दी है। हालांकि, इस पौधे की तस्वीर में यह बहुत बड़ा नजर आ रहा है, असल में यह इतना बड़ा नहीं है। यह पौधा थोड़ा छोटा और लाल-नारंगी रंग का होता है, जिसे मांसाहारी कहना गलत होगा।

### संड्यूज पौधे की विशेषता

असल में, इस विशेष पौधे की प्रजाति मुख्य रूप से छोटे कीटों को खाती है। यह अपनी शरीर पर एक विशेष ओस जैसे रस के जरिए कीटों को आकर्षित करता है और उन कीटों से रस सोखकर अपनी ज़िंदगी चलाता है। इसी प्रकार की एक विशेष प्रजाति है संड्यूज या सूर्या शिशिर। यह पौधा अफ्रीकी प्रजाति का है और यह सिर्फ बैंकुरा में ही नहीं, बल्कि पश्चिम मिदनापुर जिले के कई वन क्षेत्रों में भी लंबे समय से पाया जाता है। बता दें कि यह मांसाहारी नहीं है और आम लोगों या अन्य वन्य जीवों को कोई नुकसान नहीं पहुंचाता।

### सोशल मीडिया पर संड्यूज पौधे का डर

बता दें कि आजकल के सोशल मीडिया के दौर में, बैंकुरा में संड्यूज या सूर्या शिशिर के अस्तित्व को लेकर बहुत चिंता फैल गई है। कुछ लोग इसे मांसाहारी समझकर इस पौधे को नष्ट कर रहे हैं। हालांकि, यह पौधा पश्चिम मिदनापुर के कई जंगलों में, जैसे गुर्गुरीपाल, चंद्रा, लालगढ़ में पहले से ही पाया जाता रहा है।

**गांव वालों का नजरिया :** गांव वाले इस पौधे को काफी समय से देख रहे हैं, लेकिन उन्हें इसका कोई डर नहीं है। हालांकि, यह पौधा बंगाल और भारत में लगभग लुप्त हो चुका है। यह मनुष्यों या बड़े जानवरों को कोई नुकसान नहीं पहुंचाता। भले ही यह कीटों को भोजन के रूप में खाता हो, लेकिन इसे मांसाहारी पौधा कहना गलत होगा।

**वन विभाग की पहल :** फिर भी, वन विभाग ऐसे लुप्त होते पौधों को बचाने के लिए पहल कर रहा है। लोग डर या घबराहट के कारण इन पौधों को नष्ट कर सकते हैं। इसलिए, मिदनापुर वन विभाग इस पौधे को जहां-जहां पाया जाता है, वहां के स्थानों की पहचान करने और उन्हें बचाने की योजना बना रहा है।

# जहरीला और महंगा होने के बावजूद मार्केट में है गजब की डिमांड

एजेंसी ▶▶| भोपाल

दुनिया में कई तरह के अलग-अलग जीव हैं। साथ ही अलग-अलग प्रजातियां भी पाई जाती हैं। अपनी खूबी और विशेषताओं के चलते उनकी कीमत भी होती है। इनमें से एक स्टैग बीटल नाम का एक कीड़ा की कीमत इतना ज्यादा है कि यदि आप इसे बेचे तो एक बीएमडब्लयू गाड़ी और करीब 15 आईफोन बड़ी आसानी से खरीदे जा सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मुताबिक, इसकी कीमत 65 लाख रुपये के आसपास बताई जा रही है। ऐसे ही मार्केट में एक अलग तरह का मेंढक है, जिसकी बहुत ज्यादा डिमांड है। इस मेंढक की कीमत 2 लाख रुपये रखी गई है। खास बात यह है कि इस तरह के मेंढक बेहद जहरीले किस्म के होते हैं। इसके जहर से 10 लोगों की

### कीमत बीएमडब्ल्यू गाड़ी से भी ज्यादा

मौत हो सकती हैं। लेकिन इसके बावजूद इसकी डिमांड बनी रहती है। दुर्लभ होने की वजह से कई देशों ने इनके आयात और निर्यात पर रोक लगा दी है। इनमें हरे, काले, कोका और सुनहरे रंग के मेंढक यूनिक होते हैं। वहीं, कोलंबिया के ओफगा मेंढक काफी डिमांड रहते हैं।



### क्या नाम है इस मेढक का?

बताया जाता है कि इस मेढक को पॉइजन डार्ट कहते हैं। यह मेंढक धरती पर पाए जाने वाले जीवों में सबसे ज्यादा जहरीला है। यह अपने चमकीले रंग के लिए भी काफी प्रसिद्ध है। इस वजह से यह डिमांड में रहता है। इसके शरीर पर पीले और काले रंग की धारियां पाई जाती हैं। आमतौर पर एक मेढक का रंग हरा होने के साथ चमकदार नारंगी धब्बे होते हैं। दुनिया में मेढकों की विविधता के लिहाज से यह दूसरे स्थान पर आता है।

### कई देशों की ट्रेंडिंग में लगी रोक

पॉइजन डॉर्ट मेंढक का रंग अन्य मेंढकों से अलग होने के वजह से यूरोप और अमेरिका में कई परिवार अपने परिवार में पालना पसंद करते हैं। मॉर्केट में यह काफी ज्याद डिमांड में रहते हैं। इस वजह से इनकी इंटरनेशनल मॉर्केट में तस्करी की जाती है। इन मेंढकों को कोलंबिया में पाया जाता है। यहीं से इनकी तस्करी की जाती है।

# दुनिया का सबसे बड़ा फ्रॉड, छोटे-बड़े सब लुट गए, हुई 150 साल की जेल

**नई दिल्ली।** दुनिया में बहुत से वित्तीय घोटाले हुए हैं। अभी हो भी रहे हैं। इन घोटालों में से कुछ फ्रॉड ने सरकारों तक को हिलाकर रख दिया। लेकिन, क्या आपको पता है कि आज तक सबसे बड़ा फाइनेंशियल फ्रॉड कब, कहां और कैसे हुआ? किसने किया? अगर नहीं तो, आज जान लें. ये घोटाला हुआ था दुनिया के सबसे ताकतवर देश अमेरिका में। 'बर्नार्ड मैडॉफ' नामक इस घोटाले में हजारों नहीं लाखों करोड़ रुपए हड़प लिए गए। जी हां, करीब 5,39,500 करोड़ रुपए (65 बिलियन डॉलर)। जब साल 2008 में इस फ्रॉड का पर्दाफाश हुआ तो अमेरिका में भूचाल आ गया। घोटाले को अंजाम देने वाले बर्नार्ड मैडॉफ को 150 साल की सजा हुई। मैडॉफ ने बड़ी चालाकी से करीब 20 साल तक ट्रेडिंग की 'स्प्लिट-स्ट्राइक कन्वर्जन'तकनीक के नाम पर एक पोंजी स्कीम चलाई। आम आदमी ही नहीं, बड़े-बड़े निवेशकों और बाजार विशेषज्ञों ने भी मैडॉफ के हवाले अपना पैसा कर दिया। वित्तीय इतिहास में बर्नार्ड मैडॉफ का नाम एक ऐसा अध्याय है, जो लालच और धोखाधड़ी की पराकाष्ठा को दर्शाता हैं। यह घोटाला सिर्फ एक वित्तीय अपराध नहीं था, यह एक सबक है कि कैसे लालच और धोखाधड़ी किसी भी सफलता को तबाह कर सकते हैं।

### 150 साल कैद, 170 बिलियन डॉलर भुगतान का आदेश

मार्च 2009 में मैडॉफ को 11 संघीय अपराधों के लिए दोषी ठहराया। उन्हें 150 साल की जेल की सजा सुनाई गई। करीब $170 बिलियन की पुनर्भुगतान का आदेश दिया गया, जो उनकी संपत्ति से बहुत अधिक था। उनके भाई पीटर मैडॉफ को भी 10 साल की जेल हुई। मैडॉफ के जेल जाने के दो साल बाद उनके बेटे मार्क मैडॉफ ने आत्महत्या कर ली। दूसरे बेटे एंड्रयू मैडॉफ की 2014 में कैंसर से मृत्यु हो गई।



### बर्नी मैडॉफः सफलता का झूठा चेहरा

'बर्नार्ड मैडॉफ स्कैंडल' को अंजाम दिया था बर्नार्ड लॉरेंस 'बर्नी' मैडॉफ ने। 1990 के दशक में नैस्डैक स्टॉक एक्सचेंज के अध्यक्ष रहे मैडॉफ को अमेरिका के सबसे सम्मानित वित्तीय विशेषज्ञों में गिना जाता था। उन्होंने 1960 में बर्नार्ड एल. मैडॉफ इन्वेस्टमेंट सिक्योरिटीज एलएलसी की स्थापना की. मैडॉफ इलेक्ट्रॉनिक ट्रेडिंग में महारत रखते थे। अपनी इसी गुण के चलते 1980 के दशक के अंत में, मैडॉफ प्रति वर्ष लगभग 100 मिलियन डॉलर कमाने लगे. उनकी कंपनी ने धन प्रबंधन और ट्रेडिंग में क्रांति लाने का दावा किया। उनके इस दावे पर साल 2008 तक लोग विश्वास भी करते रहे, क्योंकि किसी को पता नहीं था कि उनकी फेमस इनवेस्टमेंट स्ट्रेटजी केवल एक पोंजी स्कीम थी, और कुछ नहीं।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रम्हवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com